जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 99

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




महाकुंभ समापन पर पीएम मोदी ने ब्लॉग लिखा-कोई कमी रही हो तो माफ करना, इतना बड़ा आयोजन आसान नहीं था

## 'एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट'

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ के समापन पर पीएम मोदी ने ब्लॉग लिखा है। इसका शीर्षक है- 'एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट।' उन्होंने लिखा- एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता, जैसा हमने महाकुंभ में देखा। इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रार्थना करता हूं कि अगर हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा। श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो जनता का क्षमाप्रार्थी हूं। पीएम ने सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि योगीजी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को अगर हमने जाना होता और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती, लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए।

### 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक पर्व से जुड़ी

**22 जनवरी,** 2024 को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे। हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वह प्रेरणा देता है।

### हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था-संगम में स्नान

**बीते** 45 दिन, प्रतिदिन मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। महाकुंभ का यह आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के बड़े आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है। ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

### दुनिया हैरान कि कैसे नदी तट पर करोड़ों लोग जुटे

**पूरी** दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

### मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता

**स्नान** के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वे चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांगजन हों... जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये सिद्ध होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है। इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है। इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।

### जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वे भी इस आयोजन से जुड़े

**इस** महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वे भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं। ये एकता का महाकुंभ हमें इस बात की प्रेरणा देकर गया है कि हम अपनी नदियों को निरंतर स्वच्छ रखें, इस अभियान को निरंतर मजबूत करते रहें। उप्र का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगीजी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था।

### कल्पना से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

**मोदी** ने कहा कि प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था, लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।

### हर जाति-संप्रदाय के लोग महाकुंभ में एक हुए

**जिस** तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हों, देश से आया हो या विदेश से आया हो... गांव का हो या शहर का हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है।

### देश सेवा में ही देव सेवा

**वेद** से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें। हम एकता के महामंत्र को जीवन मंत्र बनाएं, देश सेवा में ही देव सेवा, जीव सेवा में ही शिव सेवा के भाव से स्वयं को समर्पित करें। जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मांगी माफी, बहाल हुए कांग्रेस विधायक

# सात दिन बाद खत्म हुआ गतिरोध

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल के बाद प्रदेश की विधानसभा में चला आ रहा गतिरोध आखिर सात दिन बाद गुरुवार शाम खत्म हो गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा पूरे प्रकरण और कांग्रेस विधायक गोविंद सिंह डोटासरा की टिप्पणियों के लिए सदन में माफी मांगी। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा की टिप्पणी आसन की गरिमा के अनुकूल नहीं थी। उसके लिए मैं माफी चाहता हूं, उसमें मुझे कोई संकोच नहीं है। इसके साथ ही निलंबित कांग्रेस विधायकों की बहाली भी हो गई। पिछले शुक्रवार से शुरू हुए इस गतिरोध को तोड़ने के लिए गुरुवार को दिनभर प्रयास चले और आखिर शाम को मुख्यमंत्री की पहल के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई। वार्ता को देखते हुए बजट भाषण पर सरकार की ओर से दिए जाने वाले जवाब का समय भी बढ़ाया गया और शाम करीब साढ़े पांच बजे कांग्रेस के सदस्य सदन में आए और गतिरोध समाप्त हो गया।



### किसने क्या कहा

### हम यहां अपने अहम के लिए नहीं आठ करोड़ जनता के लिए हैं : भजनलाल

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम यहां अपने लिए नहीं हैं, अपने अहम के लिए भी नहीं हैं। हम यहां प्रदेश की आठ करोड़ जनता के लिए हैं। उनकी आशा और उम्मीदें हमें पूरी करनी हैं। जनप्रतिनिधि के प्रति जनता में जो भाव है, उसे ध्यान में रखना होगा। हमारे किसी सदस्य के मुंह से गलत बात निकलती है तो उसको भी रात को नींद नहीं आएगी, उसे पश्चाताप होता है। हमें सोच-विचार कर बात रखनी चाहिए। सदन में सबसे बड़ा नियम संयम ही है। संयम से बोलेंगे तो सब सही होगा। सदन चलाना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। मैं कहता हूं 200 विधायकों की जिम्मेदारी है। मैं स्पीकर साहब से आग्रह करता हूं कि मंत्री ने जो टिप्पणी की है, उसको भी सदन की कार्यवाही से निकालें। विपक्ष हमारी ताकत है। सदन का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। दो-तीन दिन से सदन में बड़ा व्यवधान था। कई लोगों ने कहा कि सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाए, मैंने कहा नहीं, सदन स्थगित नहीं होना चाहिए। सदन राजस्थान की जनता का आश्रय है, जहां जनता सोचती है कि हमारे बारे में विचार होता है। कई बार हम भावेश में आकर टिप्पणी करते हैं, कई लोग सहन करने वाले होते हैं, कई लोगों को सहन नहीं होता। कोई व्यक्ति बड़ा होता है तो बड़े के हिसाब से व्यवहार और आचरण भी बदलना पड़ता है। उसे देखना भी होता है। जिस वृक्ष पर फल लगते हैं वही झुकता है। सदन चलाना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। विपक्ष का हमारा कोई विधायक अगर अच्छा बोलता है तो मैं उसे फोन करके बधाई देता हूं। मैंने नेता प्रतिपक्ष को भी फोन किया था कि आप अच्छे बोले। हमें गलत को गलत भी कहना सीखना होगा।

### मुख्यमंत्री की पहल पर टूटा गतिरोध

**सात** दिन से चल रहा गतिरोध आखिर सदन के नेता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर खत्म हुआ। विधानसभा में उनके चैंबर में नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। सदन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया और कहा कि सदन के नेता को धन्यवाद कि उन्होंने पहल करते हुए गतिरोध खत्म कराया। वार्ता के बाद दोनों पक्ष स्पीकर से मिले और जो समझौता हुआ, उसके बारे में उन्हें बताया गया और उनकी सहमति के बाद गतिरोध खत्म हो गया।

### नेता प्रतिपक्ष सदस्य को अनुशासित रखें : देवनानी

**विधानसभा** में हुई घटना चिंतनीय है। मैंने अपने संसदीय जीवन में ऐसे शब्द कभी नहीं सुने। मैं सीएम और विपक्ष के नेताओं से गतिरोध को लेकर संपर्क में था। मैंने कहा था कि दोनों पक्ष सहमति बनाकर ले आएं तो मुझे सहयोग करने में दिक्कत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक रूप से आप आलोचना करो और अंदर आकर आप हाथ जोड़ो, यह नहीं चलेगा। जिस दिन यह घटना हुई और मंत्रीजी ने जो कहा उसके बारे में मैंने कहा था कि मैं देख कर कार्यवाही से निकाल दूंगा, लेकिन उन्होंने धैर्य नहीं रखा और मुझे निर्णय करने का समय भी नहीं मिला। चाहे किसी भी पक्ष का हो, अध्यक्ष पर विश्वास करना चाहिए और समय देना चाहिए। प्रतिपक्ष के नेता ने जिस सदस्य के शब्दों के लिए खेद जताया है, उन्हें भी आचरण में सुधार के लिए कहेंगे। भविष्य में उनके आचरण और अनुशासन को सुनिश्चित करेंगे। यह टिप्पणियां माफी के योग्य तो नहीं हैं, लेकिन आप पर विश्वास करते हुए कहता हूं कि भविष्य में ऐसा नहीं हो, ताकि सदन चले। सीमा नहीं लांघनी चाहिए। मैं भी चाहता था कि गतिरोध खत्म हो। अध्यक्ष पर भरोसा कीजिए। आसन कहने से सर्वोपरि नहीं बनता, बल्कि व्यवहार और एक्शन से यह दिखना चाहिए। दोनों पक्ष अपने नेताओं के नियंत्रण में रहें। इतना आग्रह जरूर करूंगा। वह कठोरता बरतने का अवसर दोबारा ना आए यह सभी ध्यान रखें। आप सभी ने निर्विरोध चुना था और उसमें मैंने कोई कमी नहीं रखी है।

### सदन के नेता को धन्यवाद : जूली

**पूर्व** पीएम इंदिरा गांधी पर मंत्री ने जो टिप्पणी की थी, उसके बाद विवाद बढ़ा। सदन के नेता सीएम का धन्यवाद, जिन्होंने गतिरोध खत्म करने के लिए वार्ता की और हमें बुलाया। पक्ष-विपक्ष के बिना सदन अधूरा है। बिखरे-बिखरे ना तुम अच्छे लगते हो ना हम। हम अच्छी परंपराएं बनाने के लिए आते हैं। आसन सर्वोपरि है और हमने आसन को सर्वोपरि रखा है। ऐसा गतिरोध नहीं होना चाहिए था। जिम्मेदारी दोनों की है। सहयोग एक-दूसरे का चाहिए। गतिरोध ना आए, इसके लिए प्रयास हम भी करेंगे और सत्ता पक्ष भी करे। सदन के नेता आगे भी इसी तरह पहल करें। जो घटना हुई वह सही नहीं थी, उसके लिए खेद है।

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने उठाया मुद्दा

## विधानसभा में गूंजा विजयनगर रेप कांड

**जयपुर।** विधानसभा में गुरुवार को विजयनगर लव जिहाद रेप कांड की गूंज रही। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने व्यवस्था के प्रश्न के तहत सदन में मजबूती से इस विषय को रखा। विधायक शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह लव जिहाद का सोचा-समझा षड्यंत्र है। लव जिहाद, रेप, ब्लैकमेलिंग के बाद धर्मांतरण के लिए मजबूर करने की घटनाएं असहनीय हैं।



सिविल लाइंस विधायक शर्मा ने विधानसभा में विजयनगर लव जिहाद कांड का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेताओं के शामिल होने का आरोप भी लगाया। उन्होंने 33 वर्ष पुराने अजमेर अश्लील कांड की भयावहता भी याद दिलाई। शर्मा ने कहा कि ऐसी साजिशों से ही देश का बंटवारा हुआ, हम मिनी पाकिस्तान नहीं बनने देंगे। विधायक शर्मा ने कहा कि ब्यावर जिले के विजयनगर में नाबालिग छात्राओं से दुष्कर्म और धर्मांतरण के लिए मजबूर और ब्लैकमेल करने की सिलसिलेवार घटनाओं ने प्रदेश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। पूरे राजस्थान में इस जघन्य घटनाक्रम के खिलाफ प्रदर्शन और बंद आयोजित हो रहे हैं और विजयनगर सुलग रहा है। अजमेर अश्लील कांड की याद दिलाने वाले इस लव जिहादी घटनाक्रम पर लोग विधानसभा की ओर देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार की सजगता और पुलिस की सक्रियता से कई आरोपी गिरफ्तार हुए और इनका कथित सरगना भी पकड़ा गया, लेकिन स्थानीय जनता पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। इस संगठित लव जिहाद गिरोह को अभियान चलाकर ध्वस्त किए जाने की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री दीयाकुमारी का बजट भाषण पर जवाब

## कर्जा तो कांग्रेस ने किया हम तो उसे उतार रहे हैं : दीयाकुमारी

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** वित्त मंत्री दीयाकुमारी ने बजट भाषण पर विधानसभा में विपक्ष को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो हमारी सरकार पर कर्जा लेने और प्रदेश के हर व्यक्ति पर लाखों रुपए का कर्ज लादने का सवाल किया, तो मैं जवाब देना चाहती हूं कि यह कर्ज तो पिछली कांग्रेस सरकार ने लिया था। हम तो उसे उतार रहे हैं। आप पूरा बजट पढ़ लेते तो समझ जाते कि इसमें हमारी सरकार की कमी निकालना विपक्ष की ओर से संभव ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो कविता पढ़ी वह लगता है कि पिछली सरकार के कार्यकाल की कहानी कह करे हों। दीयाकुमार ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पंचायतों का फंड रीलिज नहीं किया, वहीं हमने तो पहले आपके समय का फंड जारी किया, बाद में हमारे कार्यकाल का जारी कर रहे हैं। आंकड़ों के जरिए देख लीजिए हमारा एक साल आपके पांच साल पर भारी है। अब जो एमओयू हुए थे, वे धरातल पर उतर रहे हैं तो विपक्ष को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस राज में कागजी घोषणाएं होती थीं। इस दौरान दीयाकुमारी ने यह भी कहा कि सिर्फ गलत करना ही गलत नहीं, गलत का साथ देना और चुप रहना भी गलत है। अपनी गलती छुपाना गलत है।

उन्होंने कहा कि एसेट मोनेटाइजेशन का मतलब सरकारी संपत्ति बेचना नहीं होता, उसका सही तरीके से फाइनेंशियल उपयोग करना है। लैंड पुलिंग और एसेट मोनेटाइजेशन से हमें 4700 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसका मतलब जमीन बेचना नहीं होता है, एसेट का सही तरीके से इस्तेमाल होता है। हमने राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट की सीमा में ही रखा है। हमने मेडिकल सेक्टर में दूसरे राज्यों से ज्यादा खर्च रखा है। हमने 2025-26 में मेडिकल सेक्टर के लिए 8 फीसदी से ज्यादा का बजट रखा है। हमारी सरकार शिक्षा पर 38000 करोड़ से ज्यादा का खर्च करेगी।

-वित्त मंत्री की घोषणाएं पृष्ठ 3 पर

## रीट ने जाम किया जयपुर

**जयपुर (मसं.)।** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा के दौरान राजधानी में दिनभर अभ्यर्थियों और आमजन को परेशान होते देखा गया। रीट परीक्षा के दोनों लेवल की परीक्षा एक ही दिन होने से अभ्यर्थियों की आवाजाही गुरुवार को ज्यादा रही। दूसरे दिन 28 फरवरी को केवल एक लेवल की ही परीक्षा होगी। इस दौरान रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर भीड़ की गहमागहमी रही। आमजन को और महिलाओं का सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदेश के सलूम्बर में अभ्यर्थियों की सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज की गई। यहां 97.26 प्रतिशत परीक्षार्थी केंद्रों पर मौजूद रहे। इसके साथ ही अलवर और उदयपुर में भी केंद्रों पर अभ्यर्थी उपस्थित रहे। राजधानी जयपुर में 70.88 उपस्थिति रहे।



देरी से आए अभ्यर्थी को नहीं दी एंट्री।

-संबंधित खबर पेज 3 पर



**विधानसभा प्रश्नकाल : सदन में सदस्यों ने किए अपने-अपने क्षेत्र में विकास से जुड़े प्रश्न**

# पुरातात्विक इमारतों का किया जाएगा संरक्षण : दीयाकुमारी

विधानसभा संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों ने प्रश्न कर सरकार से कार्रवाई की मांग की।

प्रश्नकाल के दौरान कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व मंत्री दीयाकुमारी ने सदन को जानकारी दी कि सरकार पुरातात्विक महत्व के देवालयों, प्राचीन मंदिरों और स्मारकों के संरक्षण के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर में देवालयों और प्राचीन मंदिरों में मरम्मत और जीर्णोद्धार के सभी कार्य करवाए जाएंगे। प्रश्नकाल के दौरान छोटू सिंह भाटी ने जैसलमेर में पुरास्मारकों की जीर्ण-शीर्ण दशा पर प्रश्न किया था। इसके साथ ही जैसलमेर स्थित नभडूंगरी, शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भी मांग की गई थी।

### 'सभी रिपोर्ट आने पर बहरोड़ में खुल सकेगा जिला एवं सत्र न्यायालय'

बहरोड़ में डॉ. जसवंत सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना की मांग उठाई। राज्य सरकार की ओर से विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि सरकार इस ओर गंभीरता से विचार कर रही है। मंत्री ने बताया कि बहरोड़ सत्र न्यायालय खोलने के लिए निर्धारित मानदंड पूरे करता है। इसके साथ ही यहां मुकदमों की पर्याप्त संख्या भी है। जमीन और भवन भी यहां उपलब्ध हैं, ऐसे में यहां जिला एवं सत्र न्यायालय खोला जा सकता है। विधि मंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय की समिति को प्रस्ताव भेजकर समिति की स्वीकृति के बाद वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर निर्णय किया जाएगा।

### 'छबड़ा में वनभूमि से हटेंगे कब्जेधारी'

प्रश्नकाल के दौरान ही वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि वन भूमि में अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आश्वासन दिया कि वन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाकर भूमि को सुरक्षित किया जा रहा है। छबड़ा से आने वाले सदस्य प्रतापसिंह सिंघवी ने जानना चाहा कि छबड़ा के अल्लापुरा गांव में वन विभाग की भूमि पर अनधिकृत कब्जे पर सरकार क्या एक्शन ले रही है। मंत्री ने जवाब दिया कि अल्लापुरा और सटे गांव में 9 प्रकरणों में नोटिस देकर और पैनल्टी लगाकर सभी कब्जाधारियों को जल्द ही बेदखल किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि इन गांवों के कब्जाधारियों को हटाने के लिए एलआरए 91 के प्रकरण बनाकर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। निर्णय के बाद तुरंत कार्रवाई कर इन्हें वहां से हटाया जाएगा।

### 'ई-कॉमर्स के उपभोक्ताओं के हितों की करेंगे रक्षा'

प्रश्नकाल के दौरान ही भाजपा सदस्य दीप्ति किरण माहेश्वरी ने प्रश्न किया कि ई-कॉमर्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को भ्रामक विज्ञापन दिखाकर दोषपूर्ण उत्पाद पेश किए जाते हैं, इस पर कोई कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण कर रही है। मंत्री ने बताया कि उपभोक्ता हेल्पलाइन के माध्यम से पिछले साल जनवरी 24 से दिसंबर तक कुल 704 शिकायतें आई थीं। इनमें से कुल 524 को निस्तारित कर दिया है। इसके अलावा जागो ग्राहक जागो के माध्यम से भी उपभोक्ताओं में जागरूकता फैलाई जा रही है।

### 'आरजीएचएस का किसी प्रकार से नहीं होगा दुरुपयोग'

भाजपा सदस्य चंद्रभान सिंह चौहान ने राज्य कर्मचारियों के लिए चलाई जा रही आरजीएचएस पद्धति में लाइव फोटो बायोमेट्रिक एंट्री की जानकारी चाही। इस पर स्वास्थ्य मंत्री की ओर से बताया गया कि यह सही है कि कर्मचारी की बायोमेट्रिक एंट्री को इस वर्ष से अनिवार्य किया गया है। इस प्रकार आरजीएचएस का किसी प्रकार से दुरुपयोग नहीं होगा। साथ ही सही लोगों को समय पर इलाज मिल सकेगा। मंत्री की ओर से बताया गया कि 75 वर्ष या बेड पर आए मरीज को इस लाइव फोटो एंट्री से छूट दी गई है।

### 'बूंदी रामगढ़ अभयारण्य से हटेंगे जूली फ्लोरा के पेड़'

बूंदी से आने वाले सदस्य हरिमोहन शर्मा ने बूंदी के रामगढ़ अभयारण्य के विकास से जुड़ा प्रश्न किया। वन मंत्री संजय शर्मा की ओर बताया गया कि दो मादा शावकों सहित वन क्षेत्र में अभी पांच टाइगर्स हैं। पिछले साल आरवीटी 4 की मृत्यु आपसी संघर्ष के दौरान हुई थी। हालांकि अभी इसकी और जांच करवाई जा रही है। हरिमोहन शर्मा ने बताया कि अभयारण्य से जूली फ्लोरा के पेड़ हटाए जा रहे हैं।

---

**श्रद्धालुओं को राहत : जयपुर-शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी और मदार अजमेर से होगा संचालन**

## खाटूश्यामजी मेले में जाने के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा खाटूश्यामजी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर-शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी (जयपुर) और मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।




उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया गाड़ी संख्या 09725 जयपुर-शकूरबस्ती मेला स्पेशल ट्रेन 1 से 15 मार्च तक जयपुर से सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 2:30 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09726 शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी (जयपुर) मेला स्पेशल 1 से 15 मार्च तक शकूरबस्ती से अपराह्न 3:50 बजे रवाना होकर रात 10:50 बजे ढेहर का बालाजी (जयपुर) पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में ढेहर का बालाजी, नींदड़, बैनाड़, चौमूं, सामोद, गोविंदगढ़, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मावंडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, झज्जर, अस्थल बोहर व बहादुरगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 09727 मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र मेला स्पेशल 5 से 12 मार्च तक मदार से सुबह 9:20 बजे रवाना होकर शाम 7:40 बजे कुरूक्षेत्र पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09728 कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल 5 से 12 मार्च तक कुरूक्षेत्र से रात 9:25 बजे रवाना होकर दूसरे दिन सुबह 8 बजे मदार पहुंचेगी। यह ट्रेन किशनगढ़, नरैना, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना व कैथल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

---

**उत्तर पश्चिम रेलवे : 69वां विशिष्ट रेलसेवा पुरस्कार समारोह हुआ आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 61 रेलकर्मी सम्मानित**

## अजमेर मंडल बना टॉपर, जयपुर मंडल को मिलीं 4 शील्ड

महानगर संवाददाता






**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा गुरुवार को जगतपुरा स्थित उत्सव भवन, रेलवे अधिकारी क्लब में 69वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान सबसे अधिक शील्ड लेकर अजमेर मंडल टॉप पर रहा, वहीं जयपुर मंडल ने भी 4 शील्ड हासिल करके अपनी उत्कृष्टता को कायम रखा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों व यूनिटों को अलग-अलग कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 31 शील्ड प्रदान की। समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले 61 रेलकर्मियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में अजमेर मंडल को 12, जोधपुर मंडल को 9, बीकानेर मंडल को 8 और जयपुर मंडल को 4 शील्ड प्रदान की गईं। इसमें 6 शील्ड संयुक्त रूप से 6-6 माह के लिए प्रदान की गईं। इस वर्ष अजमेर मंडल को महाप्रबंधक की संपूर्ण कार्यकुशलता शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा जोधपुर मंडल को रनर अप शील्ड प्रदान की गई। समारोह में अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी, उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष डॉ. अंजु, मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जयपुर मंडल को इन कार्यों के लिए मिलीं शील्ड

जयपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि जयपुर मंडल को डिजिटल भुगतान उत्साह शील्ड-वाणिज्य विभाग, सर्वश्रेष्ठ गति शक्ति यूनिट शील्ड-निर्माण विभाग, सर्वश्रेष्ठ कार्यकुशल ऑफिस शील्ड-कार्मिक विभाग और राजभाषा संयुक्त शील्ड प्रदान की गई। इस मौके पर जयपुर के मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार भी मौजूद रहे।

### जयपुर मंडल में ये अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

समारोह में जयपुर मंडल के 2 अधिकारियों व 6 कर्मचारियों को उल्लेखनीय रेल सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। इनमें निखिल कुमार गर्ग (वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक जयपुर), आदित्य सिंह पाल (मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता जयपुर), श्रवण कुमार यादव (वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स-फुलेरा), गुल्ली देवी-(सामान्य सहायक (बहू कौशल) अलवर), सुरेंद्र कुमार सैनी (तकनीशियन-प्रथम यांत्रिक आरओएच डिपो फुलेरा), धीरज जैमन (मुख्य गाड़ी नियंत्रक-जयपुर), प्रमोद कुमार (कांस्टेबल- बांदीकुई) और नरेश यादव निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल जयपुर को महाप्रबंधक स्तर पर सम्मानित किया गया।

---

**शेखावाटी विश्वविद्यालय और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि के बीच हुआ एमओयू**

## शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा : राय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर और हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) जयपुर के बीच शोध और शैक्षणिक आदान-प्रदान को लेकर एमओयू (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग) हुआ। शेखावाटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि इस समझौते के तहत शेखावाटी विश्वविद्यालय और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि, शिक्षा, शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करेंगे। प्रो. राय ने कहा कि यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। एमओयू से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

एमओयू पर शेखावाटी विवि की रजिस्ट्रार श्वेता यादव और हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भंवरलाल मेहरणा ने हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि यह समझौता हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधी राजीव की सहमति और सुझावों से तीन वर्ष के लिए किया गया है। प्रोफेसर राय ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे और सामाजिक विकास के लिए संयुक्त पहल करेंगे। इसका लाभ दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मिलेगा।

### एमओयू में इन्हें किया शामिल

फैकल्टी के साथ ही स्टूडेंट एक्सचेंज, संयुक्त सेमिनार और वर्कशॉप, अल्पकालीन शैक्षणिक कार्यक्रम, टैक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे मुख्य आयामों को भी इस एमओयू में शामिल किया गया है। उच्च शिक्षा और नई शिक्षा नीति के क्षेत्र में नए अवसरों और सहयोग के लिए रणनीतियों को शामिल किया गया। शेखावाटी विवि के डिप्टी रजिस्ट्रार (एकेडेमिक) डॉ. रवींद्र कुमार कटेवा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार (परीक्षा) डॉ. संजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरिंदम बासु, डिप्टी डायरेक्टर आईटी पंकज मील समेत सभी कर्मचारियों ने इस एमओयू पर खुशी जताई है।

---

**जेडीए सचिव ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

## विधानसभा से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर त्वरित रूप से भिजवाएं अधिकारी : जैन

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** जेडीए सचिव निशांत जैन ने कहा कि विभागीय अधिकारी विधानसभा से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर त्वरित रूप से भिजवाएं। सचिव ने गुरुवार को जेडीए के मंथन सभागार में जेडीए के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक में विभिन्न दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा सभी अतिरिक्त आयुक्तों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र के जोन कार्यालयों में पदस्थापित अधिकारियों, कार्मिकों की ई-फाइल पर अंकित टिप्पणी की रैंडम जांच, निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार राइजिंग राजस्थान के तहत जेडीए द्वारा विभिन्न विकासकर्ताओं से किए गए एमओयू की प्रगति पर निर्देश दिए गए कि संबंधित जोन उपायुक्त संबंधित प्रकरणों में पूर्व में प्रदत्त आदेशों, निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बैठक में जनसुनवाई के समय अधिकारियों को अपने कक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि समस्त अधिकारी, कर्मचारी नियमित रूप से कार्यालय समय में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## डॉ. गोविंद सिंह राजपुरोहित बने विधि संकाय के डीन



**जयपुर (मसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय ने डॉ. गोविंद सिंह राजपुरोहित को विधि संकाय के अधिष्ठाता पद पर नियुक्त किया है। डॉ. राजपुरोहित का कार्यकाल 22 फरवरी से शुरू हो गया है। उनकी नियुक्ति आगामी तीन सालों तक की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि डॉ. राजपुरोहित ने दूसरी बार विधि संकाय के अधिष्ठाता पद पर कार्य संभाला है। वे अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय राजस्थान के संस्थापक डीन (अतिरिक्त प्रभार) पद पर कार्य कर चुके हैं। साथ ही नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर के जनरल काउंसिल यानी वैधानिक निकाय के सम्मानित सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में डॉ. राजपुरोहित विधि विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

---

## पंचायत पुनर्गठन समिति की बैठक संपन्न

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पंचायत समितियों के पुनर्गठन लिए गुरुवार को समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने की। बैठक में सदस्य गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर मौजूद रहे। बैठक में पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर प्रारंभिक चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों की जानकारी ली गई। बैठक में समिति के सचिव एवं पंचायतीराज विभाग के शासन सचिव जोगाराम भी उपस्थित रहे।

---

**पशुपालन विभाग के शासन सचिव ने दिए आवश्यक निर्देश**

## पशुपालन डिप्लोमा कार्यक्रम की परीक्षाओं की बनाए रखें निष्पक्षता : डॉ. शर्मा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** पशुपालन, डेयरी, गोपालन और मत्स्य विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा है कि पशुपालन डिप्लोमा कार्यक्रम की सैद्धांतिक और व्यावहारिक परीक्षाओं की सत्य निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है। यह देखा गया है कि इन परीक्षाओं में पर्यवेक्षक और निरीक्षक के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है, जिससे कई बार परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते हैं।

शासन सचिव ने परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन भूमिकाओं में सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति की प्रथा को बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अब प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कम से कम दो पर्यवेक्षक, परीक्षक की नियुक्ति की जाए, जिनमें से एक अधिकारी राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजूवास) से तथा दूसरा पशुपालन विभाग से नामित हो।

अगर किसी कारणवश राजूवास के अधिकारी उपलब्ध नहीं हैं तो पशुपालन विभाग के दो अधिकारियों को नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने परीक्षा के दौरान नैतिक मानकों को बनाए रखने और किसी भी प्रकार के कदाचार को रोकने के लिए सभी नामित पर्यवेक्षकों और निरीक्षकों को नकद उपहार, मुफ्त या किसी प्रकार के भौतिक लाभ सहित किसी भी प्रकार के आतिथ्य को स्वीकार करने से बचने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्रों के लीक होने और परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए सभी स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

किसी भी प्रकार की अनियमितता या कानून का उल्लंघन पाए जाने पर संस्थान की संबद्धता और एनओसी निरस्त कर दी जाएगी। डॉ. शर्मा ने निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल मुक्त परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा की सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानक सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल और उचित कार्रवाई कर आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश दिए।

### परीक्षा हॉल में लगेंगे सीसीटीवी कैमरा

शासन सचिव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षक, डीन और प्रिंसिपल को परीक्षा हॉल में रिकॉर्डिंग सिस्टम के साथ सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं, जिसकी अधिसूचना राजूवास, बीकानेर द्वारा जारी की जा चुकी है। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा हॉल में कैमरा इस तरह लगाया जाए कि प्रश्न पत्र के लिफाफे खोलने से लेकर उत्तर पुस्तिका के लिफाफे सील करने तक की पूरी प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के रिकार्ड हो सके। साथ ही परीक्षा कक्ष का प्रत्येक विद्यार्थी कैमरे की जद में रहे। सभी रिकॉर्डिंग को दैनिक आधार पर डीवीडी में स्थानांतरित करना भी सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा, जिसकी एक प्रति संबंधित संस्थान अथवा कॉलेज के पास रहेगी तथा दूसरी प्रति राजूवास के परीक्षा नियंत्रक को भिजवानी होगी। किसी भी प्रकार की अपूर्ण अथवा अनुचित रिकार्डिंग के लिए कोई बहाना स्वीकार्य नहीं होगा।

---

**बैठक : मुख्य सचिव ने की ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के एमओयू कार्यान्वयन की समीक्षा**

# ज्यादा एमओयू प्राप्त करने वाले प्रमुख जिलों में तैयार की जाए लैंड बैंक : पंत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू के कार्यान्वयन की गुरुवार को समीक्षा बैठक ली। गत 13 फरवरी को हुई बैठक के बाद एमओयू के कार्यान्वयन में प्रगति पर संतोष जताते हुए पंत ने अधिकारियों को उपलब्ध सरकारी भूमि का लैंड बैंक बनाने और इसे निवेशकों को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने एमओयू की अधिक संख्या वाले जिलों में लैंड बैंक बनाने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। रीको के डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पोर्टल के लॉन्च से पहले उन्होंने विभिन्न विभागों को शेष निवेशकों के लिए भूमि आवंटन से संबंधित टास्क क्रिएट करने को कहा।

वहीं रीको द्वारा भूमि बैंक विकसित करने और निवेशकों को तेजी से भूमि आवंटित करने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास और स्थानीय स्वशासन जैसे अन्य भूमि आवंटन संबंधित विभागों को भी अलग-अलग ऑनलाइन भूमि बैंक बनाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े सौर पार्क विकसित करने की संभावनाओं को तलाशा जाना चाहिए, जहां उन ऊर्जा कंपनियों को स्थापित किया जा सके, जिन्होंने निवेश समिट के दौरान एमओयू हस्ताक्षरित किए थे।

### विभागीय सचिवों को दिए निर्देश

सीएस पंत ने कहा कि भूमि आवंटन किसी भी व्यावसायिक इकाई की स्थापना में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विभागीय सचिवों को निर्देश दिए कि वे एमओयू के कार्यान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा करें और उनकी प्रगति से संबंधित जानकारी एमओयू इम्प्लीमेंटेशन पोर्टल पर अपलोड करें। उल्लेखनीय है कि 9-11 दिसंबर को आयोजित निवेश समिट के दौरान कुल 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर हुए थे।

इनमें से 1.66 लाख करोड़ रुपए मूल्य के एमओयू का कार्यान्वयन मात्र दो माह की रिकॉर्ड अवधि में शुरू किया जा चुका है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव दिनेश कुमार, स्थानीय स्वशासन विभाग के प्रमुख सचिव राजेश यादव, नगर विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया, खनन एवं खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत, रीको की प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार, बीआईपी के अतिरिक्त आयुक्त सौरभ स्वामी सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### अनुरक्षण कार्य के कारण लिया जा रहा ब्लॉक, उत्तर पश्चिम रेलवे की कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित

# सफर से पहले यह जरूर देख लें, अगले तीन महीने तक कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** यदि आप ट्रेन से यात्रा करने वालों में शामिल हैं तो ये खबर आपके लिए है। अगले तीन महीने रेलवे की कई गाड़ियों का संचालन प्रभावित रहने वाला है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल पर अनाजमंडी रेवाड़ी-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य समपार फाटक संख्या 61 पर अनुरक्षण कार्य के कारण ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके चलते उत्तर पश्चिम रेलवे की कई गाड़ियां प्रभावित रहेंगी। इनमें गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी



स्पेशल ट्रेन 25 मई को जयपुर से प्रस्थान करेगी, वह अलवर तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन अलवर-रेवाड़ी स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल 25 मई को रेवाड़ी के स्थान पर अलवर से चलेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14312/14322 भुज-बरेली 13 से 14 मार्च तक, 16 से 18 मार्च तक, 23 से 4 अप्रेल तक, 6 अप्रेल से 10 मई तक, 16 मई से 20 मई तक और 24 मई को (59 ट्रिप) भुज से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### ये गाड़ियां की गई रेगुलेट

- गाड़ी संख्या 19601 उदयपुर सिटी-न्यूजलपाईगुडी 15 व 29 मार्च, 5, 12, 19, 26 अप्रेल और 3, 10 व 17 मई को उदयपुर सिटी से प्रस्थान कर अलवर-करनावास स्टेशनों के मध्य 1 घंटे 20 मिनट रेगुलेट रहेगी।
- गाड़ी संख्या 20963 साबरमती-वाराणसी 13 व 27 मार्च, 3, 10, 17 व 24 अप्रेल और 1 व 8 मई को साबरमती से प्रस्थान कर अलवर-करनावास स्टेशनों के मध्य 1 घंटे 20 मिनट रेगुलेट रहेगी।
- गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर 24 मई को जम्मूतवी से प्रस्थान कर रेवाड़ी स्टेशन पर 25 मिनट रेगुलेट रहेगी।

#### नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रद्द

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जंक्शन के मध्य तीसरी लाइन डालने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसके कारण कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 19409 साबरमती-गोरखपुर ट्रेन 17, 19, 24 व 26 अप्रेल और 1 मई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19410 गोरखपुर- साबरमती 19, 21, 26 व 28 अप्रेल और 3 मई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12555 गोरखपुर- बठिंडा 26 अप्रेल से 3 मई तक और गाड़ी संख्या 12556 बठिंडा-गोरखपुर 27 अप्रेल से 4 मई तक रद्द रहेगी।

#### मार्ग परिवर्तित

गाड़ी संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर 10 व 11 अप्रेल, 24 अप्रेल और 1 मई को पोरबंदर से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया बाराबंकी-शाहगंज-मऊ-फेफना-छपरा-मुजफ्फरपुर होकर संचालित होगी।

#### महाकुंभ के दौरान रद्द होने वाली ट्रेनें रीस्टोर

रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेले के दौरान रद्द ट्रेनों को रीस्टोर किया जा रहा है। इनमें गाड़ी संख्या 54044 हिसार-जींद 27 फरवरी से, गाड़ी संख्या 54043 जींद-हिसार 28 फरवरी से, गाड़ी संख्या 54423 नई दिल्ली-हिसार 27 फरवरी से और गाड़ी संख्या 54424 हिसार-नई दिल्ली 28 फरवरी से अपने निर्धारित स्टेशन से अपने निर्धारित समयानुसार संचालित होंगी।

## इग्नू का दीक्षांत समारोह 5 मार्च को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह 5 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। जयपुर में प्रेसवार्ता के दौरान विश्वविद्यालय राजस्थान की क्षेत्रिय वरिष्ठ निदेशक ममता भाटिया ने बताया कि ओटीएस में यह समारोह आयोजित होगा। इसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही यहां विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने के साथ डिग्री भी दी जाएंगी। भाटिया ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से जीवन जीने में सहयोगी कई नैतिक शिक्षा देने वाले पाठ्यक्रम भी शामिल किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप में नई शिक्षा नीति के आधार पर पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि भगवद्गीता और ज्योतिष पर भी एमए करवाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से कई पाठ्यक्रमों की अभी तारीख शेष हैं।

# रीट परीक्षा को लेकर जयपुर में रही अधिक सख्ती, प्रदेशभर में इंतजाम रहे नाकाफी

- **परीक्षा को कई लोगों ने बनाया कमाई का जरिया, सामान रखने के लिए वसूले रुपए**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में रीट परीक्षा के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से इंतजाम किए गए थे, लेकिन कई स्थानों पर वे नाकाफी रहे। कई स्थानों पर पुलिस की सख्ती से परिजन भी परेशान दिखे। राजधानी जयपुर में अधिक सख्ती देखी गई। अभ्यर्थियों ने अपने बैग भी यहां-वहां भगवान भरोसे ही छोड़े। दूसरी ओर इसे कई लोगों ने कमाई का जरिया बना दिया। पचास-पचास रुपए लेकर बैग रखे गए। वहीं कई लोग पेड़ों में बनी जगह पर अपनी चीजें छुपाते देखे गए। कोई देरी होने पर दौड़ता दिखा। वहीं समय से थोड़ा विलंब से पहुंचे अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं दी गई।











#### सबसे अधिक परेशानी पारदर्शी पेन को लेकर रही

सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की लाइन लगी थी। सभी अभ्यर्थियों ने कोशिश यह की थी कि निर्देशों का पालन करें। इसलिए ज्यादातर पुरुष अभ्यर्थी हवाई चप्पलों में आए, जबकि महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ता में आईं। सबसे अधिक परेशानी अभ्यर्थियों को पेन को लेकर हुई। निर्देशों में लिखा था कि पारदर्शी पेन लेकर आना है, यानी जिसमें रिफिल दिखाई दे, जबकि अधिकांश प्रतियोगी अपने साथ सादा रंग-बिरंगे पेन लाए थे। ऐसे में सभी से उनके पेन बाहर ही रखवाए गए। सभी पास की दुकान की ओर भागे और पेन खरीदे गए।

#### ऑटो वालों ने खूब कमाए पैसे

हालांकि अभ्यर्थी समय से पहले ही अपने जिलों से जयपुर आ गए थे, लेकिन शहर से अनजान होने के कारण वे ज्यादा कुछ जानते नहीं थे। ऐसे में समय की पाबंदी के कारण थोड़ी देर भी भारी पड़ सकती थी। अभ्यर्थियों ने फोटो कॉपी या पेन खरीदने जाने के लिए भी ऑटो को 50 रुपए से अधिक दिए, जबकि केंद्र के पिछली गली की ओर ही दुकान थी। गांधी नगर स्कूल आने के लिए बस स्टैंड से 300 रुपए तक लिए गए। यही स्थिति लौटते समय रही।

#### ट्रेनों और बसों में नहीं मिला स्थान

पहले दिन दोनों लेवलों की परीक्षा थी, ऐसे में बाहरी जिलों से अधिक संख्या में अभ्यर्थी आए थे। जयपुर तो समय से पहले पहुंच गए, लेकिन जिनको एक ही परीक्षा देनी थी, वे लौटते समय रेलों और बसों में धक्के खाते नजर आए। वापसी में लौटते समय अभ्यर्थियों की रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भारी भीड़ रही। इस कारण जाम की सी स्थिति बनती दिखी। घंटों तक जाम की स्थिति से लोग दो-चार होते दिखे।

## एयू स्माल फाइनेंस बैंक ने लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**जयपुर (मसं)।** एयू बैंक गड़वाडी शाखा ने ग्राम गठवाड़ी में गुरुवार को डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में चालीस महिलाओं ने भाग लिया। शाखा प्रबंधक बिजेंद्र गुर्जर ने उपस्थित महिलाओं को वित्तीय एवं कैशलेस बैंकिंग की जानकारी दी। साथ ही वर्तमान में हो रहें डिजिटल तरीके



से साइबर फ्रोड के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर बिजेंद्र गुर्जर ने बचत खाता, एटीएम कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, जनधन खाता, अटल पेंशन, ऑनलाइन बैंकिंग आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित चन्दा शर्मा, पूनम शर्मा, रेखा निठारवाल, ममता जाट, हेमलता जांगीड़ ने बैंकिंग सम्बंधित सवाल जवाब किए। इस मौके पर बैंक के गोपालदास गुप्ता, ईस्माइल मंसूरी, लालचंद जैदिया, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

## ओमाश्रय में विष्णु यज्ञ में दी आहुतियां

**जयपुर(मसं) ।** निराश्रित जन सेवार्थ ओमाश्रय सेवा धाम में फाल्गुनी अमावस्या पर्व पर विशेष मंत्रों से विष्णु यज्ञ में सैकड़ों आहुतियां दी गई। इस अवसर पर वैदिक चिंतक ओमाश्रय संस्थापक यशपाल यश ने सनातन धर्म तथा ईश्वर के विभिन्न नामों की चर्चा की। यश ने कहा कि सनातन धर्म एक देशीय एक



कालीय एक जातिय नहीं वरन् सार्वदेशिक सर्वकालिक और सिर्फ मानव जाति ही नहीं सम्पूर्ण जीव कल्याण का ईश्वरीय आदेश है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मी की पहचान ऊपरी चिन्हों के दिखावे की जगह मनुस्मृति में बताए दस लक्षणों से होती है। डॉ. प्रमोद पाल ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य यजमान विद्या सागर झालानी एवं सुनीता, दीपांकर एवं प्रियंका यश, मधु यश काजोल, प्रणव, अखिलेश मिश्रा, ठेकेदार सुरेश बैरवा, लोकेश, रामजीलाल, अशोक आदि ने यज्ञ में आहुतियां दी।

## 'क कहानी का' का तीन दिवसीय साहित्यिक आयोजन संपन्न

**जयपुर (मसं)।** मध्यप्रदेश के बीस साहित्यकारों ने कहानी में लोक, लोक में कहानी विषय पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष जयश्री



कंवर ने 'क कहानी का' की संकल्पना करने वाले कथाकार मनीष वैद्य को सारस्वत सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सत्यनारायण, डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, राजाराम भादू, डॉ. लक्ष्मी शर्मा, मनीषा कुलश्रेष्ठ एवं चरण सिंह पथिक थे। सत्रों का संचालन मनीष शर्मा ने किया। नवल पांडे, उषा दशोरा, उमा, प्रेम, निशांत मिश्रा, तसनीम, जयश्री कंवर ने विशेष सहयोग दिया। विभिन्न सत्रों में साहित्यकार अजन्ता देव, अनुज, फारूख आफरीदी, राजकुमार चौहान, देवेन्द्र राघव, हरिराम मीणा, प्रेमचंद गांधी, ओमेंद्र, रतनकुमार सांभरिया, हरीश करमचंदाणी, सत्यदेव बारेठ वीणा, तस्नीम, सुमन, कविता मुखर, हिमांशु कुमावत आदि उपस्थित रहे। कहानी विधा पर आधारित इस कार्यक्रम के विभिन्न सत्र राधाकृष्णन लाइब्रेरी सभागार एवं विद्याश्रम स्कूल जयपुर के सुरुचि सभागार में संपन्न हुए।

### जेडीए ने बड़े स्तर पर की कार्रवाई

## जोन 10 एवं 12 में 28 बीघा पर 2 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए दस्ते की अतिक्रमणों पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में जेडीए दस्ते ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए करीब 28 बीघा भूमि पर दो अलग-अलग जगहों पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। जेडीए पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई के अनुसार गुरुवार को ये कार्रवाई जोन 10 एवं 12 में की गई। दस्ते ने जोन-10 स्थित जेएनयू हॉस्पिटल के पास, जगतपुरा में करीब 8 बीघा निजी खातेदारी एकल पट्टे की भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त



किया। इसी प्रकार जोन-12 स्थित सीकर रोड, चौमूं के पास बंजारा हिल्स के पीछे करीब 20 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के द्वारका सिटीज के नाम से बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को जेसीबी व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। जेडीए ने दावा किया कि प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा साल 2024 में 383 एवं साल 2025 में 68 यानि आज तक कुल 451 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया है।



#### यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (मसं)।** श्री कृष्ण सामाजिक उत्थान संस्था की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को हेरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव ने किया। कुसुम यादव ने बताया कि 11वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 75 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा जिससे फिजूलखर्ची पर रोक लगेगी। इस दौरान जयपुर जिला अध्यक्ष सरदार सिंह चौरिया श्री कृष्णा सामाजिक उत्थान अध्यक्ष लालचंद यादव, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव, भगवान सहाय यादव, रामदयाल यादव, बाबूलाल यादव, कन्हैया लाल यादव सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

## गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए मिला वाउचर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिह्नित कर उनका इलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई।

गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मां वाउचर दिए गए। साथ ही अन्य जांच व उपचार किए गए। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय के बारे में बताया गया और आईएफए कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों ने उन्हें पौष्टिक आहार का महत्व समझाते हुए पोषणयुक्त आहार लेने के लिए जागरूक किया गया।

## हितधारकों के मध्य चर्चा आयोजित

**जयपुर (मसं)।** आसरा फाउंडेशन जयपुर द्वारा बाल कल्याण समिति, जयपुर के मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के मुद्दे पर हितधारकों के मध्य चर्चा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति, जयपुर की अध्यक्ष शीला सैनी और सदस्य शांति भटनागर, शिमला कुमावत, राम निवास सैनी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई जयपुर से प्रोटेक्शन ऑफिसर राधिका शर्मा और सीमा शर्मा ने प्रमुख भूमिका निभाई। आसरा संस्था से मंगला शर्मा और विवेक शर्मा ने लीगल फ्रेमवर्क से सभी प्रतिभागियों



को अवगत करवाया। रिसोर्स पर्सन के रूप में अधिवक्ता रजत दुबे एवं हर्षदा तावड़े ने बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में रोहिणी, राजेश, मुकेश और विकास ने सक्रिय योगदान दिया।

पेज 1 से जारी...

#### वित्त मंत्री की घोषणाएं

- मां योजना में स्किन ट्रांसप्लांट हो सकेगा। रोबोटिक सर्जरी और नए पैकेज जोड़े जाएंगे।
- स्तरीय मेडिकल कॉलेज में 14 नए पैरामेडिकल कोर्स शुरू किए जाएंगे।
- हॉस्पिटल मैनेजर्स का अलग से कैडर बनेगा, अस्पतालों के मैनेजमेंट के लिए अलग से स्टाफ होगा।
- राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत आईपीडी मरीजों के लिए सिंगल विंडो रजिस्ट्रेशन सिस्टम शुरू होगा।
- अजमेर में मल्टी स्टेडियम बनेगा।
- माउंट आबू-सिरोही में पोलो ग्राउंड के उन्नयन कार्य करवाए जाएंगे।
- औसिया, मारवाड़ जंक्शन, प्रतापनगर-जयपुर एवं डीडवाना में खेल स्टेडियम बनवाए जाएंगे।
- अगले साल यूथ फेस्टिवल और राजस्थान डीजी फेस्ट का आयोजन किया जाएगा।
- प्रदेश के स्कूल-कॉलेज में नए संकाय खोले जाएंगे।
- अगले साल से अटल इनोवेशन अवॉर्ड देने की घोषणा।
- प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्थानीय पेंटिंग बनाई जाएगी, इस पर 35 करोड़ रुपए खर्च होंगे
- आपदा राहत के लिए 55 क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल उपलब्ध कराए जाएंगे।
- बीकानेर-बांसवाड़ा सहित नए शहरी निकायों में अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पर 1050 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- कोटा में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय खोला जाना प्रस्तावित।
- शाहपुरा में इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा, लालसोट में वुड पार्क बनेगा।
- दिव्यांगों के लिए अलग से टॉयलेट बनाए जाएंगे।
- अगले साल 5000 आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत होगी।
- 3236 छोटे बांध पंचायत से जल संसाधन विभाग को ट्रांसफर किए जाएंगे।
- सिंचाई सुविधाओं के लिए 240 करोड़ से ज्यादा के काम करवाए जाएंगे।
- पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 330 करोड़ से ज्यादा के काम होंगे।
- 1870 करोड़ की लागत से सड़कों की मरम्मत और अपग्रेडेशन के काम होंगे।
- प्रदेश में बायो इनफॉर्मेटिक्स डेटाबेस स्थापित किया जाएगा।
- प्लास्टिक वेस्ट इकट्ठा करने के लिए स्कीम चलेगी, प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े के बैग दिए जाएंगे।
- कृषि बजट में 14.67 फीसदी की बढ़ोत्तरी की।
- ग्रामीण विकास की योजनाओं पर 10000 करोड़ से ज्यादा का प्रावधान किया है।
- नरेगा में लेबर कंपोनेंट पर 7000 करोड़ का खर्च अनुमानित है।
- बिजली में इंस्टॉल कैपेसिटी को 26300 मेगावाट तक पहुंचा दिया। इसे आगे और तेजी से बढ़ाएंगे।
- सरकार ने अब तक 59000 नियुक्तियां दीं, 173000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी बैठक व स्वागत कार्यक्रम

# जो सेवा करे उसे आशीर्वाद दो और जो आपको वोट बैंक वाला खातेदार समझे उनका कान मरोड़ो : मदन राठौड़

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ रहे। इस मौके पर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती और पदाधिकारियों ने राठौड़ का स्वागत किया।

प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के लिए उपयोग लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यकों की चिंता करते हुए




तीन तलाक खत्म करके अल्पसंख्यक महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि जो सेवा करे उसे आशीर्वाद दो और जो सेवा नहीं करे और आपको वोट बैंक वाला खातेदार समझे उनका कान मरोड़ो और उनसे हिसाब मांगो। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को पार्टी कार्यकर्ताओं के सामने रखा और आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी सरदार अजयपाल सिंह ने कहा कि मुस्लिम समाज को अपनी बेटियों की पढ़ाई को लेकर विशेष चिंता करनी चाहिए और समाज में कौशल विकास के कार्य बड़े पैमाने पर किए जाने चाहिए। इस मौके पर मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एच. खान, मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, डॉ. मजीद मलिक कमांडो व फिरोज खान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर पद्मश्री बेतुल बेगम का प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्वागत कर उन्हें बधाई दी।

#### भाजपा जयपुर देहात दक्षिण जिला का प्रबुद्धजन सम्मेलन आज

जयपुर। भाजपा के जयपुर देहात दक्षिण जिले की ओर से 28 फरवरी को भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय एवं राजस्थान बजट पर प्रबुद्धजन, व्यापारियों एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों के साथ व्यापक चर्चा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम संयोजक हृदय सुमन पारीक ने बताया कि केंद्रीय व राजस्थान राज्य बजट पर आयोजित होने वाली कार्यशाला में जिले के प्रबुद्धजन, व्यापारी, उद्योग जगत के वरिष्ठजन, जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर संबोधित करेंगे।

# निक्षय मित्र बन मरीजों को वितरित की पोषण सहायता

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज को पोषण सहायता प्रदान की। कार्यशाला में जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रसद विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग व जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को टीबी रोग के प्रति जागरुक रहकर ज्यादा से ज्यादा निक्षय मित्र बनाकर जिले में टीबी का इलाज ले रहे मरीजों को पोषण किट उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को प्रत्येक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने की दिशा में प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे कि केन्द्र सरकार की मंशानुरूप टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान सफल हो सके। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कैम्पेन के तहत शत प्रतिशत एक्स-रे, नॉट व निक्षय मित्र बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियों व भामाशाहों को जागरुक करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जिला कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनकर पोषण सहायता उपलब्ध करवाई है, ऐसे ही पोषण सहायता उपलब्ध करवाकर अन्य अधिकारी भी निक्षय मित्र बन सकते हैं।

उन्होंने समस्त विभागों के अधिकारियों को भी निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने निक्षय मित्र विषय की समीक्षा करते हुए कहा कि टीबी के मरीजों को सहायता प्रदान करने के लिए जिले में भामाशाहों को चिन्हित कर प्रेरित करें और जरूरत के अनुसार निक्षय मित्रों की नियुक्ति करें, जिससे कि टीबी के मरीजों की देखभाल व पोषण किट समय पर जरूरत के अनुसार वितरित हो सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा तय 6 पैरामीटर के अनुसार प्रभावी कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर टीबी मुक्त अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं का भी चिन्हीकरण किया जाएगा।

इसके साथ ही विभिन्न विभागों के सहयोग से जिले भर में अनेक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।



## महंत गोरखनाथ को पहनाया स्वर्ण मुकुट

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** जिला मुख्यालय से करीब 110 किमी दूर भारत-पाक सीमा के पास धोरों के बीच स्थित ख्याला मठ में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। गुरुवार शाम को मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। रात में महंत गोरखनाथ महाराज ने प्रवचन दिए, जिसमें महंत ने सात्विक भोजन करने, सदमार्ग पर चलने व आपसी सौहार्द्र के साथ भगवान की भक्ति करने की सीख दी। रात भर विभिन्न भजन गायकों ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम होने के साथ ही मेले में चहल पहल बढ़ गई। इसके साथ ही मठ में महाआरती के बाद महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया। महंत गोरख नाथ ने शिवरात्रि के बाद गुरुवार को सुबह ख्याला मठ में समाधियों की पूजा अर्चना की। सुबह 6.15 बजे महंत गोरख नाथ को सुमेरसिंह सोढा रावतरी द्वारा स्वर्ण मुकुट पहनाया गया। स्वर्ण मुकुट धारण होने के साथ जयघोष से पूरा मठ गूंज गया।

## फार्मर रजिस्ट्री कैंप में 375 किसानों वितरित की आईडी

**रामगढ़ पचवारा (मसं)।** उपखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत रालावास में गुरुवार को आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप के दौरान 375 किसानों को आईडी वितरित की गई। शिविर प्रभारी प्रभु लाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कैंप के तीसरे दिन किसानों की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बद्री, रालावास उपसरपंच बनवारी गुर्जर, राजेंद्र शर्मा, ग्राम सेवक ममता यादव, अंकित शर्मा, हंसराज मीणा, संतोष बैरवा, मुकेश शर्मा, हरसहाय मीणा, संतोष बैरवा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।



## हादसे में दादा-पोते की मौत पर विधायक ने दी सहायक राशि

**नवलगढ़ (मसं)।** कस्बे में 2 दिन पहले सड़क हादसे में दादा-पोते की मौत हो गई थी। इस पर विधायक विक्रम सिंह जाखल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और अपनी निजी आए से परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने भागीरथमल कुमावत के परिवार को एक लाख रुपए से की सहायता देने के साथ ही परिवार के एक सदस्य को संविदाकर्मी की नौकरी देने की घोषणा की। वहीं श्रवण कुमावत के परिवार को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी। विधायक ने सरकारी सहायता के लिए अधिकारियों से तत्काल संपर्क किया और प्रशासन से आग्रह किया कि पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं के तहत जल्द मदद पहुंचाई जाए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक से सड़कों की मरम्मत करवाने और यातायात नियमों का कड़ाई पालना कराने की मांग की। उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओ को रोका जा सकता है।



## जोहड़ भूमि पर ड्रेनेज निर्माण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** तहसील के ढाका के ढाणी जोहड़ भूमि पर ड्रेनेज निर्माण कार्य के विरोध में ईओ नवनीत को एक ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय ग्रामीणों व सामाजिक संगठनों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि यह विवादित भूमि 10.95 हेक्टर क्षेत्र में फैली है। यह भूमि कानूनी रूप से जोहड़ श्रेणी में आती है। यह परंपरागत रूप से जल संचयन और पशुओं के लिए सुरक्षित क्षेत्र है। इससे पहले भी नगरपालिका ने इस जोहड़ में कचरा व गंदा पानी डाला था, इसके खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायरा की गई थी। जिस पर अदालत ने भूमि को संरक्षित करने का आदेश दिया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह भूमि प्राकृतिक जल संग्रहण के लिए महत्वपूर्ण है। इस पर निर्माण से क्षेत्र में जल संकट व पर्यावरण असंतुलन की स्थिति बन सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन राजनीतिक प्रभाव में जोहड़ भूमि को नष्ट करने की कोशिश कर रहा है। इस दौरान शंकरलाल शर्मा, गणेश चैतन्य महाराज, कृष्ण गोपाल जोशी, गो रक्षा के भैरू सिंह शेखावत, मनोज शर्मा, मनोज सोनी, मोहन चूड़ीवाल सहित अनेक गौरक्षक मौजूद रहे।

# रीट परीक्षार्थियों के लिए जिला प्रशासन ने किए विशेष इंतजाम

### अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर नगर परिषद परिसर में कराया रात्रि विश्राम

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के निर्देश पर जिले में अध्यापक पात्रता परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए है। प्रशासन द्वारा बाहरी जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए भी ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर रीट परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए नगर परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे में ठहरने की व्यवस्था की गई। साथ ही अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से गुणवत्तायुक्त भोजन के पैकेट भी अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाए गए। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि रात्रि में रैन बसेरे में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक बढ़ने पर नगर परिषद परिसर में ठहरने की व्यवस्था की गई। जिले में परीक्षा देने के लिए ट्रेन व बसों से आए अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। नगर परिषद आयुक्त ने कर्मचारियों के साथ देर रात तक फील्ड पर रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर रीट परीक्षार्थियों के लिए आगे भी व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहेगी। किसी भी परीक्षार्थी को कोई भी असुविधा न हो, इसके लिए नगर परिषद की ओर से विशेष व्यवस्था की गई।


## मुक्तिधाम में की पेड़-पौधों की देखरेख और साफ-सफाई



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे की झाझड़ रोड स्थित मुक्तिधाम में हर अमावस्या के दिन होने वाले श्रमदान की श्रृंखला में इस बार भी श्रमदान किया गया, जिसमें पेड़-पौधों की देखरेख और साफ सफाई की गई। साथ ही पौधों में खाद देकर कटाई-छटाई की गई। इस मौके पर श्रमदान करने वालों में रावता की ढाणी वार्ड नंबर 4 और 5 के कार्यकर्ता नवरंग लाल सैनी, भारत स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, विनोद मिस्त्री, पार्षद सुरेंद्र सैनी, हरिराम सैनी, मनोहर लाल सैनी, सुरेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, विनोद सैनी, लालचंद मिस्त्री, गिरधारी लाल सैनी, महेश सैनी, हजारी लाल सैनी, बुगाल सैनी सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता शामिल थे।

## महात्मा गांधी स्कूल में भामाशाह ने भेंट किया एलईडी टीवी




महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम नांगल के राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सैकंडरी स्कूल में डिजीटल अध्यापन कार्य के लिए भामाशाह ने एलईडी टीवी भेंट किया। आदर्श एनजीओ के कृष्ण कुमार यादव ने प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार सैनी को अध्यापन में सहायता के लिए एलईडी टीवी भेंट किया। इसी विद्यालय को सेवानिवृत्त पटवारी गुमान सिंह शेखावत व मुकेश कुमार स्वामी ने भी एक-एक स्मार्ट एलईडी टीवी प्रदान किया। इस मौके पर जितेंद्र टीलावत ने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भामाशाहों की यह पहल अनुकरणीय है। इस मौके पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिंह शेखावत, कैलाश यादव, पूर्व प्राचार्य भोलाराम बल्डवाल, सुरेश यादव, अनिता वर्मा, फूलचंद यादव, विकास नामदेव सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## वासुपूज्य भगवान का मनाया जन्म व तप कल्याणक महोत्सव

महानगर संवाददाता



**फागी।** परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लसाड़िया, लदाना सहित कस्बे के जिनालयों में जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि कस्बे के प्राचीन मंदिर आदिनाथ जिनालय में प्रातः श्रीजी का अभिषेक व शांतिधारा करने बाद अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना कर आर्यिका ज्ञानमति माता, विशुद्ध मति माता, विज्ञाश्री माता और आचार्य वर्धमान सागर महाराज, समाधिस्थ गुणसागर महाराज सहित विभिन्न पूर्वाचार्यों के अर्ध्य अर्पित किया गया। इसके बाद जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का जयकारों के साथ जन्म व तप कल्याणक महोत्सव का अर्ध्य अर्पित कर सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। समाज की शकुंतला देवी छाबड़ा व प्रेम देवी दोषी ने बताया कि वासुपूज्य भगवान का जन्म इक्ष्वाकु वंश के चंपापुरी में राजा वासु पूज्य और रानी जया देवी के घर हुआ था। समाज की राजकुमारी दोषी व मंजू छाबड़ा ने बताया कि उन्होंने भागलपुर के चंपापुरी में तपस्या व मोक्ष के एक महीने के भीतर केवल ज्ञान प्राप्त किया। मंदिर समिति के शिखर गंगवाल व अंकिता गंगवाल ने बताया कि वासुपूज्य भगवान का प्रतीक चिन्ह बैल है। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक प्रेमचंद भंवसा, समाजसेवी सुरेश सांघी, कैलाश कासलीवाल, समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, ओमप्रकाश कासलीवाल, राजेश छाबड़ा, शांतिलाल मित्तल, शिखर गंगवाल, एडवोकेट रवि जैन सहित सभी श्रावक व श्राविकाएं मौजूद थे।

## 'नशा छोड़ो जीवन जोड़ो' को लेकर निकाल रहे साइकिल यात्रा

**सीकर (मसं)।** एनएसयूआई राजस्थान की ओर से प्रदेश में नशे की खिलाफ युवाओं में जागृति के लिए 'नशा छोड़ो जीवन जोड़ो' साइकिन यात्रा निकाली जा रही है। सीकर जिले से इस यात्रा में शामिल एनएसयूआई के प्रदेश सचिव विरेंद्र गुर्जर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में जैसलमेर से जयपुर तक जाने वाली यह यात्रा पिछले 6 दिनों से लगातार चल रही है। गुर्जर लगातार यात्रा में साइकल से चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा में कई लोग मिलते हैं, जो नशे से पीड़ित अपने परिवार का दुख बताते हैं। उन्होंने बताया कि आज के इस दौर में गांवों के युवा शहर पढ़ने के लिए जाते हैं, लेकिन वहां वे नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं। यह यात्रा जैसलमेर से बाड़मेर, बायतु, बालोतरा होते हुए कल्याणपुर पहुंची। इस यात्रा में एक मार्च को जोधपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी भी शामिल होंगे।

## माली-सैनी समाज की बैठक में सामूहिक विवाह पर चर्चा

महानगर सवांददाता

**चाकसू।** चाकसू उपखण्ड के ग्राम रामपुरा में स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले (माली) सैनी छात्रावास परिसर में माली समाज की महासभा राजू सैनी, तुसार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समाज के रामरतन सैनी ने बताया कि महासभा चौरासी की बैठक में तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विस्तृत चर्चा कर समाज की कुप्रथाओं, समाज उथान व सम्मानता पर जोर दिया गया। प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन 6 अप्रैल रामनवमी को आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए भामाशाहों ने बढ़ चढ़कर बोली में भाग लिया। समिति अध्यक्ष गिर्राज अजमेरा ने कहा कि समाज के वरिष्ठ लोगों की सर्वसहमति से अगली महासभा चौरासी की बैठक 13 मार्च होली के दिन रखी गई है। इस दौरान मीटिंग में सांगानेर, चाकसू, शिवदासपुरा, रूपाहेड़ी, चंदलाई, पीपला, टोंक, कनेसर, सवाईमोधोसिंहपुरा, छांदेल, कोटखावदा, बडौदिया, केशवपुरा, माधोराजपुरा, झामदा, चांदमा कला, बीची, दौसा, लालसोट, चारणवास, चौमूं सहित अन्य स्थानों के समाजबंधु मौजूद रहे।

## वार्षिक उत्सव में दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

महानगर संवाददाता




**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय की तहसील राहुवास की भारतीय पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव व कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच मोतीलाल मीणा व संस्था प्रधान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गीत से किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति पेश करते हुए देश भक्ति गीत सुनाएं। मुख्य अतिथि ने समारोह के दौरान गत वर्ष अध्यनरत छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए विदा किया। इस दौरान सरपंच मोतीलाल मीणा, उप सरपंच पुष्पा देवी, विनोद शर्मा, रामेश्वर मीणा, अमित जांगिड़, संदीप शर्मा, मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांपुरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चार पंचायतों में 409 कृषकों को प्रमाण-पत्र वितरित

महानगर संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय की चार ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कल्लावास, रालावास, जीतपुर व गोपालपुरा में आयोजित तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री कैंप में कुल 409 कृषकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सहायक विकास अधिकारी क्लस्टर प्रभारी प्रभु लाल बैरवा ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप के दौरान चारों ही ग्राम पंचायतों में ग्राम विकास अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक ने ग्राम पंचायत में 409 कृषकों की आधार कार्ड से केवाईसी की। वहीं पटवारियों ने रालावास में 109, जीतपुर में 109, गोपालपुरा में 103 व कल्लावास में 89 कृषकों की भूमि का सत्यापन किया। वहीं चार पेंशन वेरीफिकेशन, चार जन्म प्रमाण पत्र, दस परिसंपत्ति रजिस्ट्री का संधारण, 59 पशुओं के टीकाकार व उपचार किया गया। विभिन्न ग्यारह अन्य योजनाओं में रजिस्ट्रेशन किए गए। शिविर प्रभारी सम्पत राम मीना गिरदावर ने बताया कि शिविर के दौरान रजिस्ट्रेशन करवाने वाले सभी किसानों को 11 अंकों की विशेष यूनिक डिजिटल आईडी दी जाएगी, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, रजिस्ट्री, एग्रीटेक परियोजना, जनसंख्याकी विवरण, भूमि का रिकॉर्ड और कृषि विभाग संबंधी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी राधा मोहन मीणा, पवन सिंह, घनश्याम मीणा, यश गुप्ता, कृषि पर्यवेक्षक ममता यादव, ओम प्रकाश बैरवा, पटवारी रामकेश मीणा, कमलेश मीणा, धीरज सैनी आदि मौजूद थे।

# जर्जर देवालयों और प्राचीन मंदिरों के शीघ्र जीर्णोद्धार की उठाई मांग

### विधायक छोटू सिंह भाटी ने विधानसभा में उठाया जैसलमेर का मुद्दा, पूछा- मंदिरों के संरक्षण और मरम्मत की क्या है योजना

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने गुरुवार को जैसलमेर जिले में स्थित जर्जर देवालयों और प्राचीन मंदिरों की स्थिति और उनके जीर्णोद्धार से संबंधित सवाल उठाया। एमएलए भाटी ने सदन में पूछा कि जिले में पुरातात्विक महत्व के कौन-कौन से देवालय और प्राचीन मंदिर स्थित हैं और क्या यह सही है कि इनमें से कई वर्तमान में जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। यदि हां, तो क्या सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन मंदिरों के संरक्षण और मरम्मत की योजना बना रही है।

इस पर वित्त मंत्री दीया कुमारी ने जल्द ही संरक्षण व मरम्मत के लिए आश्वासन दिया। जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी ने विधानसभा में कहा कि जैसलमेर जिले में कई ऐसे ऐतिहासिक गढ़ हैं, जो जर्जर अवस्था में हैं और उनमें स्थित मंदिरों का भी उचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है।

भाटी ने विशेष रूप से नभडूंगर मंदिर, मुहार महादेव मंदिर, घोटारु गढ़ में जोगमाया मंदिर, चाचकदेव मंदिर, भीमगोड़ा मंदिर आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मंदिरों के पास कई प्राचीन ऐतिहासिक वनस्पति ओरण भी विद्यमान है, जो सांस्कृतिक व धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दिया आश्वासन

विधायक भाटी ने सरकार से अनुरोध किया कि इन सभी ऐतिहासिक मंदिरों को विभागीय संरक्षण प्रदान कर उनका जीर्णोद्धार किया जाए। इस पर डिप्टी सीएम वित्त मंत्री दीया कुमारी ने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार जैसलमेर जिले के पुरातात्विक महत्व के देवालयों, प्राचीन मंदिरों और स्मारकों के व्यवस्थित जीर्णोद्धार के लिए कटिबद्ध है और वर्तमान में नभडूंगर मंदिर का शीघ्र परीक्षण कराया जाएगा, ताकि उसके संरक्षण और मरम्मत की दिशा में उचित कदम उठाए जा सके।

## महाकुंभ से लौटे दल का बैंडबाजे के साथ किया स्वागत

**सुजानगढ़ (मसं)।** शहर के नया बास में महाकुंभ से लौटे दल का बैंडबाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गोविंद गहलोत ने बताया कि शहर से बसों द्वारा 151 लोग महाकुंभ में स्नान करने गए थे। यह यात्रा समाजसेवी विनोद गोठड़िया के सहयोग से संपन्न हुई। इस दौरान गोठड़िया ने महाकुंभ में प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह जीवन की सबसे आनंददाई यात्रा रही। यह यात्रा वृन्दावन, अयोध्या, चित्रकूट, प्रयागराज, काशी से नारायणी माता होते हुए वापस लौटी। यात्रा में बसंत कुमार गोठड़िया, दिलीप मोयल, बजरंग गोठड़िया, आनन्द गोठड़िया, जगदीश जाखड़, जीवन राम मोयल सहित 60 महिलाएं शामिल रहीं।



देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



## भागवत कथा में हुआ कृष्ण-रुक्मणि का विवाह, गाए मंगल गीत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुरलीपुरा के विकासनगर-बी स्थित श्री हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही भागवत कथा में गुरुवार को कृष्ण-रुक्मणि विवाह हुआ। श्रोताओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। व्यासपीठ से रामशरण महाराज ने कहा कि कृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनने से दाम्पत्य जीवन में मधुरता आती है। इस मौके पर कृष्ण-रुक्मणि विवाह की सजीव झांकी भी सजाई गई। इसके अलावा वेणु गीत, उद्धव प्रसंग पर भी प्रवचन हुए। शुक्रवार को नवयोगेश्वर संवाद, कलियुग वर्णन, परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का विश्राम होगा।



## श्रीराम मंदिर में श्रीमद्भगवद् कथा का आयोजन आज से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीकर रोड स्थित सनसिटी ग्रैंड फेज-2 के मैक्स हाइट के श्रीराम मंदिर में 28 फरवरी से 6 मार्च तक श्रीमद्भगवद् कथा का आयोजन किया जाएगा। व्यासपीठ से राजेन्द्र ब्रजवासी दोपहर एक से शाम पांच बजे तक कथा श्रवण कराएंगे। प्रतिदिन सुबह 8 से सवा बारह बजे तक यज्ञ होगा। शाम साढ़े सात से रात्रि नौ बजे तक हरिनाम कीर्तन और रासलीला का आयोजन होगा। कथा का शुभारंभ 28 फरवरी को सुबह दस बजे गाजेबाजे के साथ प्राचीन शिव विनायक मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगा। गोविंददेवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने कथा के पोस्टर का विमोचन किया।

## महाकुंभ से लाई गई रज से किया शिवलिंग का निर्माण

### चार पहर की पूजा कर विभिन्न द्रव्यों से हुआ अभिषेक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महाशिवरात्रि पर शिव पुराण कथा समिति की ओर से बनीपार्क में अठारहवां पार्थिव शिवलिंग पूजन किया गया। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने शिव परिवार की चार पहर की पूजा और विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक किया। पार्थिव शिवलिंग का निर्माण महाकुंभ से लाई गई रज से किया गया। गंगाजल, महाकुंभ का जल, दूध, पंचामृत, गन्ने का रस, डाब, भांग, अनार के रस से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। अभिषेक के दौरान विद्वान पंडितो ने सस्वर सविधि वृहद रुद्री पाठ का पठन किया।



## वरिष्ठ कलाकारों का हुआ सम्मान



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र श्री गैटेश्वर कला संस्थान की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक गैटोर की छतरियां स्थित प्राचीन शिवालय श्री गैटेश्वर में आयोजित 58वें भव्य संगीत समारोह में वरिष्ठ कलाकारों का सम्मान किया गया। संस्था के मन्त्री ओपी चान्डक ने बताया कि इस बार तमाशा जनक वासुदेव भट्ट और वरिष्ठ कलाकार बांसुरी वादक आरडी गौड़ का शॉल औढ़ाकर, साफा पहनाकर तथा श्री फल प्रदान कर सम्मान किया गया।

समारोह मे विशेष अतिथि सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुन्द आचार्य, पूर्व उप महापौर मनोज भारद्वाज, पार्षद मनीष पारीक सहित शहर के कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## भक्तों ने किया अमावस्या पर गोदान



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था की ओर से भक्तों ने अमावस्या पर गोदान किया 113 सेक्टर श्याम पार्क पर अमावस्या को सामान इकट्ठा करके गौशाला पहुंचाया जाता है प्रकाश दास महाराज की गौशाला निवाई रतन कट्टा ने बताया कि कार्यक्रम में शिवदयाल सेन, आनंद कुमार, ललित अग्रवाल, नवीन सेन सभी श्याम प्रेमियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का आयोजन हर अमावस्या को सुबह 9 से 11 बजे तक किया जाता है।

# होलाष्टक सात मार्च से, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इस बार 7 मार्च से होलाष्टक शुरू होगा। इस दौरान विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं होंगे। 13 मार्च को होलाष्टक समाप्त होगा तथा इस दिन होलिका दहन भी होगा। आमतौर पर होली के बाद विवाह और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं, लेकिन इस वर्ष 14 मार्च को मलमास शुरू हो रहा है। मलमास के दौरान शुभ कार्य पर रोक रहती है। इस वर्ष विवाह समेत मांगलिक कार्य 13 अप्रेल को मलमास खत्म होने के बाद ही शुरू होंगे। ज्योतिषियों के अनुसार इस साल फरवरी से दिसंबर तक 42 विवाह मुहूर्त हैं। फाल्गुन में शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक शुरू होता है और पूर्णिमा यानी होलिका दहन तक रहता है। इस समय विवाह, मुंडन, नामकरण, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य करने पर रोक रहती है। इस अवधि में सभी ग्रह उग्र स्थिति में रहते हैं। इस कारण वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, इसीलिए शुभ कार्यों पर रोक रहती है।



### किस महीने विवाह के कब-कब मुहूर्त

- **फरवरीः** फरवरी के बचे हुए दिनों में 25 को विवाह के मुहूर्त हैं, जबकि मार्च में होलाष्टक लगने से पहले 5 और 6 मार्च को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।
- **मार्चः** 7 मार्च से होलाष्टक दोष और मीन मलमास शुरू हो जाएगा। इस कारण 14 मार्च तक कोई मुहूर्त नहीं है।
- **अप्रेलः** 14 अप्रेल से विवाह शुरू होंगे। अप्रेल में 14, 16, 18, 19, 20, 25, 29, 30 तिथि को विवाह मुहूर्त हैं।
- **मईः** मई में 5, 6, 7, 8, 13, 17, 28 मई को शुभ मुहूर्त हैं। इन दिनों में शुभ विवाह हो सकते हैं।
- **जूनः** जून माह में 1, 2, 4, 7, 8, 9, 10 जून को विवाह होंगे। 11 जून से गुरु अस्त होने से विवाह नहीं होंगे।
- **देव शयन दोषः** इस वर्ष 6 जुलाई से देव शयन दोष लग जाएगा। इसके बाद विवाह 21 नवंबर तक नहीं होंगे।
- **नवंबरः** नवंबर में देव उठनी एकादशी के बाद 22 नवंबर से फिर विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। नवंबर माह में 22, 23, 25, 30 नवंबर को विवाह के मुहूर्त हैं।
- **दिसंबरः** दिसंबर माह में दो दिन 4 और 11 दिसंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।
- **अबूझ मुहूर्त :** साल के कुछ दिन अत्यंत शुभ माने जाते हैं और इन दिनों को विवाह के लिए मुहूर्त की जरूरत नहीं होती है। इस वर्ष 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया, 5 मई को जानकी नवमी, 12 मई को पीपल पूर्णिमा, 5 जून को गंगा दशमी, 4 जुलाई को भड़ल्या नवमी, 6 जुलाई को देवउठनी एकादशी और 2 नवंबर को अबूझ मुहूर्त होने से विवाह हो सकेंगे।

# होली पर लगेगा साल का पहला चंद्र ग्रहण, सूतक का असर नहीं

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इस साल का पहला चंद्र ग्रहण 14 मार्च को लगेगा। यह पूर्ण ग्रहण होगा। यह चंद्र ग्रहण धुलंडी के दिन लगेगा। लेकिन भारत में दिखाई नहीं देने के कारण इस चंद्र ग्रहण का भारत में कोई असर नहीं होगा। ये चंद्र ग्रहण यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका और पैसिफिक में दिखाई देगा। वर्ष 2025 में चार ग्रहण देखने को मिलेंगे। इनमें से दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण होंगे। वर्ष 2025 में कुल दो चंद्र ग्रहण लगने वाले हैं। इनमें से पहला ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा जबकि दूसरा चंद्र ग्रहण भारत में नजर आएगा। दूसरा चंद्र ग्रहण 7 सितंबर 2025 को लगेगा। यह चंद्र ग्रहण पितृ पक्ष की शुरुआत में लगेगा और यह भारत में दिखाई देगा, जिससे इसका सूतक काल मान्य होगा। ज्योतिष शास्त्र में चंद्र ग्रहण विशेष महत्व है। ग्रहण में शुभ कार्य और पूजा करने की मनाही होती है। लापरवाही करने या बरतने से शारीरिक और मानसिक सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।



### चंद्र ग्रहण की तिथि और समय

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 14 मार्च को पहला चंद्र ग्रहण 14 मार्च को फाल्गुन मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन लगेगा। यह ग्रहण भारतीय समयानुसार सुबह 10:41 बजे से दोपहर 14:18 बजे तक रहेगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा जो मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश भाग यूरोप अफ्रीका के अधिकांश भाग, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, प्रशांत अटलांटिक आर्कटिक महासागर, पूर्वी एशिया और अंटार्कटिका, आदि क्षेत्रों में दिखाई देगा। यह भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इस ग्रहण का धार्मिक दृष्टि से भारत में कोई महत्व नहीं होगा। खगोलीय दृष्टि से य यह चंद्र ग्रहण सिंह राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा, इसलिए सिंह राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में जन्मे लोगों के लिए यह ग्रहण विशेष रूप से प्रभावशाली रहने वाला है। चंद्र ग्रहण के दिन चंद्रमा से सप्तम भाव में सूर्य और शनि विराजमान रहेंगे और चंद्रमा को पूर्ण सप्तम दृष्टि से देखेंगे। चंद्र ग्रहण के दिन चंद्रमा से सप्तम भाव में सूर्य और शनि विराजमान रहेंगे और चंद्रमा को पूर्ण सप्तम दृष्टि से देखेंगे। ऐसे में इसका प्रभाव और भी गहरा देखने को मिलेगा। इस दिन चंद्रमा से दूसरे भाव में केतु, सप्तम भाव में सूर्य और शनि, अष्टम भाव में राहु, बुध और शुक्र, दशम भाव में बृहस्पति और एकादश भाव में मंगल विराजमान होंगे। इस प्रकार होली और दीपावली पर सूर्य तथा चंद्र ग्रहण को महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रहण के समय ग्रहों की स्थितिः चंद्र ग्रहण सिंह राशि और उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा, जो इसे विशेष रूप से प्रभावशाली बनाता है। ग्रहण के समय चंद्रमा अपनी राशि सिंह में रहेगा। जबकि सूर्य और शनि चंद्रमा के सातवें भाव में स्थित होकर उस पर पूर्ण सप्तम दृष्टि डालेंगे, जिससे ग्रहणम का प्रभाव तीव्र होगा। केतु चंद्रमा के द्वितीय भाव में स्थित रहेगा, जिससे मानसिक तनाव की स्थिति बन सकती है। राहु, बुध और शुक्र चंद्रमा के आठवें भाव में स्थित होंगे, जिससे कुछ राशियों पर मिश्रित प्रभाव पड़ेगा। गुरु चंद्रमा के दशम भाव में रहेगा, जिससे धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में वृद्धि होगी।

## गंगा माता मंदिर में मनाया बना-बनी महोत्सव

### सीताराम जी की फूलों से सजाई आकर्षक झांकी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** समाज श्री सीताराम जी समाज छोटी चौपड़ द्वारा गंगा माता मंदिर चांदपोल बाजार में बना-बनी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

समाज के मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि भगवान सीताराम की फूलों की अलौकिक झांकी सजाकर ऋतु व्यंजनों का भोग लगाया गया। समाज के सदस्य प्रदीप सेठी ने सीताराम जी की पूजा अर्चना कर परिवार के सभी सदस्यों ने मिथिला पद्धति के अनुसार माता पार्वती की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज के रामगोपाल बूसर रामशरण हल्दिया, अवधेश पोद्दार, नारायण अग्रवाल, रामबाबू झालानी और सभी भक्तों द्वारा बना बनी महोत्सव में पद गाकर सुनाए। प्रदीप सेठी ने सभी भक्तों को माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## जवाहर कला केंद्र में हुआ नाटक 'कोर्ट मार्शल' का मंचन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की पाक्षिक नाट्य योजना के तहत गुरुवार को नाटक 'कोर्ट मार्शल' का सफल मंचन हुआ। स्वदेश दीपक द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन अखिलेश नारायण ने किया है। नाटक की कहानी सामाजिक कानूनों और नियमों पर आधारित है। यह दर्शाता है कि समाज कानून और नियमों के ढांचे पर टिका है लेकिन जब यह ढांचा किसी वर्ग विशेष के साथ भेदभाव करता है तो असंतोष जन्म लेता है।

नाटकी की शुरुआत मंच पर उपस्थित करनल सूरज सिंह के संवाद से होती है। वह इस बात पर विचार करता है कि मेरे पिता राजस्थान के एक रियासत के राजा थे लेकिन आज मैं क्या हूं? नाटक में सेना के जवान रामचंदर के संघर्ष को दर्शाया है जो अपने सीनियर अधिकारी द्वारा जातिगत अपमान और शोषण का शिकार होता है। जब सहनशक्ति की सीमा समाप्त होती है तो विरोध के अन्य रास्ते बंद पाकर वह हिंसा का सहारा लेता है। नाटक में, 'गाली का जवाब गोली से नहीं दिया जा सकता' जैसे संवादो का उपयोग किया गया है।

नाटक इस ज्वलंत प्रश्न को उठाता है कि क्या जातिगत भेदभाव और सामाजिक अन्याय से मुक्त होना संभव है? क्या एक संस्थागत ढांचा भी इससे अछूता रह सकता है? 'कोर्ट मार्शल' केवल सेना तक सीमित नहीं है, यह पूरे समाज के लिए एक आईना है जो हमें आत्ममंथन करने पर मजबूर करता है। नाटक सोचने पर मजबूर करता है कि विरोध के स्वर को कुचलने की बजाय क्या हम समाधान की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं?

## खाटू श्याम जी की विशाल पदयात्रा का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** खाटू श्याम जी के भक्तों के लिए एक विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। विजय पथ के तत्वावधान में 2 मार्च को खाटू श्याम जी की विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजक अनूप गौतम, पूजा शर्मा एवं गोविंद डाबी ने बताया कि यह यात्रा सरपेश्वर महादेव मंदिर से किरन पथ तक निकाली जाएगी और सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी।

यह पदयात्रा भक्तों के लिए न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत होगी, बल्कि उनके श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक भी बनेगी। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, श्याम नाम संकीर्तन और प्रसाद वितरण आदि धार्मिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

## निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में ग्राम सिरोली में निशुल्क मेडिकल कैंप का लगाया गया। मुख्य अतिथि वीजीयू के सीईओ ओंकार बगड़िया ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल के साथ दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य तथा संस्था सदस्य प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल की अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। लगभग 400 ग्रामीणों ने इस अवसर का लाभ उठाया और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्राप्त की। एन.एस.एस. कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुधीर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तहत शिविर का आयोजन किया जिनका उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोगों तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है, ट्रस्ट समन्वयक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि इस शिविर में जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, दंत रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, रक्तचाप, मधुमेह, ई.सी.जी., दवाई सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं।

इस अवसर पर कृष्णा नंदन, डॉ महावीर प्रसाद, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. केविन मोदी, डॉ. भव्या ठाकुर, डॉ. प्राची शर्मा, अविनाश सारस्वत सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे

## प्रताप नगर सेक्टर 14 के नीलकंठ महादेव मंदिर में फागोत्सव कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर सेक्टर 14 स्थित श्रीश्री 1008 नीलकंठ महादेव मंदिर में 1 मार्च को अपराह्न 3:15 बजे से चतुर्थ फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पंडित हरीश महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर के भजन गायक मनोज पारीक, निवाई के महेश खंडवाल और इंदौर की गौरी शरण भजनों की प्रस्तुति देंगी। वहीं मोनू विकास म्यूजिकल ग्रुप एवं कृष्णा साउंड की ओर से साज-साउंड की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में श्री श्याम दरबार बांदीकुई द्वारा बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। वहीं पं. सीताराम दीप प्रज्वलित करेंगे।

## शिविर में 483 यूनिट रक्त एकत्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शास्त्रीनगर के लॉयंस क्लब जयपुर मेट्रो, सीए क्लब व उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के तत्वावधान में गणपति नगर के जनोपयोगी भवन में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान शिविर में करीब 1 हजार से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में करीब 483 रक्त एकत्रित किया गया।

संयोजक लॉयन सुरेंद्र कुमार पांड्या ने बताया कि रक्तदान शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे।

इस दौरान जस्टिस लॉयन नरेन्द्र कुमार जैन, पीएमसीसी लॉयन रोशन सेठी, पीएमसीसी लॉयन गोविंद शर्मा, उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री विनोद मेहता, मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार, जयपुर मण्डल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित व मंडल मंत्री महेश शर्मा मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में 1000 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए 483 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

शिविर में जानना अस्पताल, जयपुरिया अस्पताल, , स्वास्थ्य कल्याण, दुर्लभ अस्पताल ब्लड बैंक आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर लॉयन सोभाग मल अग्रवाल, लॉयन अशोक जैन कोटलर, संयोजक लॉयन सुरेंद्र कुमार पांड्या, लायन नेमी पाटनी, लायन रमेश सेठी व सभी क्लब के अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## शास्त्रीय संगीत समारोह आयोजित

**जयपुर (मसं)।** संगीत आश्रम संस्थान की ओर से चल रहे तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के दूसरे दिन गुरुवार को कोलकाता के कलाकार देबदीप मिश्रा का एकल गायन हुआ। उन्होंने सुरों के खूबसूरत लगाव व ठहराव से विभिन्न रागों का सौंदर्य छलकाया। फिर राग हंस ध्वनि के राग सुर साधे। इसके बाद कलाकार देबदीप मिश्रा ने राग केदार और राग जोग की तीन ताल में निबद्ध बंदिशों की दिलकश प्रस्तुतियों से मौजूद श्रोताओं को आनंदित कर दिया।

## आरक्षण से वंचित एससी-एसटी समाज की बैठक आयोजित




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरक्षण से वंचित एससी-एसटी समाज की संभाग स्तरीय बैठक जोधपुर के झालामंड में आयोजित की गई। बैठक में समाजहित के कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान जोधपुर संभाग के जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई। प्रदेश संयोजक राकेश बिड़ावत एवं सहसंयोजक धनश्याम बड़तिया के सान्निध्य में अध्यक्षता संभाग संयोजक रामगोपाल डिडवाना ने की। इस मौके पर प्रदेश पदाधिकारियों के अतिरिक्त राजेन्द्र कुर्रा, चतराराम देशबन्धु आशाराम बावरी, प्रकाश गारू, महेन्द्र बडेतिया, गणपत लाल गोराम्बा ने अपने विचार रखें।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक राकेश बिडावत ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को राज्य सरकार को लागू करना चाहिए। वहीं, प्रदेश सहसंयोजक धनश्याम बडेतिया ने बताया कि वंचित समाज के उत्थान के लिए आरक्षण में वर्गीकरण जरूरी है।

**जिला संयोजकों व सहसंयोजकों की घोषणा :** जोधपुर संभाग प्रभारी धनश्याम बडेतिया ने जिला संयोजकों व सहसंयोजकों की घोषणा की। जिसमें चतराराम देशबन्धु, आशाराम बावरी को सलाहकार, गणपत गोराम्बा को कोर कमेटी सदस्य, संभाग संयोजक रामगोपाल बडेतिया, संभाग सहसंयोजक राजेन्द्र कुर्रा, जालोर से सरवन गेलाना, जोधपुर से देवीलाल गोराना, बाडमेर से रामाराम गवारिया, पाली से गुमान बावरी, जैसलमेर से खेताराम डोली, सोजत से पुखराज, सिरोही से मदन बंजारा, जोधपुर सहसंयोजक महेन्द्र बडेतिया, कार्यकारिणी सदस्य महेन्द्र बींजरावत को नियुक्त किया।

### नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

# विश्व की सभी समस्याओं का मूल कारण नैतिक पतन : यादव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, मानव कल्याण, मानव जीवन में सद् प्रवृत्ति संवर्धन एवं दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन के लिए गुरुवार को किरण पथ मानसरोवर के वेदना निवारण केंद्र में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ।

आचार्य पीठ से शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राम तपस्या यादव, भास्कर तिवारी, मानसहाय कश्यप, गोपाल सोनी ने यज्ञ का संचालन किया। तपस्या यादव ने कहा कि आज मनुष्य का चिंतन चरित्र और व्यवहार विकृत हो गया है। इसलिए संसार में अवांछनीय घटनाएं घट रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में सारी समस्या का मूल कारण नैतिक पतन है। यज्ञ के माध्यम से मनुष्य के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन होता है। प्रारंभ में देव पूजन वार्ड 70 के पार्षद राम अवतार गुप्ता ने किया। लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर महामृत्युंजय एवं गायत्री महामंत्र की आहुतियां दी। गायत्री परिवार राजस्थान जोन प्रभारी एवं मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि शांतिकुंज में अखंड दीपक के 100 वर्ष पूर्ण होने एवं माता भगवती देवी शर्मा की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर तथा ज्योति रथ कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत मानव जीवन में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए यज्ञ की श्रृंखला चलाई जा रही है। यज्ञ में ट्रस्टी सतीश भाटी, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, व्यवस्थापक आरडी गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र गुप्ता, जिला संयोजक केदार शर्मा, भोजराज पारीक, बृजेश रावत, दिवाकर शर्मा, सीताराम प्रजापति, ललिता शर्मा, रानी शर्मा, गायत्री कचोलिया रामबाबू सिंघल, अशोक गोयल सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने आहुति देकर देश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



# परिसीमन की तलवार से बढ़ी धड़कन

## अपनी जमीन खिसकती देख हिंदी का जबर्दस्ती विरोध कर रहे हैं स्टालिन

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने 'दक्षिणी राज्यों के सिर पर लटकती डी-लिमिटेशन की तलवार' के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर यह साफ कर दिया है कि इस मसले को अब और टालना संभव नहीं होगा। यह भी स्पष्ट है कि इस पहल के जरिए उन्होंने सारे दक्षिणी राज्यों की चिंता को स्वर दिया है। चूंकि जब सियासी आधार ही नहीं रहेगा तो सीटों की संख्या प्रभावित होना तय है। यही कारण है कि अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देखकर स्टालिन ने विलाप शुरू कर दिया है। ऐसा नहीं है कि दक्षिण भारतीय राज्य से पहली बार हिंदी विरोधी मानसिकता को स्वर देने की कोई कोशिश की गई हो, इससे पहले स्टालिन के पिता करुणानिधि समेत और भी कई नेता समय-समय पर ऐसा कुत्सित प्रयास कर चुके हैं। लेकिन यहां यह भी ध्यान में रहना चाहिए कि डी-लिमिटेशन या परिसीमन दरअसल एक संवैधानिक जरूरत है जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि संसद में जनता के प्रतिनिधित्व और आबादी में हो रही बढ़ोतरी का अनुपात ठीक बना रहे। संवैधानिक संशोधन के जरिए पहले 1976 में 25 वर्षों के लिए और फिर 2002 में साल 2026 तक के लिए इसे टाल दिया गया। 2011 के बाद 2021 में जो जनगणना होनी थी, कोविड के चलते वह भी टल गई। हालांकि सरकार ने अभी कोई तारीख नहीं घोषित की है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले साल तक जनगणना का काम पूरा हो जाने के बाद परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होगी। चूंकि परिसीमन का आधार क्षेत्र विशेष की जनसंख्या को बनाया जाता रहा है, इसलिए दक्षिणी राज्यों को डर है कि इसके परिणास्वरूप राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका और अहमियत कम हो जाएगी। उनका डर निराधार नहीं कहा जा सकता क्योंकि जनसंख्या के मामले में दक्षिणी राज्यों के मुकाबले उत्तर भारत कहीं आगे है। आजादी के बाद जहां दक्षिण के राज्यों ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए वहीं परिवार कल्याण योजनाओं के जरिए आबादी की बढ़ोतरी को भी काबू किया। 2011 की जनगणना के मुताबिक जहां उत्तर के सिर्फ दो राज्य-उप्र और बिहार-देश की कुल आबादी का 25 फीसदी थे वहीं साउथ के पांचों राज्य मिलाकर महज 21 फीसदी। ताजा सरकारी अनुमानों के मुताबिक यह प्रतिशत क्रमशः 26 और 19.5 हो चुका है। जाहिर है, आबादी के आधार पर परिसीमन लोकसभा में दक्षिणी राज्यों के सांसदों की संख्या कम करेगा। स्टालिन ने कहा भी है कि तमिलनाडु को कम से कम आठ सीटों का नुकसान होगा। यह भी एक तथ्य है कि दक्षिण के राज्य देश के कॉरपोरेट और इनकम टैक्स में एक चौथाई का योगदान करते हैं जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार का योगदान महज 3 फीसदी बैठता है। इस मसले को कैसे हल किया जाता है, यह देखना होगा लेकिन इस दलील में दम है कि देश के किसी भी हिस्से को उसके अच्छे प्रदर्शन का नुकसान नहीं होने देना चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी के विरोध का इतिहास वर्षों पुराना है। देश को आजादी मिलने से पहले ही हिंदी विरोधी आंदोलनों को हवा मिलती रही है। ये आंदोलन कभी उग्र, तो कभी हिंसक भी हुए। वर्ष 1937 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हिंदी को अनिवार्य किया, तो इसका कड़ा विरोध हुआ। उस समय हुए आंदोलन से ही द्रविड़ राजनीति की बुनियाद पड़ी। इसके बाद तो हिंदी विरोध के नाम पर लगातार आंदोलन और अभियान चलाए गए। इसमें साठ के दशक में हुए आंदोलन को याद किया जाता है। यह विरोध तब शांत हुआ, जब राजभाषा अधिनियम में संशोधन हुआ। मगर यह दुखद ही है कि हिंदी विरोध का सिलसिला आज भी जारी है। जब भी हिंदी को लेकर कोई चर्चा शुरू होती है, उसका तत्काल विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने केंद्र पर राज्य में हिंदी थोप कर 'भाषा युद्ध के बीज' बोने का आरोप लगाया है। किसी भी अन्य भाषा के हावी नहीं होने देने का अपना रुख जता कर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे द्विभाषी नीति से आगे बढ़ने को तैयार नहीं। लेकिन हिंदी का विरोध करते समय हम यह भूल जाते हैं कि सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही हम देश की सांस्कृतिक एकता मजबूत कर सकते हैं। हिंदी बोलने वाले लोग देश के हर कोने में मिल जाते हैं। कोई राज्य अगर अपनी मातृभाषा को महत्व देता है, तो उसकी भावना का सम्मान किया जाना चाहिए। मगर किसी राज्य विशेष का नागरिक दूसरे राज्यों में जाता है, तो हिंदी के बिना उसका काम नहीं चलता। भाषाएं तो एक दूसरे जुड़ कर ही आगे बढ़ती हैं। सही अर्थें में हिंदी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जो पूरे देश को आपस में जोड़ने का काम करती है। अतः यह समझ से परे है कि हमारे विचार विनिमय का सबसे प्रबल माध्यम हिंदी ही है तो फिर इस पर ऐसा वितंडावाद खड़ा क्यों किया जाता रहा है! हम अपने तुच्छ राजनीति स्वार्थों के चलते एक ऐसा उग्र वातावरण बनाकर क्या हासिल करना चाहते हैं जो किसी के लिए भी उचित नहीं है, आज ये प्रश्न आम हिंदुस्तानी को क्या खुद से नहीं पूछना चाहिए! सर्वग्राहीय भाषा से अंतरंगता का भाव विकसित होता है यही हमारे दैनिक जीवन में काम आता है तो फिर भी किसी राज्य विशेष में हिंदी के साथ ऐसा सौतेलापन कैसे न्यायोचित ठहराया जा सकता है! यह स्थिति हास्यास्पद है कि राजनेता अपने स्वार्थ के खातिर डर और भय फैलाकर अपनी बात मनवाना चाहते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले को लेकर चल रही सियासी बयानबाजी के बीच स्टालिन का विरोध नाहक ही है कि हिंदी से उनकी मातृभाषा नष्ट हो सकती है। दरअसल, उन्होंने अपने स्वर तीखे करते हुए साफ कर दिया है कि वे उन्हीं पुराने आंदोलनों के वशंज है, जिसमें हिंदी को लेकर उपेक्षा का गहरा भाव है। स्टालिन यह भूल गए हैं कि हिंदी दिलों को जोड़ने की भाषा है। यह आज भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में समझी और बोली जाती है। लेकिन इस सबके बाद भी तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच यह भाषा और शिक्षा नीति को लेकर जारी टकराव जल्द खत्म होता नहीं दिख रहा। डीएमके हिंदी थोपने और एनईपी के खिलाफ लगातार मुखर हो रही है, जबकि केंद्र सरकार अपनी नीति को सही ठहराने में लगी है। अब देखना होगा कि क्या यह विवाद तमिलनाडु की राजनीति और केंद्र-राज्य संबंधों में कोई बड़ा मोड़ लाएगा!



**तमिलनाडु में हिंदी के विरोध का इतिहास वर्षों पुराना है। देश को आजादी मिलने से पहले ही हिंदी विरोधी आंदोलनों को हवा मिलती रही है। ये आंदोलन कभी उग्र, तो कभी हिंसक भी हुए। वर्ष 1937 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हिंदी को अनिवार्य किया, तो इसका कड़ा विरोध हुआ। उस समय हुए आंदोलन से ही द्रविड़ राजनीति की बुनियाद पड़ी। इसके बाद तो हिंदी विरोध के नाम पर लगातार आंदोलन और अभियान चलाए गए।**

# मलिन सोच से विकृत होती बुद्धि

प्रो. निरंजन कुमार

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। लेकिन उन्होंने विकास के जिस मॉडल की कल्पना की है, वह पश्चिमी देशों की 'विकसित' अवधारणा से अलग है। इसमें भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा भी शामिल है। भौतिक, तकनीकी और वैज्ञानिक विकास के साथ उनका जोर समृद्ध विरासत पर भी उतना ही है। यह विरासत है संस्कारों और जीवन मूल्यों की, उदात्त भावों की और सामाजिक-सांस्कृतिक सातत्य की, जो भारतीय सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था को हजारों वर्ष के आक्रमणों और गुलामी के बावजूद सुरक्षित रखे हुए है। यानी विकसित भारत समृद्धि के साथ संस्कार से भी युक्त हो। जिस तरह की संस्कारहीनता और मूल्यहीनता की ओर भारतीय समाज, खासतौर से युवा पीढ़ी बढ़ रही है, वह खतरे की घंटी है। इसका ताजा उदाहरण है यूट्यूब चैनेल पर 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो में की गई अश्लील और फूहड़ टिप्पणी, जो प्रकारांतर से परिवार व्यवस्था को चुनौती देती दिखाई पड़ रही है। कथित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया का इस शो में 'माता-पिता के अंतरंग जीवन' पर अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी तथा शो के मेजबान समय रैना और एक अन्य प्रतिभागी अपूर्वा मखीजा के बीच का अभद्र संवाद शिष्टाचार और नैतिकता की सभी सीमाओं को तार-तार करने वाला है। इस पर फेसबुक, एक्स सहित अन्य सोशल मीडिया से लेकर मुख्यधारा मीडिया में बवंडर मचा हुआ है। युवाओं की सोच को लेकर सवाल उठ खड़े हुए हैं कि क्या आधुनिकता के नाम पर मूल्यों को तिलांजलि दी जा रही है? अपनी शर्मनाक टिप्पणी से निशाने पर आए यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने भले ही माफी मांग ली हो, लेकिन केवल इससे ही मामला खत्म नहीं हो जाता। मुद्दा नैतिकता, भारतीय संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था और संवैधानिकता से भी जुड़ा हुआ है। समाजशास्त्री दुर्खीम के शब्दों में कहें तो इस मामले ने समूचे देश की 'सामूहिक चेतना' को झकझोर कर रख दिया है। इस पूरे विवाद ने ऑनलाइन कंटेंट की सीमाओं और जिम्मेदारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा को जन्म दिया है, जिसके विभिन्न सांस्कृतिक, नैतिक और संवैधानिक आयाम तो हैं ही, परिवार-सामाजिक व्यवस्था का प्रश्न भी इससे जुड़ा हुआ है। पहला तो यह कि आर्थिक लाभ के लिए सोशल मीडिया या ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फॉलोअर या दर्शकों की संख्या बढ़ाकर अश्लीलता, आपत्तिजनक और हिंसक सामग्री को बेचे जा रहे हैं। इसके लिए लोग किसी भी हद को तोड़ने के लिए तैयार हैं। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ऐसी फूहड़ और अश्लील सामग्रियों की भरमार है, जो किशोरों और युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं।




पूरे प्रकरण का एक पहलू यह भी है कि अधिकांश सामग्रियां पश्चिमी समाज और संस्कृति की नकल या उनसे उधार लेकर परोसी जा रही हैं। 'इंडियाज गॉट लैटेंट' का विवादित शो इसका ताजा उदाहरण है। इसमें जो सवाल उठाया गया है, ठीक वही प्रश्न एक अंतरराष्ट्रीय शो में एक ऑस्ट्रेलियाई कॉमेडियन ने पूछा था। रणवीर ने हू-ब-हू उसकी नकल की है। बताने की आवश्यकता नहीं कि पश्चिमी समाज-संस्कृति भारतीय मूल्य-परंपरा से अलग वैयक्तिकतापरक समाज है, जो परिवार, नैतिकता और मर्यादा के बंधनों को उतना नहीं मानता, जितना भारत के लोग मानते हैं।

पश्चिम में भोग और भौतिकता सर्वोपरि है। प्रश्न है कि क्या हम इसी तरह के भारत के निर्माण की परिकल्पना करते हैं? लगभग पूरा देश रणवीर इलाहाबादिया की निंदा कर रहा है, लेकिन पश्चिमी संस्कृति व मानसिकता से पोषित मैकाले के मानसपुत्र, तथाकथित उदारवादी, वोक और मार्क्सवादी कहलाने वाले कथित बुद्धिजीवी मामले की लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से कोई भी न तो कड़ा विरोध कर रहा है और न ही निंदा, बल्कि रणवीर के खिलाफ हो रही कार्रवाई पर ये लोग 'डार्क ह्यूमर' की विधा से लेकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक की चर्चा कर रहे हैं। आक्रोशित वर्ग सेंसर की बात कर रहा है, जबकि ऐसे लोग स्व-नियमन (सेल्फ-रेगुलेशन) का सुझाव दे रहे हैं। लेकिन सामाजिक दबाव इतना अधिक है कि लाचारी में उन्हें भी कहना पड़ रहा है कि 'रणवीर की टिप्पणी सही नहीं थी' या 'यह हास्यपरक नहीं थी' इत्यादि। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का कदम स्वागत योग्य है। दरअसल, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अश्लीलता, विकृति या अपसंस्कृति को सामान्य या 'कूल' कहने के प्रयास लंबे समय से हो रहे हैं। दुर्भाग्य से किशोर और युवा पीढ़ी धीरे-धीरे इनके जाल में फंसती जा रही है। यह अनायास नहीं कि ऐसे खतरनाक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के फॉलोअर्स लाखों-करोड़ों की संख्या पार कर रहे हैं। लेकिन इनमें जिम्मेदारी की कोई भावना नहीं है। इस घृणित टिप्पणी पर उन्हें जोरदार तालियां मिलना चिंता की बात है। इससे भी बड़ी चिंता यह है कि माता-पिता के प्रति जो सम्मान-सेवा का भाव होता है, भाई-बहन का जो प्रेम होता है या परिवार में एक सौहार्द और उदात्त वातावरण होता है, उसे ऐसी सामग्री और कथ्य ध्वस्त कर रहे हैं। परिवार व्यवस्था, जो भारतीय समाज-संस्कृति की आधारशिला और सबसे बड़ी शक्ति रही है, उस पर आज अनजाने या जानबूझकर एक षड्यंत्र के तहत चोट हो रही है। समय आ गया है कि डिजिटल माध्यमों से परोसी जा रही सामग्री की कड़ी निगरानी की जाए। इसके लिए सीमाएं तय करनी ही होंगी। इस मामले में जो लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का धूर्ततापूर्ण सवाल उठा रहे हैं, उन्हें समझना चाहिए कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत 'शिष्टाचार या नैतिकता' के आधार पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। यह प्रतिबंध मुख्य रूप से अश्लीलता, अनैतिकता और सामाजिक मर्यादा से जुड़े मामले में लागू होते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने रंजन द्विवेदी बनाम भारतसंघ वाद (2017) में कहा भी है कि अश्लीलता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में संतुलन जरूरी है। सार्वजनिक शालीनता को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। यह पाबंदी फिल्म, साहित्य, कला और सोशल मीडिया पर भी लागू होती है। सर्वोच्च न्यायालय लगातार कहता रहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आवश्यक तो है, लेकिन इसका दुरुपयोग नफरत फैलाने वाले भाषण, मानहानि, अश्लीलता या सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले की सुनवाई के दौरान भी स्पष्ट किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि किसी को भी अश्लीलता या ऐसी सामग्री को बढ़ावा देने की असीमित छूट मिल जाए, जो समाज के नैतिक मूल्यों को गिराने का काम करे।

न्यायालय ने जोर देकर कहा है कि ऑनलाइन सामग्री पर तत्काल कड़े नियम लागू करने की आवश्यकता है, ताकि ऐसी सामग्रियों के प्रसार को रोका सके, जो भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करती हैं। भारत का संवैधानिक ढांचा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है, लेकिन इसे सार्वजनिक शालीनता और नैतिकता के साथ संतुलित रखना आवश्यक है। साथ ही, न्यायालय ने चेताया कि यदि इस प्रकार की घटनाओं को अनियंत्रित छोड़ा गया तो यह एक खतरनाक उदाहरण स्थापित करेगा और नैतिक व सामाजिक मूल्यों के पतन को और प्रोत्साहित करेगा। निसंदेह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नैतिक पतन और सांस्कृतिक गिरावट को सही ठहराने या उसका कुप्रचार करने के लिए नहीं किया जा सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर संस्कारहीनता, मूल्यहीनता और अपसंस्कृति की छूट नहीं दी जा सकती। पारिवारिक संबंधों, परिवार की मर्यादा और सामाजिक स्थायित्व को बनाए रखना भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक अस्तित्व के लिए तो जरूरी है ही, एक सच्चे और संस्कारयुक्त विकसित भारत के निर्माण के लिए भी अनिवार्य है।

# अब शशि थरूर गांधी परिवार के अगले शिकार

अभय कुमार

**शशि थरूर** लम्बे समय से गांधी परिवार के निशाने पर हैं। शशि थरूर ने जब से कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए गांधी परिवार के पसंदीदा मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ चुनाव लड़ा तब से वो गांधी परिवार की आंखों में खटक रहे हैं। सोनिया गांधी और गांधी परिवार को इस बात की आशंका है कि आने वाले समय में जब राहुल या प्रियंका गांधी को पार्टी सौंपने की बारी आएगी तब शशि थरूर उनके राह में रोड़ा बन सकते हैं। थरूर हर मामले में राहुल या प्रियंका गांधी पर बीस पड़ते हैं। गांधी परिवार उनसे जल्द से जल्द पल्ला झाड़ना चाहता है। गांधी परिवार ने अपनी इसी योजना को अंगीकार करने को लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई नेताओं के लिए ऐसी स्थिति तैयार कर दी, जिससे कि उनको पार्टी छोड़ना पड़े। थरूर को संसद में बोलने का नहीं या बहुत ही कम मौका देना उनकी अहमियत को कम करना और उनको पार्टी छोड़ने का संकेत देने के जैसा ही है। कुछ इन्हीं परिस्थितियों में पूर्व में शरद पवार, स्वर्गीय संगमा, ममता बनर्जी, जगनमोहन रेड्डी सहित दर्जनों नेताओं को कांग्रेस पार्टी को छोड़कर अपना दल बनाना पड़ा या किसी अन्य दल में जाना पड़ा।

दूसरा गांधी परिवार और केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन के परिवारों में एक गुप्त समझौते के संकेत है, जिसमें वायनाड सीट से गांधी परिवार का सदस्य चुनाव लड़ेगा और गांधी परिवार के खिलाफ माकपा और एलडीएफ कमजोरी से चुनाव लड़ेगी वहीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी कमजोरी से चुनाव लड़ेगी और पी विजयन को अपने पद पर काबिज रहने में मदद करेगी। गांधी परिवार और पी विजयन के परिवारों का सबसे बड़ा ध्येय अपने परिवार को राजनीति में आगे बढ़ना और राजनीतिक विरासत सौंपना है। इसी योजना के तहत पी विजयन ने अपने दामाद मोहम्मद रियास को अपने मंत्रिमंडल में स्थान देने के साथ ही राज्य में माकपा और एलडीएफ का अगला मुख्यमंत्री नामांकित करना है। इसी योजना के तहत गांधी परिवार की केरल की पार्टी इकाई के प्रति कोई भी योजना नहीं दिख रही है। अब गांधी परिवार जानबूझ करके केरल में पार्टी को कमजोर स्थिति में ही रहने देगा। केरल की राजनीति में अब गांधी परिवार को केवल वायनाड से ही नाता शेष रह गया है। गांधी परिवार की केरल की राजनीति वायनाड से शुरू होकर वहीं पर फित्म भी हो जाती है। अगर हम विगत 2021 के केरल के विधानसभा चुनाव की बात करें तो पाते हैं कि उस चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी कभी भी मजबूती से चुनाव लड़ती नहीं दिखी। ऐसा लगा कि कांग्रेस पार्टी खुद हारने और माकपा नीट लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट को चुनाव जिताने के लिए लड़ रही हो।



केरल की राजनीति में 1982 से ही माकपा नीत एलडीएफ और कांग्रेस पार्टी नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट में सीधी टक्कर की परंपरा है। 2016 तक हर चुनाव में दोनों गठबंधनों में सत्ता का अदल-बदल होता रहा, मगर 2021 में पहली बार यह परंपरा 80 के दशक के बाद टूट गई और माकपा ने दोबारा सत्ता में वापसी की।

2021 के केरल विधानसभा चुनाव में यूडीएफ में कांग्रेस पार्टी ने 93 सीटों पर चुनाव लड़ा और महज 21 सीट ही जीत सकी वही इस गठबंधन की दूसरी बड़ी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 25 सीटों पर चुनाव लड़कर 15 सीट जीती। यानी यूडीएफ गठबंधन में कांग्रेस 93 सीट और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग 25 पर सीट लड़कर लगभग बराबर सीट जीतती है। यह स्पष्ट बताता है कि कांग्रेस पार्टी ने पूरी तैयारी से चुनाव नहीं लड़ा। 1982 के बाद यह कांग्रेस पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन रहा था। शशि थरूर ने यह कहकर कि कांग्रेस जिस हालात में हैं, उसमें अगले विधानसभा चुनाव 2026 में भी कांग्रेस पार्टी विपक्ष में ही बैठेगी गांधी परिवार और पी विजयन की कमजोर नस पर अपना हाथ रख दिया है। अब गांधी परिवार ऐसी स्थिति पैदा करेगा की थरूर खुद ही पार्टी छोड़कर चले जाएं। बदनामी और गुप्त सांठगांठ को छुपाने के लिए गांधी परिवार थरूर पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

शशि थरूर कांग्रेस पार्टी द्वारा अपनी अनदेखी से काफी दुखी और त्रस्त हैं। चौथी बार के सांसद होने के नाते लोकसभा में थरूर को नेता या उपनेता का पद अवश्य मिलना चाहिए था। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई तीसरे बार के सांसद हैं। मगर थरूर को किनारे करने के लिए गौरव गोगोई को यह पद दिया गया है, क्योंकि वो पूर्वोत्तर इलाके से हैं। मगर कांग्रेस पार्टी इस तथ्य को दबाने का प्रयास करती हैं कि पूर्वोत्तर इलाके के असम के ही धुबड़ी लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के रकीबुल हुसैन ने देश में सर्वाधिक मतों से आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के सर्वेसर्वा और देश के बड़े नेता बदरुद्दीन अजमल को 10 लाख से भी अधिक मतों से हराया है, जो कांग्रेस पार्टी के एक-तिहाई से अधिक 34 सांसदों के जीत के अंतर के बराबर है इससे यह भी स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी कोई खास मकसद से ही कई नेताओं के दावे को दरकिनार करके गौरव गोगोई को लोकसभा में उपनेता का पद दिया है।

## राशिफल

**आज दिनांक 28 फरवरी, 2025, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, शतभिषा नक्षत्र, किस्तुघन करण, सिद्ध योग, राहुकाल: सुबह 11:12 से 12:39 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:53 बजे, सूर्यास्त सायं 6:25 बजे, चंद्रोदय सुबह 6.59 बजे, चंद्रास्त सायं 6:57 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:16 बजे से 1:02 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:16 से 6:04 बजे तक, चंद्रमा कुंभ राशि में संचार करेगा।**



आज के दिन आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। पैसों से जुड़े सौदे बेहद सावधानी के साथ करें। छोटी-मोटी सेहत से जुड़ी समस्या हो सकती है। इसलिए बाहर के खाने से परहेज करना आपके लिए बेहतर रहेगा। दूसरों को यह बताने के लिए ज्यादा उतावले न हों कि आज आप कैसा महसूस कर रहे हैं।



कॅरियर के मामले में कुछ लोगों को अपनी मेहनत का फल मिल सकता है। लव लाइफ में पार्टनर के साथ बहस करने से बचें। कोई नई डील मिल सकती है। आपकी मुलाकात एक ऐसे दोस्त से होगी, जिसे आपका खयाल है और जो आपको समझता भी है।



जीवन का आनंद लें। अपनी एनर्जी का उपयोग करें और दुनिया को अपना व्यक्तिगत पक्ष दिखाएं। आज आपको उस व्यक्ति के साथ कुछ खास समय बिताने का मौका मिलेगा, जिसे आप पसंद करते हैं। आज का दिन क्रिएटिव रहने वाला है। भागीदार आपकी योजनाओं और व्यावसायिक खयालों के प्रति उत्साही होंगे।



व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरुआत होगी।



किसी भी बुरी घटना के बारे में कोई जानकारी हो जाए तो हम शायद खुद को पहले ही सावधान कर सकते हैं, ताकि उस घटना के कारण किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचे। ऐसे में कोई भी जोखिमकारक काम आज करने से बचना चाहिए। वरना इससे बड़े नुकसान की संभावना है।



अपने नकारात्मक रवैये के चलते आप प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। यह इस बात को समझने का सही वक्त है कि चिंता की आदत ने आपके सोचने की क्षमता को खत्म कर दिया है। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। आज आपका धन कई चीजों पर खर्च हो सकता है, अत:अच्छा बजट प्लान करें।



आपका झगड़ालू स्वभाव आपके दुश्मनों की सूची लम्बी कर सकता है। किसी को खुद पर इतना नियंत्रण न दें, कि वह आपको नाराज कर सके और जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े। आज के दिन आपको अपने करीबी लोगों से बचकर रहने की जरूरत है।



आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा, क्योंकि आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। अटके हुए मामले और घने होंगे व खर्चे आपके दिमाग पर छा जाएंगे। आपका मजाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इजाफा करेगा।




अपने काम के लिए दूसरों पर दबाव न डालें। दूसरे लोगों की इच्छाओं और दिलचस्पियों पर भी गौर करें, इससे आपको दिली खुशी हासिल होगी। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी।



सेहत अच्छी रहेगी। इस राशि के कुछ लोगों को आज संतान पक्ष से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। आज आपको अपनी संतान पर गर्व महसूस होगा। घरेलू मामलों और काफी समय से लंबित घर के काम-काज के हिसाब से अच्छा दिन है।



आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तेल से मालिश करें। जीवनसाथी से पैसों से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर आज बहस होने की आशंका है। आज आपकी फिजूलखर्ची पर आपका साथी आपको लेक्चर दे सकता है।



आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफी वक्त देंगे। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। बच्चों से मिली खुशखबरी दिन बना सकती है।

## व्यवहार का ज्ञान

### प्रेरक प्रसंग

**एक** गांव की चार महिलाएं कुएं पर पानी भरने गईं, पानी भरते समय चारों महिलाएं इधर-उधर की बातें कर रही थीं। कुछ समय बात करने के बाद वह अपने बेटों की तारीफ करने लगीं। पहली महिला बोली, मेरा बेटा काशी से पढ़कर आया है, वह संस्कृत विषय का विद्वान हो गया है। बड़े से बड़ा ग्रंथ उसे मुंह जुबानी याद है और वह बड़े विश्वविद्यालय में नौकरी भी करने लगा है। दूसरी महिला बोली, मेरे बेटे ने विज्ञान की पढ़ाई की है, वह वैज्ञानिक बन गया है और एक दिन सबसे बड़ा वैज्ञानिक बन जाएगा। तीसरी महिला बोली, मेरे बेटे ने अच्छी शिक्षा ली है, वह शिक्षक बन गया है और दूसरे गांव के विद्यालय में पढ़ाने के लिए जाता है। चौथी महिला यह सब कुछ चुपचाप सुन रही थी लेकिन उसने कुछ नहीं बोला। बाकी महिलाओं से रहा नहीं गया और उन्होंने उस महिला से पूछा- बहन, तुम बताओ तुम्हारा बेटा आजकल क्या कर रहा है? इस पर चौथी महिला ने थोड़ा संकोच करते हुए धीमी आवाज में कहा, मेरा बेटा पढ़ा लिखा नहीं है, वह खेतों में काम करता है। यह सब बातचीत होने के बाद चारों महिलाएं पानी का घड़ा लेकर अपने घरों की ओर चलने लगीं। तभी पहली महिला का बेटा आता दिखाई दिया। उसने अपनी मां के साथ अन्य महिलाओं को नमस्कार किया और आगे चला गया। इसी तरह दूसरी और तीसरी महिला के बेटे भी रास्ते में मिले और सभी को नमस्कार करते हुए आगे बढ़ गए। थोड़ी देर बाद चौथी महिला के बेटे ने जब रास्ते में अपनी मां को सिर पर पानी का घड़ा लेकर आते देखा तो दौड़कर आया। उसके सिर से घड़ा उतार लिया और बोला, तुम क्यों चली आई, मुझे कह दिया होता। यह कहकर वह घड़ा अपने सिर पर रख घर की ओर चल दिया, तीनों महिलाएं देखती रह गईं।

**सीख-** जिंदगी में केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं होता है, बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान का होना भी आवश्यक होता है। हमें यह सीखना होगा कि किताबी ज्ञान केवल ज्ञान बढ़ाने के लिए होता है, उस ज्ञान का उपयोग हमें इस दुनिया में ही करना है तो हमें इस दुनिया के तौर-तरीके और व्यवहार सीखने होंगे।

## सुडोकु 2036

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | | |
| | | | 7 | 6 | | | 3 | |
| | 1 | | | | 2 | 4 | | |
| | | 6 | | | | 1 | | 9 |
| | | 5 | | | 4 | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 7 | | | | | 9 | 8 |
| | 9 | | | 4 | 5 | | | 1 |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2035 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 3 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



## संक्षिप्त समाचार

## खुदाई के दौरान पाइप लाइन डैमेज होने से गैस लीक, हादसा टला



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कालवाड़ रोड पर 9 दुकान के पास जेसीबी से खुदाई के दौरान पीएनजी गैस पाइप लाइन डैमेज हो गई, जिससे गैस लीक होने लगी। रिसाव को देखते हुए सड़क के दोनों तरफ 500-500 मीटर पर ट्रैफिक रोक दिया गया। इसके बाद कंपनी के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद पाइप लाइन ठीक हुई, इसके बाद ट्रैफिक शुरू किया गया। घटना करधनी थाना इलाके में 9 दुकान के पास की है। सीआई सवाई सिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12.10 बजे बीसलपुर लाइन डालने के लिए जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान कालवाड़ रोड पर 9 दुकान के पास एसीपी कार्यालय के बाहर जेसीबी ड्राइवर ने टोरेंट कंपनी की लाइन को डैमेज कर दिया। पाइप लाइन डैमेज होने पर गैस रिसाव शुरू हो गया। मजदूरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सीआई करधनी सवाई सिंह ने बताया कि समय पर जानकारी मिलने से कंपनी की टीम मौके पर पहुंच गई, जिससे गैस का अधिक रिसाव नहीं हुआ। अगर गैस का अधिक रिसाव हुआ होता और बड़ा हादसा हो सकता था। कई किलोमीटर का एरिया इस गैस की चपेट में आ जाने से बड़ी घटना हो सकती थी। समय पर पुलिस ने एक्शन लिया और लोगों को इस जगह से दूर कर दिया।

### जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, चार घायल

**बांदीकुई (मसं.)।** नांगल झामरवाड़ा गांव में गुरुवार को जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला होने से चार लोग घायल हो गए। घटना में अवधेश सिंह और नरसिंह के पक्ष शामिल थे। दोनों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष जमीन पर अपना-अपना दावा कर रहे थे। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस हिंसक झड़प में अवधेश सिंह, रवि सिंह, नरसिंह और रामूसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब आधे घंटे तक चले इस संघर्ष के बाद सभी घायलों को पहले बांदीकुई उपजिला अस्पताल ले जाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चारों को जयपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है।



## प्रेमी के नाराज होने पर फंदे से झूली प्रेग्नेंट नाबालिग लड़की



महानगर संवाददाता

**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना इलाके में 14 साल की सात महीने की प्रेग्नेंट लड़की ने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। मौके पर मिले सुसाइड नोट में उसने प्रेमी के बात नहीं करने और नाराज होने पर यह कदम उठाने की बात कही। उसने सुसाइड नोट में लिखा कि मिस यू मॉम डेड, मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना, मैंने अपनी इज्जत खराब कर दी। मैंने सोचा नहीं था कि वह ऐसा करेगा। मैं सात महीने की प्रेग्नेंट हूं और वह मुझसे बात भी करना नहीं चाहता तो मैं कहां जाऊं इस बच्चे को लेकर। अब कोई उम्मीद मत रखना मुझसे। मेरा शव उसी के घर पर रखना। उसे पता तो चले कि एक लड़की की इज्जत खराब करने में क्या होता है। मेरा शव उसके घर पर ही जलाना। धम्बोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि एक व्यक्ति ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह और उसकी पत्नी अहमदाबाद में कंपनी में काम करते हैं। उसकी 3 बेटियां और एक बेटा घर पर ही माता-पिता के साथ रहते हैं। थानाधिकारी ने बताया कि उसकी एक बेटी ने फोन कर बताया कि उसकी बहन कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। इस पर दोनों पति-पत्नी गुरुवार सुबह अपने घर आए। घर पर 14 साल की बेटी का शव पड़ा था। उसके गले में फंदे के निशान थे। खाट पर साड़ी पड़ी हुई थी। लड़की के पास एक नोट मिला है। थानाधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना पर धम्बोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं पुलिस मामले में कई एंगल से जांच कर रही है।

## फिल्म 'बंटी और बबली' की तर्ज पर ठगे थे 1.95 करोड़

महानगर संवाददाता

**सीकर।** कोतवाली थाना पुलिस ने 1.95 करोड़ रुपए की ठगी करने का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 करोड़ 85 लाख रुपए भी बरामद कर लिए हैं। आरोपियों ने फिल्म बंटी और बबली की तर्ज पर वारदात को अंजाम दिया था।

ठगी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक महिला सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीकर एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता मोहम्मद सलीम निवासी तारानगर ने कोतवाली पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसे सीकर के रहने वाले कैलाशचंद तिवाड़ी व इमरान ने जगमालपुरा नवलगढ़ रोड पर 10 बीघा जमीन दिखाई और सौदा तय किया। जमीन का सौदा 2 करोड़ 50 लाख में हुआ। जिसमें मोहम्मद सलीम ने साई पेटे 10-10 लाख रुपए दो बार में साबिर हुसैन निवासी सीकर को दिलवाए और एक कच्ची लिखावट भी की। इसके बाद कैलाश तिवाड़ी व इमरान ने शब्बीर हुसैन के घर मोहम्मद सलीम को बुलाया। इसके बाद कैलाश तिवाड़ी ने मोहम्मद सलीम से कहा कि वह जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस चला जाए। तब सलीम रजिस्ट्रार ऑफिस आ गया, लेकिन आरोपी नहीं आए और सभी ने फोन भी बंद कर लिए। इसके बाद सलीम को ठगी का पता चला। आरोपियों ने धोखाधड़ी कर सलीम से पैसे हड़प लिए। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी और मामले को गंभीरता से देखते हुए टीम का गठन किया। इस दौरान पुलिस टीम ने इमरान व इजाजुदीन को ट्रेन से डिटेन कर लिया और इनके कब्जे से लाखों रुपए भी बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने ठगी में शामिल सभी आरोपियों को अलग-अलग ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कैलाशचंद, शहादत अली, ममता देवी, इमरान, इजाजुदीन व इमरान के रूप में हुई है। पकड़े गए सभी आरोपी सीकर के रहने वाले हैं।

### बड़े मार्ट में डिब्बों के बेच नंबर और एक्सपायरी डेट की फोटो खींचकर करता था फर्जीवाड़ा

# सरस-कृष्णा ब्रांड के नाम नकली घी बेचने वाला मास्टमाइंड धरा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर में सरस और कृष्णा ब्रांड के नाम पर नकली घी बनाकर बेचने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी बैच और एक्सपायरी डेट प्रिंट करवाकर सामान बेचता था। पुलिस इस मामले में दो लोगों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मनीष कुमार मौके से भाग गया था, जिसे गुरुवार को गिरफ्तार किया गया, जो पूरी फर्जीवाड़े का मास्टर माइंड है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बड़े मार्ट में जाता था और वहां घी के डिब्बों के बैच व एक्सपायरी डेट की फोटो खींच कर लाता था, जो फैक्ट्री में नकली डिब्बों पर लगा देता था। इससे किसी को शक भी होता तो वे बैच और एक्सपायरी डेट से नहीं पकड़ पाते थे। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए नकली खाद्य सामग्री बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश सभी थाना सीआई को दिए गए थे। इस दौरान मुहाना थाना पुलिस ने नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था, लेकिन गैंग का मुख्य सरगना मनीष गुप्ता फरार हो गया था।

### प्रिंट करने वाली मशीन व कार जब्त

**गैंग** का मुख्य सरगना मनीष अपनी पहचान बदलकर दिल्ली, उत्तरप्रदेश व राजस्थान राज्य के अलग-अलग शहरों में फरारी काट रहा था। टीम को मुखबिर से सूचना मिली। इस पर जयपुर स्थित उसके ठिकानों पर दबिश दी और सरगना मनीष कुमार को दबोचा। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से सरस व कृष्णा कम्पनी के डिब्बों पर नकली बैच व एक्सपायरी डेट प्रिंट करने वाली मशीन और नकली घी तैयार करने के लिए कच्चा माल लाने व तैयार नकली घी को मार्केट में पहुंचाने में प्रयुक्त कार बरामद की है।

### फैक्ट्री पर छापा मारकर पकड़े थे दो बदमाश

**डीसीपी** साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने चार माह पहले नकली घी की फैक्ट्री पर छापा मारकर वहां से नकली घी के साथ इकरार खांन पुत्र वहीद खान निवासी गांव पाटकपुरा शाहपुर ब्राह्मण पुलिस थाना त्रिताहट आगरा यूपी और समीर खान पुत्र साबुद्दीन निवासी ग्राम छिमारा पोस्ट हेवरा थाना वैदपुरा ईटावा यूपी को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के दौरान गैंग का मुख्य सरगना मनीष गुप्ता फरार हो गया था, जिसकी पुलिस को तलाश थी।

### सीसीटीवी में पुलिस के हाथ कोई सबूत नहीं लगा तो हुआ शक, दो बदमाश गिरफ्तार

# इंश्योरेंस का क्लेम लेने के लिए रची लूट की झूठी साजिश

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर की मुहाना थाना पुलिस ने गुरुवार को ज्वेलरी लूट की झूठी सूचना देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट की सूचना मिलने पर घटना स्थल के आसपास लगे हुए सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन पुलिस के हाथ कोई सबूत नहीं लगा, जिससे पता चल सके की लूट की वारदात हुई है। इसके बाद पुलिस को शिकायतकर्ता पर शक होने लगा।

इस पर पुलिस ने शिकायत करने वाले से सख्ती से पूछताछ की तो उसने झूठी सूचना देने की बात स्वीकार की। इस पर मुहाना थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सुन्दर नगर चीलगाड़ी रेस्टोरेंट के पीछे कोई अज्ञात व्यक्ति पर्स, ज्वेलरी व 10 हजार लूट ले गए। लूट की वारदात की गंभीरता को देखते हुए अपराधियों की धरपकड़ और वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए गए। इस पर एडिशनल डीसीपी ललित शर्मा के मार्गदर्शन और एसीपी मानसरोवर आदित्य काकड़े ने निरंतर मॉनिटरिंग रखी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी रवि मोरानी पुत्र रमेश मोरानी निवासी जनपथ लेन नं. 8, राणी सती नगर, निर्माण नगर और अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल रफीक निवासी भोजपुरा कॉलोनी सहकार मार्ग ज्योतिनगर हाल एनबी स्टाफ कॉलोनी गणेश विहार हसनपुरा को गिरफ्तार कर लिया।

### झूठी व मनगढ़ंत कहानी बनाकर करता रहा गुमराह

सीआई उदय यादव ने बताया कि घटना के तुरंत बाद ही घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। घटना के संबंध में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई। सूचनाकर्ता बार-बार पुलिस को झूठी मनगढ़ंत कहानी बनाकर गुमराह करता रहा। घटना के तथ्य झूठे होने की आशंका पर पुलिस ने सूचनाकर्ता से सख्त पूछताछ की। इस पर आरोपी ने झूठी सूचना देना कबूला। आरोपी ने बताया कि उस पर कर्जा बहुत अधिक हो रखा था, उसने गहनों का इंश्योरेंस करा रखा था। इंश्योरेंस का क्लेम लेने के लिए ही उसने लूट की झूठी साजिश रची थी। इस मामले में पुलिस उसे और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया।

## ई-मित्र की दुकान में दिनदहाड़े चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

दोनों के खिलाफ दर्ज हैं कई आपराधिक मामले, वारदात में यूज बाइक जब्त



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर के बिंदायका थाना इलाके में ई-मित्र की दुकान में दिनदहाड़े गल्ला तोड़कर चोरी की वारदात करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक भी रिकवर की है, जिसका उपयोग बदमाशों ने वारदात में किया था। दोनों युवकों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिंदायका थाना सीआई विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि दीपक कुमार ने एक रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि उसकी बिन्दायका में जोचल ई-मित्र सेंटर के नाम से दुकान है। वह काउंटर के गल्ले के लॉक लगाकर किसी काम से पास ही बस स्टैंड पर दूसरे ई-मित्र की दुकान पर गया हुआ था। जब वह दुकान पर वापस आया तो एक बदमाश मुंह बंधा हुआ था, जिसने काउंटर में रखी दूसरी चाबी से गल्ला खोला और करीब 1 लाख 63 हजार रुपए, आधार कार्ड व पेन कार्ड चुराकर अपने साथी के साथ भाग गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो युवक की करतूत कैद मिली। जांच में सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगे, जिसमें बाइक पर दो युवक भागते हुए दिखाई दे रहे थे। इस पर पुलिस टीम को बदमाशों के पीछे लगाया गया। इस पर गुरुवार को आरोपी सौरभ वर्मा उर्फ बंटी पुत्र शंकर लाल निवासी गांव हिम्मतपुरा बगरु हाल किरायेदार बिन्दायका थाना और हर्ष पुत्र सायर सिंह निवासी लक्ष्मी विहार कॉलोनी जयभवानीपुरा निमेड़ा बिन्दायका को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 34 हजार 680 रुपए रिकवर किए गए। बाकी पैसे को बदमाशों ने नशे में उड़ा दिए, साथ ही कुछ पैसा भागने में लग गए।

## अफीम की अवैध खेती का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार



### 5600 वर्गमीटर में फैली खेती की नष्ट, 78 हजार से ज्यादा पौधे जब्त

महानगर संवाददाता

**डीडवाना।** परबतसर पुलिस ने डीडवाना-कुचामन जिले में अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम बांसडा में 5600 वर्गमीटर क्षेत्र में फैली अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इस दौरान 78,611 गीले अफीम के पौधे जब्त किए गए। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में एक मेसी ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में परबतसर के अरत निवासी 25 वर्षीय पांचुराम को गिरफ्तार किया है। मामले का मुख्य आरोपी बासड़ा निवासी नौरताराम (उदाराम का दत्तक पुत्र) फरार है। इसके अलावा इस मामले में भंवराराम और हेमाराम नाम के दो अन्य आरोपी भी शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी जगदीश मीणा और उप-निरीक्षक मुन्नालाल विश्नोई समेत 19 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेन्द्र जैन और वृत्ताधिकारी भवानीसिंह की निगरानी में यह अभियान चलाया गया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। थानाधिकारी मकराना सुरेश कुमार आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई का संकेत है।

## नीलगाय को बचाने के चक्कर में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, ड्राइवर की मौत

महानगर संवाददाता

**चूरू।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में एनएच-52 पर रामसरा गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने अचानक नीलगाय आ गई। ड्राइवर ने नीलगाय को बचाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। इससे ट्रैक्टर चला रहे युवक की मौत हो गई। सदर थाने की हैड कांस्टेबल धापी देवी ने बताया कि हरियाणा के सिरसा जिले के नाथोर गांव निवासी प्रहलाद ने रिपोर्ट दी है। उसने बताया कि वह अपने छोटे भाई साहिल के साथ चारा लेकर जा रहा था।

ट्रैक्टर को साहिल चला रहा था। इस दौरान एनएच-52 पर रामसरा गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने अचानक नीलगाय आ गई। साहिल ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर पलट गया। उसके नीचे दबने से साहिल की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना की हैड कांस्टेबल धापी देवी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### परिजनों ने युवती पर लगाया रुपए की डिमांड व मारपीट करने का आरोप

## गर्लफ्रेंड से परेशान होकर एसएससी कैंडिडेट ने किया सुसाइड

महानगर संवाददाता



**कोटा।** शहर के भीमगंजमंडी इलाके में एसएससी की तैयारी कर रहे युवक ने गर्लफ्रेंड से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसका एक युवती के साथ अफेयर था। सुसाइड से पहले युवक के साथ मारपीट की गई थी। युवती पर रुपए की डिमांड करने का भी आरोप लगाया है। भीमगंजमंडी थाने के हैड कांस्टेबल जनकराम ने बताया कि जितेंद्र उर्फ सेंकी नंदाजी बाड़ी खेड़ली फाटक इलाके में रहता था, जो निर्माणाधीन मकान में फांसी पर लटका मिला। परिजन उसे नीचे उतारकर एमबीएस हॉस्पिटल लाए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। कांस्टेबल जनकराम ने बताया कि परिजनों ने शिकायत दी है कि जितेंद्र का किसी युवती के साथ अफेयर चल रहा था। जितेंद्र के मामा जयप्रकाश ने बताया कि जितेंद्र एसएससी की तैयारी के साथ प्राइवेट जॉब करता था। वह किसी हॉस्टल में वार्डन था। 5 साल से उसका एक युवती से अफेयर चल रहा था। एक साल से युवती जितेंद्र से पैसे की डिमांड कर रही थी। युवती के भाई ने जितेंद्र को अपनी दुकान में बुलवाया और दुकान के अंदर बंद कर जमकर पीटा। मामा का आरोप है कि युवती के भाई ने जितेंद्र को पीटा और उससे रुपए की डिमांड की। इसका पता लगने पर वह मौके पर गया और अंदर जाकर जितेंद्र को छुड़वाया। बाद में जितेंद्र अपने निर्माणाधीन मकान में चला गया। मकान में गया तो जितेंद्र नल के पाइप पर फांसी पर लटका हुआ था। युवती के भाई ने 4-5 दिन पहले जितेंद्र का मोबाइल छीन लिया था। जितेंद्र की मौत की सूचना मिलते ही युवती के परिजनों ने मोबाइल व गिफ्ट वापस लौटा दिए। जितेंद्र काफी समय से तनाव में था। उसके पिता ऑटो चलाते हैं।

### मां के गहने व रुपए लेकर बिना बताए घर से निकली नाबालिग



**अलवर (मसं.)।** जिले के रैणी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग करीब 5 महीने पहले अपनी मां के गहने व नकद रुपए लेकर घर पर किसी को बिना बताए चली गई, जिसकी पुलिस को तलाश है। नाबालिग सीमा की गुमशुदगी उसके पिता उदल राम ने रैणी पर थाने में दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि नाबालिग बालिका सीमा रात के समय करीब 2 बजे अपनी मां के गहने व नकद रुपए लेकर चली गई। पिता की रिपोर्ट पर एमपीआर दर्ज कर नाबालिग की तलाश की जा रही है। रैणी थाना क्षेत्र के पाली गांव से लापता नाबालिग सीमा प्रजापत पुत्री उदल राम है, जिसकी उम्र 17 साल, रंग सांवला व कद 5 फिट है। गुमशुदा सीमा प्रजापत के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर संबंधित थानाअधिकारी रैणी व जिला पुलिस अधीक्षक अलवर को सूचित किया जा सकता है।

**वारदात** | गिरफ्तार सभी आठ आरोपी हिस्ट्रीशीटर, दर्ज हैं कई आपराधिक मामले, दो गाड़ियां जब्त

# लूट की साजिश रचते अवैध हथियारों के साथ धरे बदमाश

महानगर संवाददाता



**कोटपूतली।** पुलिस ने अवैध हथियारों व डंडों के साथ आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, इनके कब्जे से दो गाड़ियां भी जब्त की गई है। सभी आरोपी लूट की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। ये सभी हिस्ट्रीशीटर हैं और सभी पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनको पकड़ने के बाद एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एसपी पूजा वशिष्ठ ने बताया कि साइबर सेल की मदद से सीआईए महेंद्रगढ़ की की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए आठ लोगों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में अनिल निवासी मांदी, कुलदीप निवासी रतनपुरा बानसूर, रजनीश निवासी चंदू वाली ढाणी बानसूर, राहुल व शुभम निवासी मांदी, शील मधुर निवासी सुरानी, सुरेन्द्र निवासी खटोटी हरसोरा और संजय निवासी उनींदा शामिल हैं। टीम ने आरोपियों से अवैध 2 देसी पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 2 डंडे और 2 गाड़ियां जब्त की हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ पहले भी काफी मामले दर्ज हैं। आरोपी अनिल के खिलाफ 19 मामले, आरोपी कुलदीप के खिलाफ 7 मामले, आरोपी रजनीश के खिलाफ 6 मामले, आरोपी राहुल के खिलाफ 7 मामले, आरोपी शुभम के खिलाफ 2 मामले, आरोपी संजय के खिलाफ 4 मामले और आरोपी शील मधुर व आरोपी सुरेंद्र के खिलाफ 1-1 मामले दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। फिलहाल इनसे गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### चैकिंग के दौरान पुलिस को मिली थी सूचना

**सीआईए** महेंद्रगढ़ की टीम अपराध रोकथाम की चेकिंग के दौरान पड़तल बस अड्डा पर मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि अनिल, कुलदीप, रजनीश, राहुल, शुभम, शील मधुर, सुरेन्द्र व संजय मारपीट, लूट व अन्य कई वारदातों में शामिल रहते हैं। इनके खिलाफ काफी मामले दर्ज हैं। जो सभी अपनी गाड़ियों में सवार होकर बोहका से मोड़ी-भोजावास सड़क पर खड़े हैं और लूट की योजना बना रहे हैं। वे अपने पास डंडे, पिस्टल, देसी कट्टा, कारतूस काफी मात्रा में लिए हुए हैं और किसी वारदात को अंजाम देने के लिए योजनाबद्ध हैं।

### बदमाशों के पास यह मिले अवैध हथियार

**टीम** सूचना के आधार पर गांव भोजावास से निकलते ही मोड़ी सड़क पर पहुंची, जहां पर खड़ी गाड़ी वरना व स्कॉर्पियो के पास पहुंचकर गाड़ियों के पास खड़े 5 व अन्दर बैठे 3 लड़कों को काबू में किया। इनमें अनिल के पास अवैध देसी पिस्टल मिली, रजनीश से 3 जिंदा कारतूस मिले, सुरेन्द्र व कुलदीप से डंडा मिला। वहीं राहुल से देसी पिस्टल बरामद हुआ और संजय, शुभम, शील मधुर को मौके से पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर कनीना में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

महाकुंभ-2025 के आयोजन के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों का किया दौरा, उत्कृष्ट सेवा पर की रेलकर्मियों की सराहना

# 'महाकुंभ में 16 हजार से ज्यादा ट्रेनें चलाकर रेलवे ने रचा इतिहास'

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ-2025 के आयोजन के उपरांत प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों का दौरा किया। केंद्रीय रेल मंत्री ने दौरे की शुरुआत में प्रयागराज जंक्शन के यात्री आश्रय संख्या-3 के निकट स्थित के मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री ने महाकुंभ-2025 में आए श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए रेल कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। केंद्रीय रेल मंत्री ने रेल कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि स्टेशन पर सभी विभागों के कर्मचारियों ने एकजुट दिन-रात कार्य करके महाकुंभ के आयोजन को सफल बनाया। महाकुंभ-2025 में अलग-अलग राज्यों और अलग-अलग क्षेत्रीय रेलवे से आए कर्मचारियों ने प्रयागराज के 9 स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के लिए सेवभाव से कार्य किया है, इस सफल आयोजन के लिए सभी बधाई के पात्र हैं।



### 'देश की एकता का परिचायक बना महाकुंभ का आयोजन, यह गौरव की बात'

केंद्रीय रेल मंत्री ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ-2025 के दौरान 16 हजार से अधिक ट्रेनें चलाई गईं हैं, जो अपने आप में एक नया कीर्तमान है । रेलवे की मूलयोजना 13 हजार ट्रेनों के संचालन की थी, परंतु श्रद्धालुओं की आवश्यकता एवं उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए रेलवे द्वारा 16 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन किया गया, जो पिछले कुंभ में संचालित 4 हजार ट्रेनों की तुलना में चार गुना से अधिक है। महाकुंभ-2025 में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान और दर्शन किया। इस विशाल आयोजन में देश और विदेश के लगभग 4.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने भारतीय रेलवे से यात्रा की। महाकुंभ का आयोजन देश की एकता का परिचायक बना, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। केंद्रीय रेल मंत्री ने महाकुंभ के भव्य और दिव्य आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही रेल मंत्री ने बिहार एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया। महाकुंभ-2025 के लिए गत दो वर्ष से अधिक समय से रेलवे ने विशेष तैयारिया की थीं। श्रद्धालुओं की उन्नत रेलवे सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक के इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास किया गया।



### सभी विभागों के कर्मचारियों से मुलाकात कर पूछा हालचाल

केंद्रीय रेल मंत्री ने स्टेशन निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधा, आपातकालीन चिकित्सा तथा आकस्मिक सेवा, स्वच्छता, यात्री सुरक्षा के कार्य करने वाले वाणिज्य, सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा, विद्युत, परिचालन सहित सभी विभागों के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और उनके कार्य की सराहना की। केंद्रीय रेल मंत्री ने रैपिड एक्शन टीम एवं क्विक रेस्पोंस टीम और फायर फाईटिंग टीम के कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कार्य की प्रशंसा की। निरीक्षण के अगले क्रम में केंद्रीय रेल मंत्री ने क्रू लॉबी का निरीक्षण किया, प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर ट्रेन में यात्रियों से रेल की सेवाओं पर उनके अनुभव को पूछा। तत्पश्चात मेला टॉवर का निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि स्टेशन पर भी? नियंत्रण, गाड़ियों का आगमन-प्रस्थान, सिविल प्रशासन के साथ समन्वय, आपात स्थिति से निपटना, यात्रियों की सहायता इत्यादि जैसे कार्यों का संचालन और समन्वय मेला टावर से ही किया गया। मेला टॉवर के सीसीटीवी कक्ष में प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों और सिविल एरिया के सीधे प्रसारण को देखकर नियंत्रण और निर्देश की प्रणाली स्थापित की गई है। केंद्रीय रेल मंत्री ने प्रयाग जंक्शन स्टेशन का दौरा किया तत्पश्चात प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के सफल आयोजन में सहायक वाराणसी मंडल के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

### शहीद ज्ञान चंद आरपीएफ बैरक का भी किया निरीक्षण

केंद्रीय रेल मंत्री ने प्रयागराज रामबाग में रेलवे के सभी विभागों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने मिलकर शानदार काम किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सतीश कुमार, महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल मनोज यादव, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी, मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के अगले क्रम में केंद्रीय रेल मंत्री ने सूबेदारगंज स्थित शहीद ज्ञान चंद आरपीएफ बैरक का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय रेल मंत्री ने यहां रेलवे सुरक्षा बल के जवानों एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों के साथ सेल्फी ली और शानदार कार्य के लिए उनका धन्यवाद देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

# महाकुंभ के सफाई कर्मचारियों को मिलेगा 10 हजार रुपए का बोनस

## स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा राशि देने का ऐलान

महानगर संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ से जुड़े सफाई कर्मचारियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए 10 हजार रुपए का बोनस और स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा राशि देने का ऐलान किया है।

योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मचारियों को 10,000 रुपए का बोनस देने का फैसला किया है। अप्रेल से सफाई कर्मियों को 16,000 रुपए का न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाएगा। अस्थाई स्वास्थ्य कर्मचारियों को सीधे बैंक हस्तांतरण दिया जाएगा और उन सभी को स्वास्थ्य कवरेज के लिए आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा, जिससे बेहतर कल्याण और सहायता सुनिश्चित होगी।



### सीएम योगी ने सफाई कर्मियों के साथ किया भोजन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ के पूर्णाहुति के बाद सफाई की। सीएम योगी ने संगम के तट पर झाड़ू लगाई। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहे।

सपा पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा- विरोधी दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर बैठे हुए थे, फिर भी वे घटनाएं उजागर नहीं कर पाए। दुष्प्रचार का कोई मौका उन्होंने नहीं छोड़ा। योगी ने महाकुंभ से जुड़े स्वच्छता कर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान भी किया। कहा- जिन स्वच्छता कर्मियों को 8 से 11 हजार रुपए महीने के मिलते थे, इसे अप्रेल से बढ़ाकर 16 हजार करेंगे। योगी ने कहा- आस्था का इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ। 66 करोड़ 30 लाख लोग किसी आयोजन का हिस्सा बने। कोई अपहरण की घटना नहीं, लूट, छेड़छाड़, दुष्कर्म की घटना नहीं हुई। विरोधी दूरबीन और माक्रोस्कोप लगाकर भी वे इस प्रकार की घटनाएं उजागर नहीं कर पाए। दुष्प्रचार का उन्होंने कोई मौका नहीं छोड़ा। नेत्रकुंभ पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा- 66 करोड़ लोगों का एक साथ यहां आना दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन सिद्ध करता है। महाकुंभ के दौरान सेवा में लगे डॉक्टर, पैरामेडिकल सभी कर्मचारियों का मैं धन्यवाद देता हूं। नेत्र कुंभ में कई लोगों का सफल इलाज किया गया। महाकुंभ के इस आयोजन में एक नई नेत्र मणि को जोड़ने का काम नेत्र कुंभ ने किया है। मैं सभी का धन्यवाद देता हूं।

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रेल तक चलेगा।

जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्रॉफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट पर संसद में हुआ था हंगामा 13 फरवरी को राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन ने इस रिपोर्ट को पेश किया।

## जार जिला नवीन कार्यकारिणी की घोषणा, दिलीप जैन जिलाध्यक्ष और दिलीप शर्मा बने महासचिव



महानगर संवाददाता

**भवानीमंडी।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया (एनयूजेआई) से संबद्ध पत्रकार संगठन जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार की झालावाड़ जिला ईकाई की बैठक गुरुवार को परमहंस आश्रम कोटड़ा में सम्पन्न हुई। बैठक में पत्रकार हितों पर गहन चर्चा की गई व जार जिला झालावाड़ ईकाई की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष संजय सैनी, प्रदेश संयोजक राकेश कुमार शर्मा, प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक की सहमति से झालावाड़ जार जिला संयोजक तुफान सिंह चौहान की अनुशंसा पर जार के प्रदेश संगठन महामंत्री व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंवरसिंह कछवाहा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जार के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगदीश पोरवाल ने की।

भंवरसिंह कछवाहा ने कहा कि जार संगठन पत्रकार हितों के लिए सदैव तत्पर हैं, साथ ही हम सबकों एक जुट होकर पत्रकार हितों के लिए संघर्ष करना होगा। इसमें मुख्य रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून हैं। पत्रकारों को समाज में अपनी छवि सुधारने के लिए स्वयं को अपनी छवि सुधारनी होगी क्योंकि इस क्षेत्र में कुछ ऐसे अवसरवादी तत्व शामिल हो गए हैं जिससे पत्रकारिता बदनाम हो रही है। वहीं खबरों को प्रकाशित करने से पहले हर पक्ष का पहलू जानना आवश्यक है तब ही खबरें प्रकाशित करें क्योंकि उससे ही आपकी विश्वसनीयता समाज में कायम होगी।

कार्यक्रम को नवनियुक्त जिला संगठन महामंत्री मेघा जैन,संरक्षक यशोवर्धन शर्मा, सचिव रोमेश व्यास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सोनी,रणवीर सिंह चौहान व नितेश शर्मा नीटू विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन किशोर सोनी ने किया। जार जिला झालावाड़ की नवीन कार्यकारिणी में दिलीप जैन को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं महासचिव दिलीप कुमार शर्मा, संगठन महामंत्री मेघा जैन, कोषाध्यक्ष संस्कृति जैन, संरक्षक घनश्याम आचार्य, संजय बाफना, यशोवर्धन शर्मा, मनोज जैन, विधि सलाहकार मुकेश उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मोदी, अनीस आलम, मनोज त्रिपाठी, मनीष चौरसिया, जितेंद्र पंवार, राहुल रावल, उपाध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, महेश परिहार, खालिद रजा, कमल सिंह परिहार, किशोर सोनी, मुरली टेलर, मुकेश पोरवाल, कपिल गुप्ता, संजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रोमेश व्यास, राजेश शर्मा, सचिव राजेश परिहार, आबिद हुसैन, वसीम अकरम,रावजोत सिंह, पारस जैन, घनश्याम कुशवाह, शाहिद मोहम्मद, आकाश जैन, मीडिया प्रभारी अमजद अली, सह मीडिया प्रभारी कृतिका कुशवाह, संगठन सचिव धीरेंद्र शर्मा, सह संगठन सचिव गोविंद नागर, राजू वर्मा, संजय जैन, कार्यालय सचिव किशोर तंवर, जिला कार्य समिति सदस्य गोविंद सिंह राठौड़, मनोज शर्मा, हितांशु अरोड़ा, कविता बैरागी, चौथमल मेहर को सर्व सहमति से नियुक्त किया।

## दिल्ली एनसीआर में बदला मौसम तेज हवा और बूंदाबांदी से गिरा पारा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में बादल छाए रहे। गुरुवार सुबह दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में बूंदाबादी देखी गई। बारिश के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कई दिनों से दिल्ली एनसीआर में मौसम गर्म होने लगा था, ऐसे में आज हुई बूंदाबांदी ने मौसम में ठंडक ला दी है।

इससे पहले मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली में गुरुवार के लिए आसमान में बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने की आशंका जताई थी। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया था। इसके चलते सुबह व शाम ठिठुरन बढ़ेगी।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है। वहीं, मौसम विभाग की मानें तो 2 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। गाजियाबाद में गुरुवार को अधिकतम तापमान चार डिग्री गिरावट के साथ 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## लैंड फॉर लैंड के मामलों की कराई जाए जांच : गौतम

विधानसभा संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान केकड़ी से भाजपा के विधायक शत्रुघ्न गौतम पिछली कांग्रेस सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने बजट को सभी वर्गों के हित का बताया। गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर जनता को कई सौगातें दी हैं। कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने पिछली सरकार के दौरान हुए लैंड फॉर लैंड घोटाले को भी सदन में उठाया। गौतम ने कहा कि पिछली सरकार ने चहेतों को फायदा देने के लिए चाकसू में 20 लाख बीघा की जमीन समर्पण करा यहां जयपुर में रिंग रोड पर 35 हजार रुपए गज की जमीन दी गई। उन्होंने लैंड फॉर लैंड के तहत 10 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया। साथ ही सरकार से मांग की है कि लैंड फॉर लैंड मामलों की



जांच कराई जाए। वहीं, उन्होंने विधानसभा में हुए गतिरोध पर कहा कि यह एक पवित्र सदन है। जनता हमें विधायक बनाकर भेजती है और सोचती है कि हमारा विधायक हमारी बातों को विधानसभा में रखेगा। उन्होंने कहा कि इस सदन में जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई है, वह सोचनीय विषय है। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके नेताओं ने कोविड में जमकर लूट मचाई थी। राजस्थान के तत्कालीन चिकित्सा मंत्री और अधिकारियों ने खुली लूट मचाई। कांग्रेस राज में महिलाओं और बच्चियों के साथ अत्याचार बढ़ा।

### गहलोत ने जिलों को लेकर किया अविवेकपूर्ण निर्णय

गौतम ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने अविवेकपूर्ण निर्णय करते हुए कई नए जिले बना दिए। उन्होंने केकड़ी विधानसभा का जिक्र करते हुए कहा कि देवली की आठ पंचायत डूब क्षेत्र में है, उसे केकड़ी में शामिल नहीं किया। मालपुरा, दूदू को जिला बना दिया गया। उन्हें लगता कि यदि ये जिले कम पड़ रहे हैं तो वह सत्ता में आने के लिए 200 जिले बना सकते थे। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा को यह बताना चाहिए कि उन्हें टिकट किसके कहने पर दिया गया।

### कलेक्टर-एसपी को बिठाने का किया था काम

शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि पिछली सरकार ने नए जिले बना दिए और उनके लिए बजट नहीं दिया। नए जिलों में केवल कलेक्टर और एसपी बिठाने का काम कांग्रेस ने किया है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत को उनकी पूरी टीम के साथ राजस्थान की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से ऋषिकेश के जानकी झूला टापू में फंसे 100 श्रद्धालु

महानगर संवाददाता

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश के नजदीक जानकी झूला के पास गुरुवार को गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण हरियाणा के करीब 100 श्रद्धालु टापू पर फंस गए। जान जोखिम में पड़ते देख श्रद्धालुओं ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं की आवाजें सुनकर जानकी घाट के निकट मौजूद जल पुलिस के जवानों ने किसी तरह श्रद्धालुओं को टापू से सकुशल बाहर निकाला और उनकी जान बचाई। पुलिस के मुताबिक हरियाणा के करीब 100 श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए जानकी झूला घाट पर पहुंचे थे। जलस्तर कम होने की वजह से सभी श्रद्धालु गंगा के बीच टापू पर स्नान करने के लिए चले गए और वहां फंस गए। कुछ ही देर बाद गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ गया, जिससे सभी श्रद्धालु टापू पर फंस गए।

**Public Notice**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिरोली तहसील सांगानेर जिला जयपुर के खाता संख्या 343 के सम्पूर्ण खसरों का 1/6 हिस्सा एवं खाता संख्या 344 के सम्पूर्ण खसरों का 1/12 हिस्सा कुणाल बालोत ने ज्याना देवी से क्रय किया है। यदि कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त खातों के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अधिकार, हक, हित, दावा या माँग प्रभावित हो तो उनसे ये अपेक्षित है कि वे लिखित रूप में दस्तावेज़ी प्रमाण के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर दें, अन्यथा यदि कोई दावा हो तो उसे छोड़ दिया गया या माफ कर दिया गया समझा जाएगा ।

कुणाल बालोत, 87 सुदामा नगर, टोंक रोड, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान 302029
मो. 9649555555

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर।
क्रमांक:-जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (द्वितीय)/2025/डी-118 दिनांक-27-2-25
-: सार्वजनिक सूचना :-
अपोलो नगर को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. जयपुर की योजना-जगदम्बा नगर-सी. के भूखण्ड संख्या सी-27 साउथ पार्ट (क्षेत्रफल 164.44 वर्गगज) के नाम हस्तान्तरण/उपविभाजन/फ्री-होल्ड लीजडीड हेतु श्रीमती देविका तिवारी पत्नी श्री मयंक तिवारी ने आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदिका के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण/उपविभाजन/फ्री-होल्ड लीजडीड जारी कर दि जावेगी। **उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II, जविप्रा, जयपुर।**

**आम-सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं, जगदीश प्रसाद सोनी पुत्र श्री कालू राम निवासी-34, सौरभ नगर, निवारू रोड, झोटवाड़ा, जयपुर, राज.-302012 का निवासी हूँ। जो कि राघव सोनी उम्र 37 वर्ष, मेरा पुत्र है, जो कि वह मेरे कहने में नहीं है, ना ही मेरा काम, सेवाभाव करता है इसलिए मैं आज अपने पूर्ण होश हवास, स्थिर बुद्धि की अवस्था में, बिना किसी दबाव के अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र राघव सोनी को बेदखल करता हूँ, उसका मेरी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से कोई लेना देना, वास्ता सम्बन्ध नहीं रहेगा, उसके द्वारा की गई कोई भी कार्यवाही मेरी ओर से मान्य नहीं होगी, पूर्णतया अमान्य व शून्य मानी व समझी जावेगी। उसके साथ की जाने वाली कार्यवाही के लिए वो ही एकमात्र ज़िम्मेदार होगा। किसी व्यक्ति द्वारा राघव सोनी से किसी प्रकार की लेन देन या सम्बन्ध सरोकार रखता है तो उसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूँगा, सूचित।
Perfect Legal Counsel
Advocate & Legal Advisors
Mob. 8302042443, 9828112070

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर।
क्रमांक:-जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (द्वितीय)/2025/डी-119 दिनांक-27-2-25
-: सार्वजनिक सूचना :-
अपोलो नगर को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. जयपुर की योजना-जगदम्बा नगर-सी. के भूखण्ड संख्या सी-27 नार्थ पार्ट (क्षेत्रफल 168.88 वर्गगज) के नाम हस्तान्तरण/उपविभाजन/फ्री-होल्ड लीजडीड हेतु श्रीमती संगीता शर्मा पत्नी श्री लोकेश शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदिका के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण/उपविभाजन/फ्री-होल्ड लीजडीड जारी कर दि जावेगी। **उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II, जविप्रा, जयपुर।**

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
**व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं. 9820/2024**
**विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**
**प्रार्थी-नाम** अरविन्द कुमार सिंह पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप सिंह
विवाद स्थान- एस-95, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर
मृतक स्व. श्री रामस्वरूप सिंह की संपत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 07.03.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्री रामस्वरूप सिंह पुत्र बुद्धा सिंह निवासी- एस-95, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर। का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 03 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 30 माह 01 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक श्री रामस्वरूप सिंह के नाम प्रा.पत्र में वर्णित खाते में जमा राशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
411/31.01.2025
**मुहर**
**आज्ञा न्यायालय से**
**वरिष्ठ मुंसरिम**
**जिला एवं सैशन न्यायालय**
**जयपुर महानगर प्रथम**

सेंट्रल टैक्स में राज्यों का हिस्सा काटने की तैयारी में केंद्र सरकार, वित्त आयोग को करेगी सिफारिश

# अब राज्य नहीं बांट पाएंगे चुनावी रेवड़ियां!

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सेंट्रल टैक्स में राज्यों की हिस्सेदारी में कटौती कर सकती है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र सरकार वित्त आयोग को इसकी सिफारिश करेगी। वित्त आयोग टैक्स शेयरिंग और केंद्र तथा राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों के बारे में सिफारिश करता है। अरविंद पनगढ़िया की अगुवाई वाला यह आयोग 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देगा जिसे 2026-27 में लागू किया जाएगा। आयोग की सिफारिशें बाध्यकारी होती हैं।

सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी करने की सिफारिश कर सकती है। माना जा रहा है कि कैबिनेट मार्च के अंत तक इस प्रस्ताव को मंजूरी दे सकती है। उसके बाद इसे वित्त आयोग के पास भेजा जाएगा। टैक्स रेवेन्यू में 1 फीसदी की कटौती से राज्यों को करीब 35,000 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। यह आंकड़ा इस साल के अनुमानित टैक्स कलेक्शन पर आधारित है। इस बारे में वित्त मंत्रालय और वित्त आयोग ने ईमेल का जवाब नहीं दिया।

सूत्रों ने कहा कि 1980 में केंद्रीय करों में राज्यों का हिस्सा 20 फीसदी था जो अब 41 फीसदी है। लेकिन आर्थिक सुस्ती के कारण केंद्र का खर्च बढ़ गया है। यही वजह है कि केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी कम करने की मांग की जा रही है। 2024-25 में केंद्र का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8 फीसदी रहने का अनुमान है जबकि राज्यों के मामले में यह 3.2 फीसदी है।

इकॉनमी में सरकार के कुल खर्च में राज्यों का हिस्सा 60 फीसदी से अधिक है। वे हेल्थ और एजुकेशन जैसे सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर पर ज्यादा खर्च करते हैं। दूसरी तरफ सेंट्रल गवर्नमेंट का फोकस फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर है। लेकिन जुलाई 2017 में जीएसटी के लागू होने के बाद से राज्यों के रेवेन्यू जुटाने की क्षमता सीमित हो गई है। केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के बाद से सेस और सरचार्ज में भी बढ़ोतरी की है। पहले यह ग्रॉस टैक्स रेवेन्यू का 9 से 12 फीसदी हुआ करता था जो अब 15 फीसदी से ऊपर हो गया है। इसे राज्यों का साथ साझा नहीं किया जाता है। सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार राज्यों को चुनावी रेवड़ियां बांटने से भी हतोत्साहित कर सकती है। उन्हें कैश, कर्ज माफी और दूसरी चुनावी रेवड़ियां बांटने से रोका जा सकता है। सूत्र ने कहा कि इसका एक तरीका यह हो सकता है कि राज्यों को स्टेट टैक्स रेवेन्यू में कमी की पूर्ति के लिए दिए जाने वाले सेंट्रल ग्रांट को कुछ शर्तों को पूरा करने से जोड़ दिया जाए। केवल उन शर्तों को पूरा करने के बाद ही राज्य ऐसे अनुदान के लिए पात्र होंगे। पिछले पांच साल में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट में भारी गिरावट आई है। 2021-22 में यह 1.18 लाख करोड़ रुपए थी जिसके 2025-26 में 13,700 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

# 5 साल में 2000 फीसदी रिटर्न देने वाले रेलवे स्टोक को मिला 255 करोड़ का ऑर्डर

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के विकास में जुपिटर वेगन्स तेजी से अपनी जगह मजबूत कर रही है। कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट जुपिटर टाट्रावगोंका रेलव्हील फैक्ट्री को ब्रैथवेट एंड कंपनी से 255 करोड़ रुपए का बड़ा ऑर्डर मिला है। इसके तहत कंपनी को 9,140 व्हीलसेट बनाने हैं, जो 840 मिमी डायमीटर के होंगे और 25 टन एक्सल लोड को संभाल सकेंगे।

जुपिटर वेगन्स इस मौके को भुनाने के लिए ओडिशा में एक अत्याधुनिक प्रोडक्शन प्लांट तैयार कर रही है। इस नई फैक्ट्री से कंपनी की उत्पादन क्षमता 20,000 से बढ़कर 1,00,000 व्हीलसेट प्रति वर्ष हो जाएगी। यह कोई छोटा-मोटा प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि इसके लिए 2,500 करोड़ रुपए का भारी निवेश किया जा रहा है। इसका मकसद भारत को रेलवे व्हील निर्माण में आत्मनिर्भर बनाना और आयात पर निर्भरता को खत्म करना है।

### बढ़ता कारोबार, बढ़ते सपने

इस ताजा ऑर्डर के साथ कंपनी की कुल ऑर्डर बुक 560 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। जुपिटर वेगन्स का लक्ष्य है कि एफवाई26 तक व्हील बिजनेस से 600 करोड़ रुपए की कमाई की जाए, जो अभी के मुकाबले लगभग दोगुना



होगी। इस ग्रोथ को उत्पादन बढ़ाने, मजबूत ऑर्डर और मेक इन इंडिया विजन से ताकत मिलेगी। जुपिटर वेगन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर विवेक लोहिया ने कहा, ब्रैथवेट एंड कंपनी का यह ऑर्डर हमारे निर्माण की क्वालिटी और भारतीय रेलवे की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की हमारी क्षमता को दिखाता है। जैसे-जैसे मालगाड़ियों और पैसेंजर ट्रेनों का नेटवर्क बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भरोसेमंद और हाई-परफॉर्मेंस व्हीलसेट की मांग भी बढ़ रही है।उन्होंने आगे कहा, ओडिशा में हमारा नया प्लांट गेम-चेंजर साबित होगा। इससे भारत में रेलवे व्हील निर्माण को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और हम ग्लोबल मार्केट में भी बड़ी भूमिका निभाएंगे।

### कंपनी का दमदार प्रदर्शन

जुपिटर वेगन्स रेलवे वैगन, वैगन कंपोनेंट्स, कास्टिंग और मेटल फैब्रिकेशन जैसे प्रोडक्ट बनाती है। इसके मैन्युफैक्चरिंग सेंटर पश्चिम बंगाल (हुगली), मध्य प्रदेश (जबलपुर, इंदौर) और झारखंड में हैं। कंपनी का मुनाफा भी तेजी से बढ़ रहा है। क्यू3 एफवाई25 में इसका नेट प्रॉफिट 19.51 फीसदी बढ़कर 97.34 करोड़ रुपए हो गया, जबकि सेल्स 14.96 फीसदी बढ़कर 1,029.83 करोड़ रुपए पहुंच गई। पिछले पांच साल में इस स्टॉक ने 2096.99 फीसदी का रिटर्न दिया है। हालांकि, बीते एक साल में 19 फीसदी की गिरावट झेली है।

# सोनोवाल ने 'एक राष्ट्र-एक बंदरगाह' का किया अनावरण



**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को कारोबार को आसान बनाने और दक्षता बढ़ाने के लिए 'एक राष्ट्र-एक बंदरगाह प्रक्रिया' (ओएनओपी) का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भारत पोर्ट्स ग्लोबल कंसोर्टियम भारत की समुद्री पहुंच का विस्तार करेगा, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा। सोनोवाल ने मैत्री लोगो को लॉन्च किया। इसका उद्देश्य एआई और ब्लॉकचेन के माध्यम से डिजिटल एकीकरण के साथ वैश्विक व्यापार को बदलना है, ताकि निर्बाध 'वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर' बनाया जा सके।

इस अवसर पर सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक बंदरगाह' प्रक्रिया और सागर अंकन-एलपीपीआई सूचकांक के शुभारंभ के साथ भारत मानकीकृत, कुशल और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बंदरगाहों की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है। इन पहलों की शुरुआत मुंबई में हितधारकों की एक बैठक के दौरान की गई, जिसमें समुद्री क्षेत्र के लिए केंद्रीय बजट में की गई प्रमुख घोषणाएं है। इसके अलावा विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस कदम का उद्देश्य दस्तावेजीकरण और प्रक्रियाओं में विसंगतियों को दूर करना है, जिसके कारण अकुशलता, बढ़ी हुई लागत और परिचालन में देरी होती है।

**'बीएस मंथन' में बोलीं वित्त मंत्री**

# देश में व्यापार और निवेश को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंध अहम : सीतारमण

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत को व्यापार व निवेश के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है और द्विपक्षीय रिश्ते ही एकमात्र सबसे फायदेमंद जरिया प्रतीत होते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यह बात कही।

वित्त मंत्री ने यहां 'बीएस मंथन' में कहा कि यह बहुत ही दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण समय है और सरकार देश को आगे बढ़ाने और वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा, 'द्विपक्षीय संबंध अब एजेंडा में शीर्ष पर है... हमें कई देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है, न केवल व्यापार के लिए, न केवल निवेश के लिए, बल्कि रणनीतिक संबंधों के लिए भी। इसलिए बहुपक्षवाद... कुछ हद तक, मैं अब भी इसे 'कुछ हद तक' कह रही हूं... लेकिन द्विपक्षीय संबंध ही एकमात्र फायदेमंद हैं जिसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं।'

वित्त मंत्री ने कहा कि बहुपक्षीय संस्थाएं तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। उन्हें पुनः खड़ा करने और सक्रिय करने के प्रत्येक प्रयास से वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इसलिए, आपको ऐसे मुद्दों पर ध्यान देना होगा जो आपके अपने देश से परे कई चीजों को प्रभावित करते हैं।



### 'वैश्विक व्यापार पूरी तरह से बदल रहा'

वित मंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार आज पूरी तरह से बदल रहा है और 'जिन शर्तों और संदर्भों के साथ हम सभी व्यापार करते थे, विश्व व्यापार संगठन में ऐसा किसी प्रकार का सहारा (संस्था) अब उपलब्ध नहीं है।' उन्होंने कहा कि कोई सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) की अवधारणा नहीं है। प्रत्येक देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा, 'यदि विश्व व्यापार संगठन कमजोर हो रहा है या बहुपक्षीय संस्थाएं प्रभावी नहीं रही हैं... तो व्यापार के संदर्भ में द्विपक्षीय व्यवस्थाएं ही दिन-प्रतिदिन की जरूरत बन जाएंगी।' एक नई दुनिया की ओर बढ़ते कदम को देखते हुए, भारत ने ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता शुरू की है और अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की योजना बना रहा है। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई वैश्विक व्यवस्था में भारत को व्यापार, निवेश व रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है। सुधारों का जि करते हुए सीतारमण ने कहा कि सरकार ऋण प्रबंधन और राजकोषीय विवेकशीलता बनाए रखने सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार जारी रखेगी।

### हमारी अर्थव्यवस्था दूसरों से कहीं बेहतर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'सुधार केवल केंद्र सरकार का एजेंडा नहीं हो सकता, इसे हर राज्य सरकार को गंभीरता से लेना होगा... मैं चाहती हूं कि राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो, जिसमें वे कह सकें कि हमारी अर्थव्यवस्था दूसरों से कहीं बेहतर है।

आपके पास अब कोई ऐसा मंच नहीं बचा है जो प्रभावी ढंग से काम कर सके... बहुपक्षीय संस्थाएं और उनका योगदान शायद कम से कम निकट भविष्य में लुप्त होता दिख रहा है, जब तक कि उन्हें उस तरह की ऊर्जा के साथ फिर खड़ा करने का प्रयास नहीं किया जाता... यह अगले कुछ वर्षों में तो होने वाला नहीं है।'

# मंडियों के बाहर धरने एवं सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के आह्वान पर व्यापार बन्द का गुरुवार को पांचवां दिन है। व्यापारी आक्रोशित है। सात हजार करोड़ के व्यापारिक टर्नऑवर का नुकसान हो चुका है।

व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि किसानों को माल नहीं लाने के लिए सूचना दे दी गई है। पर किसान इस स्थिति में नहीं है कि वे खलिहान में माल रोक सकें। वर्षा का मौसम बना हुआ है। यदि किसानों का नुकसान होता है तो इसके लिए सरकार जिम्मेवार है। गुप्ता ने बताया कि राजस्थान के सभी संभागों पर विरोधस्वरूप सरकार को सद्भुद्धि के लिए यज्ञों का आयोजन किया गया।

यज्ञ कर भगवान से प्रार्थना की गई कि राज्य सरकार को सद्भुद्धि दें कि ये हमारी मांगें शीघ्र माने और मंडियों में व्यापार गति पकड़े। कोर कमेटी की मीटिंग संघ कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें सभी 247 मंडियों से आए समाचारों की समीक्षा की गई।

मीटिंग में कृषक कल्याण फीस समाप्त करने, राज्य से बाहर अन्य राज्यों में कृषि मंडी शुल्क चुकाने के बाद राज्य में आने वाले कृषि जिन्सों पर पुनः कृषि मंडी शुल्क तथा कृषक कल्याण फीस नहीं लेने की मांग की गई। मोटे अनाज (श्रीअन्न) पर आढ़त 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2.25 प्रतिशत की जाएं। फल-सब्जी मंडी में कृषक कल्याण फीस समाप्त कर यूजर चार्ज लगाया जाएं।

बाहर से आने वाले कृषि जिन्सों का वोल्यूम बहुत कम है इसलिये कृषि मंडी को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं होता है। कोर कमेटी की ओर से शनिवार को घोषित आमसभा खाद्य पदार्थ व्यापार संघ, राजधानी मंडी, कूकरखेड़ा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# संजय अग्रवाल अध्यक्ष व रजनीश भंडारी ने उपाध्यक्ष का संभाला कार्यभार





**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) राजस्थान के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में संजय अग्रवाल और रजनीश भंडारी को वर्ष 2025 -26 के लिए चुना गया है।

संजय अग्रवाल, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। एक मेरिट रैंक धारक चार्टर्ड अकाउंटेंट और पहली पीढ़ी के उद्यमी होने के नाते अग्रवाल ने 1996 में एयू फाइनेंसर की नींव रखी, जो छोटे उद्यमियों और ग्रामीण भारत की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित थी। 2017 में, उन्होंने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की स्थापना करके एक व्यापक परिवर्तनकारी कदम उठाया, जो भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में उभरा है और वित्तीय सेवाओं और समावेशिता में नए बेंचमार्क स्थापित कर रहा हैं।

अग्रवाल न केवल एक बैंकिंग पायनियर हैं, बल्कि एक बेहतरीन क्रिकेटर भी रहे हैं, उन्होंने 1990 में राजस्थान की अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व किया था। रजनीश भंडारी न्यूरोइक्विलिब्रियम डायग्नोस्टिक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। वह आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने सफलतापूर्वक विभिन्न क्षेत्रों में उपक्रमों की स्थापना की है, जिसमें दूरसंचार इन्फ्रा सेवा, इंजीनियरिंग सामग्री और चिकित्सा प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। उनके पास सात अमेरिकी पेटेंट और तेरह भारतीय पेटेंट हैं, जो उनके नवाचार-संचालित दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं।

भंडारी विभिन्न समितियों और बोर्डों में भी कार्यरत हैं। वे स्टार्टअप्स में निवेश कर उन्हें बढ़ावा देते है और एक सक्रिय ऐंजिल इन्वेस्टर है। वह भारत की सबसे बड़ी पेन निर्माता कंपनी फ्लेयर पेन्स लिमिटेड में एक स्वतंत्र निदेशक भी हैं। वे सीआईआई राजस्थान राज्य परिषद और स्वास्थ्य सेवा पर सीआईआई उत्तरी क्षेत्र समिति के सदस्य रहे हैं।

# कैट ने अमेजन के खिलाफ हाई कोर्ट के फैसले को उचित ठहराया

## कड़ी कार्रवाई की मांग

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने गुरुवार को दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का उचित ठहराया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्र सरकार और नियामक संस्थाओं से आग्रह किया है कि ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की बार-बार होने वाली गलत गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने भारतीय व्यवसायों को विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के अनैतिक और अवैध व्यापारिक तौर-तरीकों से बचाने के लिए उचित नीतियां लागू करने की मांग की है।

हाई कोर्ट ने अमेजन पर बेवर्ली हिल्स पोलो क्लब ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने के मामले में 39 मिलियन डॉलर (करीब 340 करोड़ रुपए) का हर्जाना लगाया है।इसके दूसरे दिन खंडेलवाल ने कहा कि अमेजन के खिलाफ हाई कोर्ट के इस फैसले से यह स्पष्ट होता है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से ट्रेडमार्क अनुपालन उपायों को लागू कराने की सख्त जरूरत है। खंडेलवाल ने कहा कि इस निर्णय का भारत में संचालित ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट का ये निर्णय ब्रांड मालिकों के लिए एक बड़ी जीत है और डिजिटल युग में भारतीय न्यायपालिका की बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि अमेजन का कानूनी उल्लंघनों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसमें नकली उत्पादों की बिक्री, कर चोरी, और भारत के ई-कॉमर्स नियमों का उल्लंघन शामिल है। कैट महामंत्री ने कहा कि बार-बार चेतावनियों और कानूनी कार्रवाई के बावजूद यह प्लेटफॉर्म छोटे व्यवसायों का शोषण करने, उपभोक्ताओं को गुमराह करने और भारतीय कानूनों की अवहेलना करने में लिप्त रहा है। न्यायालय का यह ताजा निर्णय अमेजन की गैर-जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं और प्रभावी अनुपालन उपायों को लागू करने में विफलता का प्रमाण है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि भारत में संचालित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को अपने मंच पर होने वाली अवैध और अनैतिक गतिविधियों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सख्त नियामक निगरानी संस्था बनाने के साथ दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अब भारत के व्यापार तंत्र को कमजोर करने और व्यापारियों, उपभोक्ताओं और ब्रांड मालिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने से बाज आएं।

# जनवरी में खुदरा बिक्री में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई।** रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) द्वारा जारी लेटेस्ट सर्वे के अनुसार, भारत में खुदरा बिक्री में इस साल जनवरी में (जनवरी 2024 की बिक्री की तुलना में) 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

सभी कैटेगरी में, फूड और ग्रॉसरी ने 13 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर्ज की, इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और क्विक सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) का स्थान रहा, जिनमें से प्रत्येक ने पिछले साल जनवरी 2024 की अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई, जो इन कैटेगरी में उपभोक्ता खर्च में वृद्धि को दर्शाता है।

सर्वे से पता चला कि पश्चिम भारत ने खुदरा बिक्री में सबसे अधिक 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि उत्तर और दक्षिण भारत में प्रत्येक ने 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। पूर्वी भारत 4 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अन्य क्षेत्रों से पीछे रहा। आरएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुमार राजगोपालन ने कहा, केंद्रीय बजट 2025 में आयकर छूट की सीमा 12 लाख रुपए तय की गई है, जो पिछले साल की मंदी के बाद खुदरा विक्रेताओं को राहत प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि हालांकि, उपभोक्ताओं की पसंद अलग-अलग होती है। खुदरा विक्रेताओं को इन बदलावों के अनुकूल होना चाहिए, बदलती प्राथमिकताओं को समझना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए सही ऑपरेटिंग मॉडल



बनाना चाहिए। परिधान और फुटवियर सेक्टर में 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि आभूषण सेगमेंट में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ब्यूटी एंड वैलनेस के साथ स्पोर्टिंग गुड्स में 2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि फर्नीचर और फर्निसिंग सेगमेंट में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई, जो मात्र 1 प्रतिशत थी।

दिसंबर 2024 में खुदरा क्षेत्र ने पिछले वर्ष के इसी त्योहारी महीने की तुलना में 5 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि दर्ज की। दिसंबर में, दक्षिण भारत ने 6 प्रतिशत की सबसे अधिक बिक्री वृद्धि दर्ज की, जबकि पश्चिम और उत्तर भारत में प्रत्येक ने 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। पूर्वी भारत में बिक्री वृद्धि में केवल 4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। आरएआई भारत में खुदरा विक्रेताओं का शीर्ष निकाय है और भारत में आधुनिक खुदरा उद्योग के विकास के लिए सही माहौल बनाने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करता है।

# पेटीएम ऐप में मिलेगी इन्वेस्टमेंट की रियल टाइम इन्फॉर्मेशन

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई।** फिनटेक कंपनी पेटीएम ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ टाइअप करने की घोषणा की है। अब पेटीएम ऐप पर यूजर्स के लिए एआई इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन मिलेगा। इस फीचर के जरिए यूजर्स अपनी लोकल भाषा में रियल टाइम इन्फॉर्मेशन और फाइनेंशियल इनसाइट्स एक्सेस कर सकेंगे।

गुरुवार (27 फरवरी) को कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कंपनी का कहना है कि इस फीचर से यूजर्स की फाइनेंशियल लिट्रेसी बढ़ेगी। यूजर्स बैंकिंग, निवेश, खर्च से जुड़े विषयों की जानकारी आसानी से पा सकेंगे। इससे उन्हें फाइनेंस से जुड़े डिसीजन लेने में मदद मिलेगी। वहीं पेरप्लेक्सिटी के सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने कहा कि यह तकनीक लोगों को रियल-टाइम में भरोसेमंद जानकारी देने में मदद करेगी।

**स्वीकृति** | **कम से कम 10 लाख का निवेश होगा जरूरी, एक अप्रेल से लागू होगी योजना**

# सेबी ने विशेष निवेश निधि को दी मंजूरी, नियम जारी

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने गुरुवार को विशेष निवेश निधि (एसआईएफ) को मंजूरी दी। सेबी ने इसके लिए नियम जारी कर दिए हैं। इस निधि में कम से कम 10 लाख रुपए निवेश करने होंगे। इस योजना के जरिये निवेशक अधिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सेबी ने बताया कि नई योजना एक अप्रेल से लागू होगी।

सेबी ने बताया कि म्यूचुअल फंड और पीएमएस (पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा) के बीच अंतर को पाटने के लिए एसआईएफ की शुरुआत की गई है। निवेशकों को एसआईएफ के तहत कम-से-कम 10



लाख रुपए का निवेश करना जरूरी होगा। हालांकि यह नियम मान्यता प्राप्त निवेशकों पर लागू नहीं होगा। इस योजना के तहत निवेशक निवेश की गई राशि को एसआईपी, एसडब्ल्यूपी और एसटीपी (सिस्टैमैटिक ट्रांसफर प्लान) के जरिये निकाल भी सकेंगे। इसके लिए शर्त होगी कि कुल निवेश 10 लाख रुपएसे ऊपर रहना चाहिए। सेबी ने कहा कि अगर बाजार में गिरावट के कारण निवेश मूल्य इस सीमा से नीचे चला जाता है, तो निवेशक केवल शेष पूरी राशि ही भुना सकता है। इसके अलावा एसआईएफ के तहत निवेशक एक कंपनी की ऋण प्रतिभूतियों में 20 प्रतिशत (एएए-रेटिंग), 16 प्रतिशत (एए-रेटिंग), या 12 प्रतिशत (ए-रेटिंग और नीचे) से अधिक निवेश नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा किसी एक क्षेत्र में शुद्ध संपत्ति मूल्य (एनएवी) का 25 प्रतिशत से अधिक निवेश नहीं कर पाएंगे।

यह कंपनियां जारी कर सकेंगी एसआईएफ सेबी ने एसआईएफ जारी करने के लिए कंपनियों के कुछ नियम बनाए हैं। पंजीकृत म्यूचुअल फंड कंपनियों दो नियमों को पूरा करना होगा। इसमें पहला होगा कि म्यूचुअल फंड पिछले तीन वर्षों में कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपए की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति के साथ कम-से-कम तीन वर्षों से परिचालन में हो। इसके अलावा वह पिछले तीन वर्षों में उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई हो या शुरू नहीं की गई हो। इसके अलावा कंपनी को एसआईएफ के लिए एक मुख्य निवेश अधिकारी नियुक्त करना होगा। अधिकारी के पास कम से कम 10 साल का कोष प्रबंधन अनुभव हो और उसने कम से कम 5,000 करोड़ रुपए का औसत प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति प्रबंधित किया हो। इसके अलावा कम से कम तीन साल के कोष प्रबंधन अनुभव और कम-से-कम 500 करोड़ रुपए के औसत एयूएम के साथ एक अतिरिक्त कोष प्रबंधक भी नियुक्त करना होगा। इसमें जरूरी होगा कि पिछले तीन वर्षों में कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई हो या शुरू नहीं हुई हो। कंपनी को म्यूचुअल फंड और एसआईएफ के बीच परिचालन संसाधनों को साझा करने की अनुमति होगी।

# राखी सावंत पाकिस्तानी अदाकारा हानिया आमिर से कराना चाहती हैं सलमान की शादी , बोलीं- 'मैंने तो भाभी चुन ली'



**सलमान खान** को बॉलीवुड का मोस्ट एलिजिबल बैचलर कहा जाता है। अभिनेता के फैंस बेकरारी से इंतजार कर रहे हैं कि वे शादी रचाएं। हालांकि, सलमान खान हमेशा इस सवाल पर चुप्पी साध लेते हैं। फैंस ही नहीं, इंडस्ट्री में सलमान के तमाम शुभचिंतक भी सलमान खान की शादी कराने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ड्रामा क्वीन राखी सावंत ने तो दावा किया है कि सलमान खान के लिए उन्होंने दुल्हन ढूंढ ली है। राखी सावंत का कहना है कि उन्होंने भाभी ढूंढ ली है। उन्होंने सलमान खान को पाकिस्तानी अदाकारा हानिया आमिर से शादी करने का सुझाव दिया है। राखी सावंत ने मुर्टाजा अली शाह के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है, इसमें राखी कह रही हैं कि सलमान भाई, मैंने तो भाभी चुन ली है। सलमान मेरे भाई और मेरी भाभी पाकिस्तान से है। राखी आगे कह रही हैं कि मैं चाहती हूं कि हानिया आमिर आएं और बॉलीवुड में सलमान खान के साथ काम करें।

### हानिया बॉलीवुड में आएं और सलमान खान के साथ करें काम

राखी सावंत ने आगे कहा कि हानिया आमिर मेरी स्वीटहार्ट बहन है। मैंने इंटरव्यू में कहा है कि हानिया बॉलीवुड में आएं और सलमान खान के साथ काम करें। अब वो दिन दूर नहीं जब हानिया तुम सलमान के साथ



हीरोइन बनकर आओगी। मैं सलमान भाई से तुम्हारे बारे में बात करूंगी। मैं चाहती हूं कि हानिया फिल्म में लीड रोल करें। 'बजरंगी भाईजान' जो हिंदुस्तान और पाकिस्तान पर आधारित थी, वह अब खूबसूरत लव स्टोरी बने। सलमान खान मेरे भाई और भाभी पाकिस्तान से हानिया। फिर हंसते हुए राखी ने कहा कि मेरा मतलब है कि फिल्मों में भाभी...हालांकि, अगर रियल में भी करें तो कई प्रॉब्लम नहीं।

### राखी के इस प्रस्ताव पर फैंस ने किया ट्रोल

राखी सावंत के इस प्रस्ताव पर फैंस उन्हें खूब ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि 'बजरंगी भाईजान 2' में हानिया मुन्नी का रोल कर सकती है, क्योंकि वो उनकी बेटी की उम्र की है। एक यूजर ने लिखा कि राखी से सिर्फ बकवास करा लो। राखी सावंत का नाम इन दिनों समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' मामले में भी चर्चा में है। रणवीर अल्लाहबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले पर छिड़े विवाद के बाद महाराष्ट्र साइबर सेल ने राखी सावंत को भी तलब किया है। उनके बयान दर्ज किए जाने हैं।

### राखी को लेने एयरपोर्ट पहुंचीं हानिया

हानिया की फोटो देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वह राखी सावंत का स्वागत करने को बेताब हैं। हालांकि, जो भी हो हानिया का ये अंदाज राखी सावंत को जरूर पसंद आने वाला है। कई यूजर हानिया की फोटो पर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा कि हानिया रॉक्ड, राखी जी शॉक्ड। वहीं एक अन्य ने लिखा कि क्या! राखी जी मैं यहां हूं। वहीं कई अन्य ने स्माइली और लाफिंग इमोजी के साथ पोस्ट पर रिएक्शन दिया है। हालांकि, अब देखने वाली बात ये है कि राखी पाकिस्तान जाती हैं या नहीं और हानिया से उनकी मुलाकात होती है या नहीं? राखी सावंत ने कुछ दिनों पहले ही इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह लाल जोड़ा पहने फ्लाइट में नजर आई थीं। राखी को देखते ही एक पैसेंजर ने कहा कि वह उनके लिए गाना गाना चाहता है। ये सुनकर राखी ने कहा कि गाओ। पैसेंजर गाना गाना शुरू करता है, लेकिन लिरिक्स बदल देता है। गाना सुनने के बाद राखी पैसेंजर को धक्का मार देती हैं।

# कभी-कभी अपने पिता के कपड़े पहन लेती हैं अभिनेत्री अनन्या पांडे

## फिर भी चंकी का फैशन सेंस लगता है अजीबो-गरीब





**अभिनेत्री** अनन्या पांडे ने मजाकिया अंदाज में अपने पिता चंकी पांडे के फैशन सेंस की आलोचना करते हुए उनकी च्वाइस को अजीबो-गरीब बताया, लेकिन अनन्या ने यह भी स्वीकार किया कि वह कभी-कभी उनके कपड़े पहन लेती हैं। हाल ही में वोग को दिए गए इंटरव्यू में चंकी और अनन्या ने एक-दूसरे के बारे में खुलकर कई बातें बताईं। अनन्या पांडे ने कहा कि उनके पिता (चंकी पांडे) के कपड़ों का चुनाव संदिग्ध है, लेकिन मैं कभी-कभी उनके कपड़े उधार ले लेती हूं।

अभिनेत्री अनन्या पांडे ने आगे कहा कि फिल्मों के मामले में हम दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं और साथ ही अलग तरह के अभिनेता हैं, लेकिन हम उन फिल्मों के जरिए जुड़ते हैं, जिन्हें हम देखना पसंद करते हैं। आप मेरे मूवी-गोइंग पार्टनर हैं और हमने साथ में कमर्शियल फिल्में देखी हैं, जैसे 'पुष्पा-2 द रूल' (2024) और 'बाहुबली-2 द कन्क्लूजन' (2017)। कभी-कभी स्क्रिप्ट चुनते समय हम आपस में भिड़ जाते हैं। अनन्या ने आगे कहा कि मैं अपने क्राफ्ट को जितना संभव हो उतना एक्सप्लोर करना चाहती हूं और ऐसे रोल करना चाहती हूं, जो थोड़े हटकर और ज्यादा विशेष हों। मुझे पसंद है कि आप मुझे रास्ते में अपनी गलतियां करने देते हैं और बिना किसी दबाव के मुझे सलाह देते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनन्या पांडे जल्द ही अक्षय कुमार और आर माधवन स्टारर फिल्म में नजर आएंगी। इसकी घोषणा करण जौहर ने 2024 में की थी। तीनों की साथ में पहली फिल्म का नाम 'केसरी चैप्टर-2' होगा। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा समर्थित यह फिल्म वकील सी शंकरन नायर की कहानी पर आधारित होगी, जिन्होंने 1920 के दशक में जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

फिल्म 'केसरी चैप्टर-2' को पहले 14 मार्च 2025 को रिलीज किया जाना था। करण सिंह त्यागी द्वारा निर्देशित यह फिल्म रघु पालत और पुष्पा पालत की किताब 'द केस दैट शुक द एम्पायर' पर आधारित है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय इस फिल्म में वकील सी शंकरन नायर का किरदार निभाएंगे। हालांकि, अनन्या व माधवन की भूमिकाओं के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# फिल्म 'द भूतनी' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं संजय दत्त





**अभिनेता** संजय दत्त अपनी अपकमिंग फिल्म 'द भूतनी' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। अभिनेता ने महाशिवरात्रि के मौके पर सोशल मीडिया पर अपकमिंग एक्शन-हॉरर कॉमेडी के टाइटल के साथ ही रिलीज की तारीख भी बताई। इंस्टाग्राम पर एक्टर का पोस्ट शेयर करते हुए सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर ने बताया कि उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम 'द भूतनी' रखा गया है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता संजय दत्त ने लिखा कि गुड फ्राइडे, डर को एक नई डेट मिल गई है। पहले से कहीं ज्यादा हॉरर, एक्शन और कॉमेडी के लिए तैयार हो जाइए। 'द भूतनी' मचाएगी तांडव। बता दें, पहले अपकमिंग फिल्म का नाम 'द वर्जिन ट्री' था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर 'द भूतनी' रख दिया गया है।

निर्माताओं ने फिल्म का एक छोटा टीजर भी शेयर किया, जो हमें रहस्यमयी दुनिया की झलक दिखाती है, जहां प्यार, अंधकार में बदल जाता है। सिद्धांत सचदेव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह और आसिफ खान जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के तहत दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने फिल्म का निर्माण किया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक डरावना पोस्टर शेयर किया था, जिसमें घोषणा की थी कि प्रोजेक्ट का टाइटल और रिलीज की तारीख 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सामने आएगी। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा कि महादेव की भक्ति में शक्ति है। बहुत हुआ इंतजार! बाबा तारीख तय कर रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो संजय दत्त के पास बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'वेलकम टू द जंगल' भी है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त के साथ अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, सुनील शेट्टी, लारा दत्ता, बॉबी देओल, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा संजय दत्त के पास 'सन ऑफ सरदार-2' भी है, जिसमें वह अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के साथ मुख्य भूमिका में हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में तैयार इस फिल्म का निर्माण अजय देवगन ने जियो स्टूडियो के सहयोग से देवगन फिल्म्स के बैनर तले किया है।

# रानी की मर्दानी के तीसरे भाग के लिए निर्देशक को है खूंखार विलेन की तलाश



**फिल्म** 'मर्दानी-3' यशराज फिल्म्स की मर्दानी फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है। रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी की तीसरी किस्त में एक बार फिर से सख्त पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। तीसरे भाग की घोषणा 2024 में की गई थी। बहरहाल, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम चल रहा हैं। वहीं फिल्म के लिए कुछ कास्ट का टेस्ट लुक लागतार




किया जा रहा है। 'मर्दानी-3' की शूटिंग को आगे बढ़ाने के लिए अब एक नए खूंखार खलनायक की तलाश है। मिड-डे के अनुसार 'मर्दानी-3' की टीम रानी मुखर्जी के साथ खलनायक की भूमिका के लिए एक अभिनेता की तलाश कर रही है। निर्देशक जून तक पुलिस की इस फिल्म पर काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं। यशराज फिल्म्स की टीम प्री-प्रोडक्शन पर काम कर रही है, जबकि स्क्रीनप्ले और लुक टेस्ट चल रहे हैं। 'मर्दानी-3' का निर्देशन अभिराज मीनावाला करेंगे। नए टैलेंट को लाने और एक दमदार विलेन की तलाश के लिए ऑडिशन चल रहे हैं।

इसके अलावा प्रोडक्शन टीम ने शुरुआती शूटिंग लोकेशन भी तय कर ली है। कुछ हिस्से मुंबई और दिल्ली में शूट किए जाएंगे। अगले कुछ हफ्तों में टीम उत्तर भारत की कुछ लोकेशन फाइनल कर लेगी। दिसंबर 2024 में वाईआरएफ ने इंस्टाग्राम पर 'मर्दानी 3' की घोषणा श्यर की थी। उन्होंने खुलासा किया कि रानी की 'मर्दानी-3' सिनेमाघरों में 2026 में आएगी। उनकी पोस्ट में लिखा था कि इंतजार खत्म हुआ। रानी 'मर्दानी-3' में भयंकर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आ गई हैं। रानी ने फिल्म के आगे की कहानी को लेकर कहा कि मर्दानी एक बेहद पसंदीदा फ्रैंचाइजी है और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी वादा किया कि वे इस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। रानी ने कहा कि 'मर्दानी-3' डार्क, जानलेवा और क्रूर है। इसलिए मैं हमारी फिल्म के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि वे इस फिल्म को भी उतना ही प्यार देंगे, जितना उन्होंने हमेशा दिया है।

### इंडिया पोस्ट के नाम पर फर्जी एसएमएस और लिंक भेज साइबर अपराधी कर रहे ठगी, डीजीपी साइबर क्राइम ने जारी की एडवाइजरी

# 'भारतीय डाक की अधिकृत वेबसाइट का करें प्रयोग, अंजान लिंक से बचें'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इंडिया पोस्ट (भारतीय डाक) के नाम से फर्जी एसएमएस और लिंक भेज कर साइबर अपराधी ठगी कर रहे हैं। इस बारे में पुलिस मुख्यालय से डीजीपी साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने एडवाइजरी जारी की है, जिससे आप इन साइबर अपराधों से बच सकते हैं। डीजी प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधी इंडिया पोस्ट के नाम से एक एसएमएस भेजते हैं। इस एसएमएस में वे कहते हैं कि आपका पार्सल डिलीवर नहीं हो पाया है, क्योंकि आपका पता गलत है। वे आपको फर्जी मोबाइल नंबर एवं ईमेल द्वारा एक लिंक देंगे और कहेंगे कि अपने पते को अपडेट करने के लिए इस पर क्लिक करें। जैसे ही आप लिंक पर क्लिक करते हैं तो आप एक फर्जी वेबसाइट पर पहुंच जाएंगे, जो इंडिया पोस्ट की वेबसाइट की तरह दिखती है। इस वेबसाइट पर वे आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि आपका नाम, पता, फोन नंबर और बैंक विवरण मांगेंगे। यह आपसे साइबर भुगतान के लिए कहेंगे या फिर आपकी दी गई व्यक्तिगत जानकारी से बैंक खाते में सेंध लगा धोखाधड़ी कर सकते हैं।



#### इंडिया पोस्ट ने दी सलाह

इंडिया पोस्ट ने आमजन को सलाह दी है कि जब उन्हें संदेश मिलें तो वे सतर्क रहें, क्योंकि वे ग्राहकों से कभी व्यक्तिगत विवरण प्रदान करने के लिए लिंक का उपयोग करने के लिए आग्रह नहीं करते हैं। राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा ने आमजन को सतर्क रहने का सुझाव देते हुए फर्जी एसएमएस व ई-मेल से सावधान रहने का आग्रह किया है। फर्जी लिंक की सूचना साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930, साइबर वेबसाइट https://cybercrime.gov.in एवं निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन को देनी चाहिए।

#### अधिकृत नंबर पर लें जानकारी

**प्रियदर्शी** ने बताया कि भारतीय पोस्ट द्वारा डाक या पार्सल की सूचना के लिए आप भारतीय डाक सेवा के अधिकृत नंबर 18002666868 पर संपर्क कर सकते हैं। यदि आपके पास माल व डिलीवरी संख्या है तो आप भारतीय डाक की अधिकृत वेबसाइट या किसी थर्ड पार्टी ट्रैकिंग सेवा का उपयोग करें। इनमें https:// www. india-post. gov.in/ MBE/ Pages/Content/Speed-Post.aspx या https:// www. indiapost. gov.in/ layouts/15/dop.portal.tracking/trackconsignment.aspx अथवा https:// www. indiapost. gov. in/ vashindi/ layouts/ 15/dop. portal.tracking/trackconsignm ent.aspx लिंक पर अपनी माल डिलीवरी संख्या दर्ज करें और अपने माल की स्थिति और स्थान देखने के लिए सबमिट बटन पर क्लिक करें।

### राज्यस्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2025 समारोह का उद्घाटन

# विज्ञान के मामले में भारत कर रहा विश्व का नेतृत्वः दिलावर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री दिलावर ने कहा कि भारत ज्ञान और विज्ञान के मामले में सदियों से विश्व का नेतृत्व करता रहा है। भगवान श्रीराम का लंका से पुष्पक विमान के माध्यम से अयोध्या लौटना भी हमारे समृद्ध विज्ञान का परिचायक है। इसी प्रकार महाभारत काल में संजय द्वारा कुरुक्षेत्र में हो रहे युद्ध का आंखों देखा हाल सुनाना विज्ञान का ही चमत्कार तो था।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जयपुर के अपेक्स यूनिवर्सिटी परिसर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और विज्ञान भारती के तत्वाधान में विज्ञान दिवस पर आयोजित विज्ञान महोत्सव में कहा कि दुनिया में आज विज्ञान के क्षेत्र में बहुत शोध हुए हैं, लेकिन अभी भी बहुत सारा काम होना बाकी है। उन्होंने भारत के विज्ञान की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मामले में समृद्ध रहा है। पूरी दुनिया को शून्य भारत की ही देन है, जो कि एक अति महत्वपूर्ण खोज है। आज के युग की बात करें तो यह हमारे वैज्ञानिक काबिलियत का ही परिचायक है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सबसे पहले सैटेलाइट उतारने वाला देश हमारा भारत देश है।



#### विज्ञान और समाज के बीच बनें मजबूत संबंध : शर्मा

**कार्यक्रम** की विशेष अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने विज्ञान और समाज के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विज्ञान को आमजन तक पहुंचाने और इसे सरल व प्रभावी बनाने की दिशा में इस प्रकार के आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। वहीं विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को हमारे पारंपरिक ज्ञान का उपयोग कर वैश्विक समस्याओं के प्रभावी निदान करने में उपयोगी बताया। उन्होंने वेद व अन्य प्राचीन ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया।

#### विज्ञान और अनुसंधान के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा

**इस** अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर आशुतोष शर्मा ने विज्ञान और अनुसंधान के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा करते हुए युवाओं को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान भारती राजस्थान सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा ने इस विज्ञान महोत्सव के उद्देश्यों और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनियों, व्याख्यानों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

#### अंग्रेज पूछते, जलेबी में रस कैसे भरते हैं

**शिक्षा** मंत्री ने अंग्रेजों पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि अंग्रेज भारत की जलेबी को देखकर आश्चर्यचकित थे। वे पूछते थे कि इसमें रस कैसे भरते हैं। हमें विज्ञान के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करने हैं। आने वाली पीढ़ी इस दिशा में प्रेरित हो और नए-नए शोध कर देश और दुनिया को विज्ञान के नए चमत्कारों से अवगत करवाए।

#### वैज्ञानिक रमन की खोज की स्मृति में आयोजन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम एम्पॉवरिंग यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत के अनुरूप कार्यक्रम में विज्ञान के क्षेत्र में भारत की वैश्विक पहचान को सशक्त बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया। समारोह में शासन सचिव एवं आयुक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग वी. सरवण कुमार सहित विभिन्न शिक्षाविद, वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागियों और विज्ञान प्रेमियों का आभार जताया।






### अजमेर रोड व सीकर रोड पर प्रस्तावित हैं दो नए अंडरपास

# एक से डेढ़ माह तक अटक सकता है बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम

■ एक माह पहले भेजा था सरकार को प्रस्ताव, मंजूरी बाकी ■ हाल ही जारी बजट में हुई है घोषणा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में बनाए गए बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) कॉरिडोर को हटाने का काम फिलहाल एक से डेढ़ माह तक अटक सकता है। इसके पीछे कारण एक माह पहले जेडीए द्वारा सरकार को भेजे गए प्रस्ताव पर अभी मंजूरी नहीं मिलना सामने आया है। हालांकि इस बजट सत्र में सरकार ने इसे हटाने की बात कही है। सरकार से यदि मंजूरी मिल जाती है तो ये काम डेढ़ से दो माह लंबा खिंच सकता है। इससे पहले जेडीए प्रशासन की ओर से फरवरी के अंत तक इसे हटाने की बात कही गई थी। इधर, बीआरटीएस हटाए जाने की कवायद के बीच सीकर रोड व अजमेर रोड पर यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई है। सीकर रोड पर बरसाती पानी के बहाव के लिए निर्माणाधीन ड्रेनेज का काम अभी चल रहा है, ऐसे में एक लेन में ज्यादातर जाम की स्थिति से सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि जेडीए ने राज्य सरकार को कॉरिडोर हटाने का प्रस्ताव एक माह पहले भेजा है। ऐसे में सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद अब इस काम में करीब 2 माह और लग सकते हैं। सरकार की मंजूरी के बाद शुरुआती फेज में सीकर रोड और अजमेर रोड स्थित कॉरिडोर को हटाया जाएगा।

#### दो नए अंडरपास हैं प्रस्तावित

**जयपुर** में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से जेडीए की ओर से सीकर रोड व अजमेर रोड पर 2 नए अंडरपास बनाए जाने प्रस्तावित हैं। सीकर रोड का बीआरटीएस कॉरिडोर 1.2 किमी की लंबाई में खत्म हो जाएगा। इससे पहले झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के निर्माण और पानीपेच से राव शेखा सर्किल तक पहले ही बीआरटीएस कॉरिडोर खत्म हो चुका है।

#### यातायात सुधार के लिए बनाए गए थे कॉरिडोर

**गौरतलब** है कि साल 2007 में परिवहन प्रणाली की आवश्यकता के बाद जयपुर में बीआरटीएस कॉरिडोर की कल्पना की गई थी। पहले 2 चरणों में 46 किलोमीटर लंबी बस आधारित यातायात प्रणाली का प्रस्ताव लिया गया था। इसके लिए 50 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार, 20 प्रतिशत राज्य सरकार और 30 प्रतिशत राशि जेडीए द्वारा खर्च की गई थी। इसके बनाने के पीछे मकसद था कि लोग निजी वाहनों के बजाय बीआरटीएस कॉरिडोर में चलने वाली बसों में सफर करें। इससे सड़कों पर यातायात का दबाव कम होने से जाम भी नहीं लगेगा और समय भी बचेगा। इससे सड़क दुर्घटना में भी कमी आएगी, लेकिन यह प्रोजेक्ट धरातल पर तो उतरा, मगर सही तरीके से संचालन नहीं करने से अब यह परेशानी का सबब बनता जा रहा है। इसके बाद इसे हटाने का निर्णय लिया गया।



# निष्क्रिय सहकारी समितियों को करें सक्रिय : डॉ. सोनी

जयपुर जिला कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जिला स्तर पर सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देने एवं आमजन में इसकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला सहकारी विकास समिति की बैठक जिला कलेक्टर व प्रशासक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय सहकारी बैंक के सभागार में हुई।

जिला कलेक्टर ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025, जिला जयपुर के कैलेंडर, अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के लोगो और पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही जिले की निष्क्रिय सहकारी समितियों को सक्रिय करने के निर्देश देते हुए अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष कैलेंडर में अंकित कार्यक्रम समयबद्ध रूप से आयोजित करने को कहा। समिति द्वारा इफको, कृभको, शिक्षा विभाग एवं राजविका को समिति के सदस्य के रूप में बैठक में आमंत्रित करने का प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान जिला परिषद की सीईओ प्रतिभा वर्मा, उपरजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर शहर हरप्रीत कौर, उपरजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण उदयदीप सिंह राठौड़ सहित अन्य हितधारक मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर कार्यक्रम में केंद्र से 60 प्रतिशत अनुदान देने का आग्रह

ऊर्जा विभाग के मंत्रियों के समूह की बैठक में ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने दी जानकारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने केंद्र सरकार से स्मार्ट मीटर कार्यक्रम को आरडीएसएस योजना की तर्ज पर 60 अनुपात 40 के आधार पर संचालित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इससे बिजली वितरण कंपनियों को अपने घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रदेश की पीक डिमांड को पूरा करने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज परियोजनाओं को बढ़ावा देने में भी केंद्र से समुचित सहयोग का आग्रह किया है।

नागर गुरुवार को विद्युत भवन से वीसी के माध्यम से वॉयबिलिटी ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटीज विषय पर मंत्री समूह की बैठक ले रहे थे।

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक की अध्यक्षता में मुंबई के सहयाद्री विश्रांतिगृह में हुई ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की इस दूसरी बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस सहित उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों के ऊर्जा मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। राजस्थान से ऊर्जा विभाग के एसीएस आलोक तथा डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा भी वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े। चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने सस्ती एवं सुलभ विकेन्द्रित सौर ऊर्जा पर कृषि क्षेत्र की मांग को शिफ्ट करने, बिजली खरीद की दरों में कमी, परिचालन लागत को कम कर एटी एंड सी हानियों को कम करने की दिशा में किए जा रहे सुधार एवं नवाचारों पर आधारित प्रस्तुतीकरण दिया।



#### 'एनर्जी ट्रांजिशन को गति देने के लिए हो रहे नवाचार'

**ऊर्जा** मंत्री नागर ने कहा कि हमारी सरकार थर्मल आधारित महंगी बिजली के वैकल्पिक, सस्ते एवं सुलभ स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है। पीएम-कुसुम योजना के तहत राज्य में 12 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिसके अंतर्गत 4 हजार 355 मेगावाट क्षमता के पावर परचेज एग्रीमेंट किए जा चुके हैं। एनर्जी ट्रांजिशन को गति देने के लिए हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल जैसे नवाचार पर भी काम चल रहा है। पीएम सूर्यघर योजना में 136 मेगावाट के रूफ टॉप संयंत्र लगाए जा चुके हैं। इन प्रयासों से प्रदेश में विकेन्द्रित सौर ऊर्जा उत्पादन में बीते एक वर्ष में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।



# राज्यस्तरीय आरोग्य मेले की तैयारियां अंतिम चरण में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेकेके शिल्पग्राम के में 1 से 4 मार्च को आयोजित होने वाले चार दिवसीय राज्यस्तरीय आरोग्य मेला-2025 की तैयारियों का विभाग के निदेशक डॉ. आनंद शर्मा ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले के नोडल प्रभारी डॉ. बत्ती लाल बैरवा ने मेला स्थल पर क्लीनिक एवं फार्मेसी व अन्य स्टॉलो का आवंटन करते हुए इनकी साज सज्जा को अंतिम रूप प्रदान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर आयोजन से जुड़ी सभी समितियों के प्रभारी व सदस्य मौजूद रहे।

#### आरएचबी के आवासों पर बकाया लीज 30 सितंबर तक जमा कराने पर शत-प्रतिशत ब्याज माफ

**जयपुर (मसं)।** नगरीय विकास विभाग ने सोमवार को नगरीय निकायों, नगरीय विकास न्यासों, आवासन मंडल (आरएचबी) तथा विकास प्राधिकरणों की 31 मार्च 2024 तक की बकाया लीज राशि 30 सितंबर 2025 तक एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की थी। इसकी अनुपालना में आवासन मंडल ने भी इसके निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार पूर्व में निस्तारित प्रकरण पुनः नहीं खोले जाएंगे एवं जमा राशि लौटाई नहीं जाएगी।

### प्रेसवार्ता | केंद्रीय आवासन मंत्री साहू ने दी जानकारी, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सरकारी अधिकारियों को 3आर-रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल करना है उद्देश्य

# जयपुर में होगा 12वें क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 12वें क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आयोजन जयपुर में होगा। अगले माह 3 से 5 मार्च तक फोरम का आयोजन राजस्थान इंटरनेशलन सेंटर में होगा। आयोजन की जानकारी देते हुए गुरुवार को केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने प्रेसवार्ता में बताया कि क्षेत्रीय 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सरकारी अधिकारियों को 3आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल करना) और सर्कुलैरिटी को मुख्यधारा में लाने के लिए रणनीतिक नीतिगत इनपुट प्रदान करना है। साथ ही यह फोरम 3आर में सर्वोत्तम प्रयासों को प्रसारित करने और सभी के साथ साझा करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा। पिछला फोरम 2023 में कंबोडिया द्वारा आयोजित किया गया था। भारत ने इससे पहले 2018 में फोरम की मेजबानी की थी, जब इसका 8वां संस्करण इंदौर में आयोजित किया गया था। गुरुवार को इस संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहे।



#### नगरीय विकास व आवासन विभाग कर रहा सहयोग : खर्रा

**प्रदेश** के नगरीय विकास विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि उनका विभाग फोरम की तैयारियों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। विभाग तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में भी भाग लेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जयपुर की 11 केस स्टडीज भी 3आर और सर्कुलर इकोनॉमी पर 100 सर्वश्रेष्ठ अभ्यास पुस्तिका के संग्रह का हिस्सा है। इस पुस्तिका का विमोचन फोरम के दौरान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 12वें क्षेत्रीय फोरम का नेतृत्व आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन-शहरी द्वारा जापान के पर्यावरण मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान सरकार सहयोगी भूमिका निभा रही है। राजधानी में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है।

#### 15 प्रमुख मंत्रालयों व राष्ट्रीय मिशनों की लगेंगी प्रदर्शनियां

जयपुर में होने वाले इस तीन दिवसीय फोरम में 15 प्रमुख मंत्रालयों व राष्ट्रीय मिशनों की प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जो सतत विकास के लिए भारत के समग्र सरकारी दृष्टिकोण को दर्शाने वाली होंगी। फोरम में मंत्रियों, शहरों के महापौर व नीति निर्धारकों का संवाद होगा। इसके अलावा कार्यक्रम को सक्रिय करने के लिए 18 शहरों के समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिसमें एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं शामिल हैं। यह आयोजन केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य परियोजनाओं को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर एक सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना है। फोरम के तहत 18 शहरों में से 2 शहरों- जयपुर और उदयपुर को यूएनसीआडी 2.0 के तहत चुना गया है।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25